हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची • सोमवार • 01.12.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 126 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रनों से हराया

## रांची में चला RO-KO का जादू, रोहित के नाम वनडे में सर्वाधिक छक्के, कोहली ने सचिन को पीछे छोड़ा



रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट फैंस का उत्साह उस समय चरम पर पहुंच गया जब विराट कोहली ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक और शानदार शतक लगाकर क्रिकेट इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में लिख दिया। अपनी 52वीं वनडे सेंचुरी के साथ कोहली ने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए एक ही फॉर्मेट में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। यह उपलब्धि न सिर्फ उनके करियर का एक और सुनहरा अध्याय है बल्कि यह साबित करती है कि कोहली आज भी दुनिया के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं। पहले वनडे में विराट कोहली का बल्ला एक बार फिर उसी रफ्तार से चला, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। उन्होंने 120 गेंदों में 11 चौके और 7 छक्कों की मदद से विस्फोटक 135 रन बनाए। इस शतक के साथ विराट कोहली ने सचिन तेंदुलकर के 51 वनडे शतकों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस उपलब्धि के साथ यह उनकी 83वीं इंटरनेशनल संेचुरी भी है। उन्होंने सचिन को एक और मामले में पीछे छोड़ा–भारत में सबसे ज्यादा फिफ्टी–प्लस स्कोर (59), जो पहले सचिन के नाम (58) थे। रांची के जेएससीए स्टेडियम में कोहली का प्रदर्शन हमेशा शानदार रहा है। यहां खेली गई छह पारियों में उन्होंने 173 के अविश्वसनीय औसत से 519 रन बनाए हैं, जिसमें तीन शतक और एक अर्धशतक शामिल है। ऐसे आंकड़े बताते हैं कि यह मैदान उनके पसंदीदा स्थानों में से एक है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ यह कोहली का छठा वनडे शतक भी है।



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारतीय क्रिकेट टीम ने पहला वनछे मुकाबला 17 रनों से जीत लिया। 350 रनों का पीछा करते हुए साउथ अफ्रीका की पूरी टीम 332 रन पर आउट हो गई। इस मुकाबले में केएल राहुल भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं। मुकाबले में टॉस साउथ अफ्रीका ने जीता है और पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कोहली के शतक और रोहित-केएल राहुल की फिफ्टी दम पर साउथ अफ्रीका के सामने 350 रनों का लक्ष्य रखा था। भारतीय टीम को साउथ अफ्रीका के खिलाफ अपने घर में टेस्ट सीरीज में 0-2 से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी थी। अब टीम इंडिया इस वनडे सीरीज में दमदार प्रदर्शन करने के इरादे से मैदान पर उतरी है।

350 रनों के जवाब में उतरी साउथ अफ्रीका की शुरूआत बेहद खराब रही। पारी के दूसरे और अपने खाते के पहले ही ओवर में हर्षित राणा ने साउथ अफ्रीका को दो बड़े झटके दिए। पहले रयान रिकल्टन आउट हुए इसके बाद इसी ओवर में क्विंटन डिकॉक भी आउट हो गए। तब साउथ अफ्रीका स्कोर 7 रन था। इसके बाद 5वें ओवर में मार्करम भी अर्शदीप का शिकार बने। इसके बाद जोर्जी और मैथ्यू में शानदार साझेदारी हुई। लेकिन 15वें ओवर में कुलदीप यादव ने जोर्जी का विकेट झटका। इसके बाद ब्रेविस ने अच्छी पारी खेली। लेकिन 22वें ओवर में हर्षित राणा ने उन्हें पवेलियन भेजा। ब्रेविस के बल्ले से 37 रन आए। लेकिन इसके बाद जानसेन और ब्रिट्जके के बीच शानदार 97 साझेदारी हुई। जानसेन ने केवल 26 गेंदों में फिफ्टी लगाई। लेकिन 33वें ओवर में कुलदीप ने ये साझेदारी तोड़ी और जानसेन को चलता किया। जानसेन ने 39 गेंद में 70 रनों की तूफानी पारी खेली। अपनी पारी में जानसेन ने 8 चौके और 3 छक्के लगाए। इसी ओवर में कुलदीप ने ब्रिट्जके को भी आउट किया। ब्रिट्जके ने 72 रन बनाए। इसके बाद 40वें ओवर में फिर कुलदीप ने विकेट झटका और सुब्रायन को चलता किया। सूब्रायन के बल्ले से केवल 17 रन आए। लेकिन इसके बाद बर्गर और बोस में कमाल की साझेदारी हुई। लेकिन 47वें ओवर में अर्शदीप ने बर्गर को आउट किया और मैच भारत की ओर मोड़ दिया।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरूआत कुछ खास नहीं रही। चौथे ही ओवर में यशस्वी जायसवाल अपना विकेट गंवा बैठे। यशस्वी के बल्ले से 18 रन आए। चौथे ही ओवर में रोहित शर्मा का एक भी छूटा। लेकिन इसके बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी की। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी भी हुई। 10 ओवर के बाद भारत का स्कोर 80 के पार था। 14वें ओवर में भारत का स्कोर 100 के पार पहुंच गया। विराट कोहली ने 39 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की वो भी छक्के के साथ। वहीं, रोहित ने 43 गेंद में अपनी फिफ्टी पूरी की। दोनों के बीच शतकीय साझेदारी हुई। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने शाहिद आफरीदी का रिकॉर्ड तोड़ते हुए वनडे में सबसे ज्यादा छक्के जड़ दिए।

रोहित-विराट के बीच 136 रनों की साझेदारी हुई। भारत को दूसरा झटका 22वें ओवर में लगा जब रोहित 51 गेंद में 57 रन बनाकर आउट हुए। रोहित ने अपनी पारी में 5 चौके और 3 छक्के लगाए। 27वें ओवर में भारत को तीसरा झटका लगा जब ऋतुराज 8 रन बनाकर आउट हुए।

31 वें ओवर में भारत को चौथा झटका लगा जब वाशिंगटन सुंदर 13 रन बनाकर आउट हुए। 38वें ओवर में कोहली ने अपना शतक लगाया। कोहली ने 102 गेंदों में अपनी सेंचुरी पूरी की।

कोहली ने 11 चौके और सात छक्के की मदद से 120 गेंदों पर 135 रन बनाए। कोहली का विकेट नांद्रे बर्गर ने लिया। इसके बाद केएल राहुल ने 60 रनों की पारी खेली। जिसके दम पर भारत ने 350 रनों का लक्ष्य रखा।

---

## एक नजर

### अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो और बाइक को मारी टक्कर, पांच की मौत

**मोतिहारी :** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के कोटवा थाना क्षेत्र में रविवार को एक ट्रक ने ऑटो और बाइक में टक्कर मार दी, जिससे पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 27 के कोटवा दीपाऊ मोड़ के पास हुआ है। बताया जाता है कि ट्रक का चालक अपने वाहन को कट के पास मोड़ने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान ट्रक ने ऑटो और बाइक को टक्कर मार दी, जिससे घटनास्थल पर ही पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। कोटवा के थाना प्रभारी प्रत्यूष कुमार विक्की ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई।

### चक्रवात दितवाह से पुडुचेरी में भारी बारिश तीन लोगों की मौत

**पुडुचेरी :** चक्रवात दितवाह पुडुचेरी पहुंच चुका है। जिससे समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही हैं और तेज हवाएं चल रही हैं। तमिलनाडु में भारी बारिश का दौर जारी है। चक्रवात दितवाह के असर से चेन्नई के मरीना बीच पर समुद्र में हलचल और तेज हवाएं चल रही हैं। लेटेस्ट अपडेट के मुताबिक, डिटवाह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में है और पिछले 6 घंटों में 12 किमी प्रति घंटा की स्पीड से लगभग उत्तर की ओर बढ़ा है। चक्रवात दितवाह के प्रभाव से तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी है जबकि वर्षा से जुड़ी घटनाओं में 3 लोगों की मौत हो गई। मौसम कार्यालय ने कहा कि अगले 24 घंटों में चक्रवात के राज्य के उत्तरी हिस्सों के तटों और पड़ोसी पुडुचेरी के समानांतर बढ़ने की संभावना है। तमिलनाडु के कावेरी डेल्टा जिलों में भारी बारिश के कारण रामनाथपुरम और नागपट्टिनम जिलों में भारी बारिश हुई है। तटीय शहरों रामेश्वरम और नागपट्टिनम में जनजीवन प्रभावित रहा क्योंकि भारी बारिश के कारण कई निचले इलाके जलमग्न हो गए।

---

## एसआईआर की डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई गई, 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसंबर तक चलेगा



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग ने रविवार को कहा कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था। वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।

शनिवार को चुनाव आयोग ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 51 करोड़ मतदाताओं के लिए बनाए गए गणना फॉर्म में से 99.53 प्रतिशत फॉर्म लोगों तक पहुंचा दिए गए हैं। इनमें से लगभग 79 प्रतिशत फॉर्म का डिजिटलीकरण भी पूरा हो चुका है।

एसआईआर प्रक्रिया को लेकर लगातार विपक्ष हमलावर हैं। कांग्रेस ने प्रक्रिया के दौरान काम के दबाव के चलते जान गंवाने वाले बीएलओ की मौत को मर्डर बताया था।

---

## धनबाद में पश्चिम बंगाल पुलिस भर्ती परीक्षा फर्जीवाड़ा रैकेट का भंडाफोड़, 17 लोगों को किया गया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर चलाए जा रहे एंटी क्राइम चेकिंग अभियान के दौरान धनबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 29 नवंबर को झरिया थाना क्षेत्र के घनुवाडीह पुल के पास चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोककर पूछताछ की गई। वाहन में सवार लोगों से पूछताछ में पता चला कि पश्चिम बंगाल में आयोजित होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़ा करने के लिए एक संगठित रैकेट सक्रिय है, जो झरिया के एक लॉज में बंगाल से लाए गए अभ्यर्थियों को रखकर प्रश्नपत्र और उत्तर याद करवाने का काम कर रहा था। रविवार के इस संबंध जानकारी देते हुए धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने झरिया स्थित बंधन लॉज में त्वरित छापामारी की, जहां से फर्जीवाड़े का पूरा नेटवर्क उजागर हुआ। मौके से भारी मात्रा में प्रवेश पत्र, नोट्स, रजिस्टर, मोबाइल फोन, कलाई घड़ियां, अभ्यर्थियों के मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और बैंकिंग से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए। सभी दस्तावेज रैकेट के सदस्य अपने कब्जे में रखकर परीक्षा को प्रभावित करने की योजना बना रहे थे।

कार्रवाई के दौरान कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें अधिकांश पश्चिम बंगाल के नदिया, राणाघाट, चाकदाहा और हसखली क्षेत्रों के निवासी हैं, जबकि एक आरोपी धनबाद का भी है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि यह गिरोह कई अभ्यर्थियों को गलत तरीके से परीक्षा में सफलता दिलाने के लिए बड़े स्तर पर संचालन कर रहा था।

उन्होंने बताया कि, यह पूरे नेटवर्क पर की गई एक बड़ी कार्रवाई है और इस फजीर्वाड़े से जुड़े सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

---

## मन की बात : प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों को काशी तमिल संगम के लिए किया आमंत्रित

एजेंसी




**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में लोगों को दो से 15 दिसंबर तक काशी में आयोजित होने वाले चौथे काशी तमिल संगमम में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि यह संगमम तमिल भाषा और संस्कृति से जुड़े लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। उन्होंने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति को तंजावुर की चोलकालीन कला पर आधारित नटराज की कांस्य प्रतिमा भेंट किए जाने का भी कार्यक्रम के दौरान उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में कहा कि विश्व की सबसे पुरानी भाषा और विश्व के सबसे प्राचीन शहरों में से एक शहर दोनों का संगम हमेशा अद्भुत होता है। इस बार के काशी-तमिल संगमम की थीम तमिल सिखो (तमिल करकलम) है। उन्होंने कहा, आप सभी से आग्रह है कि आप काशी-तमिल संगमम का हिस्सा जरूर बनें। इसके साथ ही ऐसे और भी मंचों के बारे में सोचें, जिनसे 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की भावना मजबूत हो। तमिल कलाच्चारम उयर्वानद्, तमिल मोलि उयर्वानद्, तमिल इन्दियाविन पेरूमिदम।

प्रधानमंत्री ने बौद्ध अवेशेषों को दुनिया के कई देशों में ले जाए जाने को भाव विभोर कर देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि भूटान के लोग भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेष भेजे जाने को लेकर भारतवासियों का आभार जता रहे थे। ऐसा ही उत्साह कई अन्य देशों में देखने को मिला। पवित्र अवशेषों को रूस के कलमीकिया, मंगोलिया, वियतनाम और थाइलैंड भी ले जाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के प्रति इस प्रकार का गहरा जुड़ाव देखकर मन भावों से भर उठता है। यह सुनकर बहुत अच्छा लगता है कि कैसे इस तरह की कोई पहल दुनियाभर के लोगों को आपस में जोड़ने का माध्यम बन जाती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में 'वोकल फॉर लोकल' की भावना तेजी से बढ़ रही है और इसे जनता ने अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। उन्होंने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन में विदेशी नेताओं को दिए गए उपहारों में भी भारत की विविध शिल्पकला को प्रमुखता दी गई। विभिन्न राज्यों की पारंपरिक कलाओं से बने उपहारों का उद्देश्य भारतीय कारीगरों की प्रतिभा को वैश्विक पहचान दिलाना था। उन्होंने त्योहारों और आने वाले अवसरों पर खरीदारी करते समय स्वदेशी उत्पाद चुनने का आग्रह दोहराया।

उन्होंने नवंबर माह को बेहद प्रेरणादायक बताते हुए संविधान दिवस, 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने, राम मंदिर में धर्म ध्वजा लगने, कुरुक्षेत्र में पांचजन्य स्मारक, हैदराबाद में दुनिया की सबसे बड़ी लीप इंजन एमआरओ सुविधा के उद्घाटन, आईएनएस माहे के नौसेना में शामिल होने और स्काई रूट के 'इन्फिनिटी कैंपस' द्वारा अंतरिक्ष अर्थतंत्र को मिली नई गति जैसी उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि भारत ने 35.7 करोड़ टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ नया रिकॉर्ड बनाया है, जो एक दशक पहले की तुलना में 10 करोड़ टन अधिक है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए महीना बेहद शानदार रहा। इसकी शुरूआत महिला क्रिकेट टीम के आईसीसी महिला विश्व कप जीतने से हुई, जिसके बाद टोक्यो में हुए डेफ ओलंपिक्स में भारत ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 20 पदक जीते। महिला खिलाड़ियों ने कबड्डी वर्ल्ड कप जीतकर नया इतिहास रचा, जबकि विश्व बॉक्सिंग कप फाइनल्स में भी भारतीय खिलाड़ियों ने 20 पदक हासिल किए। उन्होंने विशेष रूप से महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की विश्व कप जीत की सराहना की, जिसने बिना एक भी मैच गंवाए खिताब जीता। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह टीम हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। उन्होंने देश में तेजी से बढ़ रही एंड्योरेंस स्पोर्ट्स संस्कृति का भी उल्लेख किया, जिसमें मैराथन, बाइकाथन और आयरनमैन ट्रायथलॉन जैसी प्रतियोगिताओं में युवा बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे आयोजन लोगों में फिटनेस और आत्मविश्वास को मजबूत बना रहे हैं।

---

## सर्वदलीय बैठक में सरकार ने विपक्ष से की सहयोग की अपील



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक को सौहार्दपूर्ण बताया है। सरकार ने उम्मीद जतायी है कि संसद सत्र के सुचारू संचालन में सभी दलों का सहयोग मिलेगा। बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। संसदीय सौध में आयोजित इस बैठक में राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू एवं उनके सहयोगी अर्जुन राम मेघवाल, कांग्रेस के लोकसभा में उप नेता गौरव गोगोई सहित विभिन्न दलों के फ्लोर लीडर ने भाग लिया। बैठक में 36 राजनीतिक दलों के 50 नेताओं ने शिरकत की। विपक्षी नेताओं ने मतदाता सूची के एसआईआर अभियान का मुद्दा उठाया गया। इसके अलावा सुरक्षा, लोकतंत्र और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी अपना पक्ष रखा। संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सर्वदलीय बैठक अत्यंत उयोगी और सौहार्दपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपनी ओर से कई मुद्दे उठाए और सुझाव रखे। इन पर चर्चा के बाद आज शाम होने वाली कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इन्हें रखा जाएगा। वे सरकार की ओर से आश्वासन देते हैं कि हम विपक्ष के साथ सभी मुद्दों पर बातचीत करेंगे और उनसे अपेक्षा करते हैं कि संसद को सुचारू ढंग से संचालित करने में वे सहयोग करेंगे।

एसआईआर के मुद्दे पर रिजिजू ने कहा कि वे इस समय इस मुद्दे पर कुछ नहीं कहेंगे। शाम को कार्य मंत्रणा समिति की बैठक होगी जिसमें कुछ मुद्दों पर सहमति बन सकती और कुछ मुद्दे चेयर के समक्ष उनकी अनुमति के लिए भेजे जाएंगे।

## एक नजर

### बनहरदी कोल परियोजना की भूमि पर लगा पीवीयूएनएल का बोर्ड

**रामगढ़ :** पीवीयूएनएल को मिलने वाले कोयले का खनन बनहरदी कोयला परियोजना से होगा। इस परियोजना की 5.35 एकड़ भूमि पर पीवीयूएनएल का बोर्ड लगाया गया है। बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा 5.35 एकड़ अधिग्रहित भूमि का प्रथम भौतिक कब्जा पीवीयुएनएल का बोर्ड स्थापित कर सफलतापूर्वक पूरा किया गया। लातेहार जिले में पड़ने वाली बनहरदी कोल ब्लॉक के अंतर्गत खदान क्षेत्र में स्थित ग्राम एटे की 5.35 एकड़ भूमि का प्रथम भौतिक कब्जा किया गया। उक्त अधिग्रहित भूमि पर बनहरदी कोयला खनन परियोजना–पीवीयुएनएल का बोर्ड स्थापित कर इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को औपचारिक रूप से सम्पन्न किया गया। यह प्रक्रिया बनहरदी जीएम एन. के मल्लिक और पीवीयूएनएल के सीईओ अशोक कुमार सेहगल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक एम. चन्द्रशेगर, आर.बी. सिंह, उप महाप्रबंधक अमरेश चंद्र राउल, बनहरदी परियोजना के अन्य अधिकारी तथा भूमि स्वामी लाल रंजन नाथ शाहदेव, ग्रामवासियों तथा पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### पारा शिक्षक सहित तीन सुपारी किलर गिरफ्तार

**पलामू :** पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के सिलदाग में पारा शिक्षक सत्यदेव विश्वकर्मा स्कूल की रसोइया से शारीरिक संबंध बनाना चाहता था। महिला ने इससे इनकार कर दिया और लगातार प्रेशर देने पर इसकी जानकारी पति को दी। पति से विवाद के बाद पारा शिक्षक ने उसकी हत्या की योजना बनाई। तीन अपराधियों को 40 हजार की सुपारी दी। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना से पहले कार्रवाई करते हुए पारा शिक्षक और तीन सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा गोली और दो चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में राजवंश परहिया, राजू साव, मंटू कुमार परहिया और पारा शिक्षक सत्यदेव विश्वकर्मा शामिल हैं। पारा शिक्षक सिलदाग का रहने वाला है, जबकि सुपारी किलर कुंडौली के टोला खोंगा के रहने वाले हैं। पहले गोली मारने की योजना थी। गोली नहीं लगने पर चाकू से हत्या करने की योजना थी। राजवंश परहिया गोली मारने की तैयारी में था। वही राजू और मंटू चाकू से हत्या करने की तैयारी में थे। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में पत्रकारों को बताया कि 29 नवंबर को गुप्त सूचना मिलने पर छतरपुर थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद के नेतृत्व में कार्रवाई की गई और हत्या की घटना से पहले पारा शिक्षक और तीन सुपारी किलर को गिरफ्तार कर लिया गया।

### जमशेदपुर में हल्दी समारोह में घुसी महिला गैंग, नकदी से भरा बैग उड़ाया

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना क्षेत्र स्थित सूरत गुजराती समाज भवन में शनिवार रात हल्दी की खुशियां उस वक्त अफरा–तफरी में बदल गई, जब समारोह में शामिल महिलाएं अचानक अपने–अपने बैग तलाशने लगीं और पता चला कि रुपयों से भरा एक बैग रहस्यमय तरीके से गायब हो चुका है। हल्दी समारोह की खुशियों के बीच फैली इस अफरातफरी ने मेहमानों को चौंका दिया। कुछ ही देर में संदेह के आधार पर एक अंजान महिला को भीड़ पकड़ लिया और उसे बिष्टुपुर पुलिस को सौंप दिया गया। बागबेड़ा बड़ौदा घाट निवासी अरुण कुमार ने बताया कि यह घटना उनकी भतीजी के हल्दी समारोह के दौरान हुई, जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद थे। उसी भीड़ का फायदा उठाकर संदिग्ध महिला कार्यक्रम में घुस आई। थोड़ी देर बाद जब महिला मेहमानों ने अपना बैग ढूंढा, तो एक बैग गायब मिला। दूसरी ओर पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी महिला टूट गई और उसने चोरी की बात का कबूल कर ली।

# सनातन संस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ संस्कार युक्त शिक्षा उपलब्ध करा रहा है एकल अभियान : अमित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति की ओर से बरही के यादव धर्मशाला में एक दिवसीय संच समिति सदस्यों के लिए प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, संभाग सचिव दयानंद तिवारी, संभाग अभियान प्रमुख जीतलाल हांसदा, अंचल अध्यक्ष भरत यादव, अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति, अंचल उपाध्यक्ष डॉ सुनील दत्त, श्रीहरि कथा अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, सचिव कृष्णा गुप्ता, अंचल ग्रामोत्थन प्रभारी प्रो हीरामन साहू, मुकुंद साहू, समाजसेवी अशोक यादव, युगल यादव एवं बिनोद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल अध्यक्ष भरत यादव एवं संचालन अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। बतौर प्रशिक्षक संभाग सचिव दयानंद तिवारी एवं संभाग अभियान प्रमुख जीतलाल हांसदा ने संच समिति की गठन, समिति का उद्देश्य, संच समिति का अधिकार, दायित्व से अवगत कराया। साथ ही पंचमुखी शिक्षा में संच समिति की योगदान की भी जानकारी दी। प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि एकल अभियान संस्कार युक्त शिक्षा बच्चों को उपलब्ध करा रहा है। साथ ही बच्चों में देश भक्ति भी कूट कूट कर भर रहा है। पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, आरोग्य, ग्राम स्वराज्य, सत्संग आदि कार्य कर सनातन संस्कृति को मजबूत करना कबीले तारीफ है। मौके पर संच ब्यास की टीम द्वारा एक से बढ़कर एक भजन कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। अंचल अध्यक्ष भरत यादव ने सभी संच समिति के पदाधिकारियों को संच समिति के विस्तार कर संच स्तर पर प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एकल विद्यालय एवं पंचमुखी शिक्षा योजना को धरातल पर उतारने में संच समिति का अहम योगदान है। उन्हें विद्यालय प्रवास करनी चाहिए। अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने कहा कि एकल अभियान पूरे हजारीबाग जिले के 16 प्रखंडों में कुल 470 विद्यालय संचालित है। जहां संस्कार युक्त शिक्षा दिया जा रहा है। यह सभी विद्यालय सामाजिक सहयोग से संचालित हो रहे है। प्रो हीरामन साहू ने एकल अभियान के मूल उद्देश्यों से अवगत कराया। मौके पर आरोग्य सचिव शिवकुमार पांडेय, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी सुनील कुमार राणा, बिनोद कुमार, नरेश पासवान, देवेंद्र कुमार, अशोक यादव, सहदेव यादव, बिनोद यादव, बिनोद पासवान, शेखर गुप्ता, बच्चू राणा, मिथुन मेहता, जगरनाथ प्रजापति, रणविजय कुमार, सुरेश महतो, रंजीत शर्मा, संदीप कुमार, नागेश्वर यादव, किशोरी महतो, अवधेश प्रजापति, अशोक कुशवाहा, राजेश यादव, उमेश यादव, बिनोद प्रसाद, प्रकाश साव, कृष्णा पांडेय, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चौपारण में नया साइबर फ्रॉड तरीका उजागर
# फर्जी APK लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल हैक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड में साइबर ठगी का एक नया तरीका सामने आया है, जिसमें फर्जी मोबाइल एपीके फाइल के माध्यम से लोगों के मोबाइल हैक किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया एवं व्हाट्सऐप ग्रुपों में भेजे जा रहे एपीके लिंक को क्लिक करते ही पूरा मोबाइल सिस्टम हैक हो जाता है और बैंकिंग एप्स तक का नियंत्रण साइबर अपराधियों के हाथ में चला जाता है। इसी क्रम में पाण्डेयबारा पंचायत के ग्राम कमलवार निवासी सद्दाम अंसारी इसका शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि मेरा बेटा जिस स्कूल में पढ़ता है, उसके स्कूल ग्रुप में एक पीडीएफ के साथ एपीके फाइल लिंक आया। मैंने इसे जरूरत समझकर क्लिक कर दिया। इसके बाद मेरा मोबाइल अजीब तरह से काम करने लगा। स्क्रीन अपने-




आप चलने लगी और ओटीपी आने लगे। मुझे समझ आया कि मोबाइल हैक हो गया है। सद्दाम अंसारी ने बताया कि वे एचडीएफसी बैंक का मोबाइल ऐप इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हैकिंग के बाद ऐप खुल नहीं रहा था और ऐसा महसूस हो रहा था जैसे कोई दूसरा व्यक्ति ऐप पर नियंत्रण कर रहा हो। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों ने किया सतर्क रहने का आग्रह लगातार बढ़ रहे ऐसे मामलों को देखते हुए विशेषज्ञ और पुलिस आम जनता को सलाह दे रहे हैं कि किसी भी अंजन लिंक पर क्लिक न करे खास करके एपीके लिंक पर।

# रायडीह मोड़ पर ट्रक-टेम्पू टक्कर, तीन गंभीर रूप से घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**डोमचांच :** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित रायडीह मोड़ मे ट्रक और यात्री से भरा टेम्पू की टक्कर से टेम्पू चालक समेत तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गया। घायलों की पहचान (1) गौरा कुमारी उम्र 26 वर्ष पति रवि रंजन ग्राम सतडीहा (सरमाटांड़), थाना जयनगर, (2) करण कुमार उम्र 14 वर्ष पिता नंदकिशोर दास ग्राम शिवसागर, थाना डोमचांच, (3) टेम्पू चालक रितलाल साव उम्र 50 वर्ष ग्राम + थाना कोडरमा निवासी के रुप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार जे एच 12 डी 3785 टेम्पू तिलैया से 6 लोगों को सवार कर नवलशाही की ओर जा रही थी इसी दौरान रायडीह मोड़ मे नवलशाही की ओर से आ रही एक गिट्टी लोड ट्रक जे एच 09९ 7921 के डीजल टंकी मे टक्कर मार दिया जहाँ ट्रक का डीजल टंकी टूट कर सड़क पर हीं गिर गया और टेम्पू मे सवार तीन लोग घायल हो गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से तीनो घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा एंबुलेंस पर सवार कर भेजा गया। मौके पर डोमचांच पुलिस पहुंच कर जाँच मे जुट गई है।

# साई सेंटर पदमा में 'संडे ऑन साइकिल विद जर्नलिज्म' का हुआ सफल आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पदमा :** खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित साईं सेंटर, जिला हजारीबाग के पदमा प्रखंड में रविवार को 'संडे ऑन साइकिल विद जर्नलिज्म' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस पहल में पत्रकारों के साथ-साथ साई सेंटर के प्रभारी, कोच, संस्थान के लगभग 80 प्रशिक्षु खिलाड़ी, और अन्य कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने सुबह साईं सेंटर से अपनी साइकिल यात्रा शुरू की। यह दल पदमा साईं सेंटर से ग्राम पदमा, पदमा चौक होते हुए लाटि ग्राम तक गया और अंत में पुनः साई सेंटर पदमा पर वापस पहुंचा। इस दौरान सभी ने लगभग 10 किलोमीटर की दूरी तय की। संस्थान के प्रभारी उधम सिंह ने इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन भारत सरकार के 'फिट इंडिया' कार्यक्रम के तहत किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभी के समय में स्वस्थ रहने के लिए प्रतिदिन आधा से एक घंटा साइकिलिंग या व्यायाम करना न केवल लाभदायक है, बल्कि बहुत जरूरी भी है। प्रमुख उपस्थिति साइकिल चलाने के इस जागरूकता कार्यक्रम में साईं सेंटर के प्रभारी उधम सिंह, हॉकी के कोच विवेक चतुर्वेदी, आबिद सर, स्थानीय पत्रकार, गर्ल्स हॉस्टल वार्डन करिश्मा नायक, और संस्थान के गार्ड कर्मी शामिल रहे। इसके अलावा, हॉकी और तीरंदाजी के प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने भी बड़े उत्साह के साथ भागीदारी की, जिनमें सुमन कुमारी, अलका कुमारी, वरंग कुमार, आयशा कुमारी, सोनिया, अल्फोंस, जॉन हूरो, अमरेंद्र समेत कुल 80 खिलाड़ी शामिल थे। यह आयोजन खिलाड़ियों और पत्रकारों के बीच समन्वय बढ़ाने के साथ ही पूरे क्षेत्र में फिटनेस और स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण संदेश देने में सफल रहा।

### बरही संच का आचार्य अभ्यास वर्ग में हुई आचार्यों की कार्य समीक्षा



**बरही :** बरही संच का मासिक आचार्य अभ्यास वर्ग गायत्री मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ एवं मंत्रोच्चारण के साथ शुभारंभ किया गया । इस मासिक अभ्यास वर्ग में एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा के कार्यों को मासिक समीक्षा अंचल कार्यलयप्रमुख मनोज कुमार एवं संच व्यास उमा देवी एवं संच प्रमुख प्रशिक्षक सुनैना देवी के द्वारा किया गया। मौके पर रानी देवी, रखी देवी, रेणु देवी, सुनीता देवी, संगीता देवी, किरण देवी, लक्ष्मी कुमारी, संजना कुमारी आदि उपस्थित हुए।

# ग्रामीण महिला विकास मंच का 29वां स्थापना दिवस सह रजत जयंती समारोह संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत के जीडीएम गर्ल हाई स्कूल बड़कागांव के सभागार भवन में ग्रामीण महिला विकास मंच की 29वां स्थापना दिवस सह रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की सचिव सुषमा ठाकुर एंव संचालन लखेन्द्र ठाकुर के द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के कुलपति चंद्रभूषण शर्मा ने कहा कि भगवान शिव की पूजा पार्वती के बिना अधूरा है। महिला शक्ति की रूप है, एक साथ कई काम करती है। महिला ही जगत जननी है। जो हमेशा अपने बच्चों पर दया करती हैं। महिलाओं के प्रयास से ही समाज में कई प्रकार की विकास हो रहे हैं। मैं उपस्थित महिलाओं को विश्वास दिलाता हूं कि आपकी विकास के लिए विनोबा भावे यूनिवर्सिटी सदैव तत्पर है। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि हमें बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, बेटी अपना मायके ही नहीं बल्कि ससुराल को भी शिक्षित करती है। इसलिए लोग शिक्षा पर विशेष ध्यान दें ताकि समाज का संपूर्ण विकास हो सके। बड़कागांव थाना एस आई सावित्री कच्छप अपने कहा कि महिलाएं अपने समूह को मजबूत करें ,इसके लिए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अपराध को बढ़ने से रोकें, लोगों में जागरूकता लाएं एवं सक्षम महिला बने, महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित लोंगो में डॉ. चंद्रभूषण शर्मा, प्रो. सुरेंद्र कुशवाहा, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, सिविल सोसाइटी प्रखंड अध्यक्ष मनोज गुप्ता, बड़कागांव थाना के एस आई सावित्री कच्छप, डॉ कीर्ति नाथ महतो, अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार, बड़कागांव पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, मोहम्मद इब्राहिम, मध्य जीप सदस्य, सुनीता देवी पूर्व जिला परिषद सदस्य टूकेश्वर प्रसाद, गौतम सागर राणा, सोनू इराकी, पम्मी कुमारी, टुकेश्वर प्रसाद, शारदा ऋषि, प्रो. रामसेवक, शिवदयाल महतो, संस्था के अध्यक्ष कांता कुमारी, सचिव सुषमा ठाकुर, कोषाध्यक्ष यशोदा देवी, सदस्य पम्मी कुमारी, बबिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, रुपा देवी, ऊषा देवी, सपना कुमारी, रानी शर्मा, सीमा ठाकुर, रुबी देवी, सहित दर्जनों उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### सहयोग आशा ट्रस्ट ने 55 असहायों के बीच कंबल का किया वितरण



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत डपोक पंचायत के गरजामो में बढ़ते ठंड को देखते हुए सहयोग आशा ट्रस्ट के ओर से 55 असहायों के बीच कंबल का वितरण किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण समिति अध्यक्ष मो कयूम, ट्रस्ट के अध्यक्ष मिथलेश कुमार एवं पंसस प्रतिनिधि रमजान अली मुख्य रूप मौजूद रहे। इस दौरान मो क्युम ने कहा कि सहयोग आशा ट्रस्ट से जुड़े लोग हमेशा जरूरतमंद व असहाय लोगों की सेवा में तत्पर रहते हैं। ठंड को देखते हुए ट्रस्ट के लोगों ने गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर ट्रस्ट द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। ट्रस्ट के अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने कहा कि ट्रस्ट हमेशा लोगों की समस्याओं को दूर करने का हर संभव प्रयास करता है। मौके पर रमेश राम, वार्ड सदस्य रमजान अंसारी, किशोरी दास सहित कई लोग मौजूद थे।

### बाल संस्कार केन्द्र चलाने वाली मातृशक्ति शिक्षिकाओं की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न




**बरही :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और डॉ बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान से संचालित बाल संस्कार केन्द्र के मातृशक्ति शिक्षकाओं की कार्यशाला होटल आकाश पैलेस में संपन्न हुआ। कार्यशाला में संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत संघ संचालित पांचों संस्कार केन्द्र के सेवा बस्ती और सेवा मोहल्ला के सभी घरों में टोली के साथ गृह संपर्क का अनुभव शिक्षिकाओं ने प्रस्तुत की। क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने पिछले माह संपन्न निर्धारित पाठ्यक्रम की समीक्षा की और आगे के पाठ्यक्रम का अभ्यास कराया। सेवाभावी व्यवसायी लक्ष्मण साव ने बच्चों की अधिक से अधिक उपस्थिति बनाए रखने के लिए खेल, गीत, कविता,के माध्यम से बच्चों के साथ सहजता के अनेक नुस्खे बताए। शिवाजी शाखा के कार्यकर्ता डॉ विनोद साव ने बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए शिक्षिकाओं को अभ्यास कराया। शांति मंत्र के साथ कार्यशाला की समाप्ति हुई।

### रेल सिविल डिफेंस की टीम विशाखापट्टनम प्रशिक्षण कैम्प के लिए रवाना



**पूर्वी सिंहभूम :** दक्षिण पूर्व रेलवे के रेल सिविल डिफेंस के जवान बाहरी प्रशिक्षण के लिए रवाना हो गए हैं। टाटानगर से चुने गए कुल 16 सदस्य रविवार को विशाखापट्टनम के लिए प्रस्थान किए, जहां ईस्ट कोस्ट रेलवे की ओर से 1 से 7 दिसंबर तक आउटडोर ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम नागरिक सुरक्षा कर्मियों के कौशल, आत्मविश्वास, टीम भावना और अनुभव को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। कैम्प के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण, प्रयोगशाला आधारित अभ्यास, प्रतियोगिताएं और एक अध्ययन दौरे का अवसर मिलेगा। साथ ही 6 दिसंबर को सिविल डिफेंस राइजिंग डे भी मनाया जाएगा। इंस्पेक्टर संतोष कुमार के नेतृत्व में टाटानगर की टीम कैम्प में हिस्सा ले रही है। इस प्रशिक्षण में रांची, आद्रा, बोकारो, संतरागाछी, हावड़ा, खड़गपुर और विशाखापट्टनम से कुल 130 जवान भाग ले रहे हैं। विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षक की भूमिका भी इंस्पेक्टर संतोष कुमार निभाएंगे। प्रतिभागियों के सुगम आवागमन के लिए खड़गपुर से एक अतिरिक्त कोच की व्यवस्था की गई है जिसे ट्रेन संख्या 012663 हावड़ा–तिरुचिरापल्ली एक्सप्रेस में जोड़कर विशाखापट्टनम भेजा गया है।

### सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा को लेकर सीआरपीएफ ने निकाली जागरूकता रैली




**पश्चिमी सिंहभूम :** सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और नागरिक भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ )की 26वीं वाहिनी ने रविवार को जागरूकता अभियान और साइकिल रैली का आयोजन किया। इस जागरूकता पहल का नेतृत्व 26वीं वाहिनी के कमांडेंट राजीव रंजन ने किया। उनके निर्देशन में वाहिनी के जवानों ने सड़क मार्गों से होते हुए रैली निकाली और लोगों को बताया कि सरकारी संपत्ति देश की अमूल्य धरोहर है, जिसकी रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में द्वितीय कमान अधिकारी प्रकाश चंद्र बादल, निरीक्षक जीडी अंजु कुमार सिंह, निरीक्षक जीडी अलार डुगडुग सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और जवान मौजूद रहे। साइकिल रैली के माध्यम से जवानों ने स्वच्छता, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय संसाधनों की रक्षा को लेकर जनता में जागरूकता का संदेश फैलाया। इस दौरान नागरिकों से अपील की गई कि वे स्कूल, अस्पताल, सड़कें, सरकारी भवन जैसी सार्वजनिक संपत्तियों को सुरक्षित रखने में सहयोग दें और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय दें। किरीबुरु क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने सीआरपीएफ की इस सार्थक पहल का स्वागत किया। नागरिकों का कहना है कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम न सिर्फ लोगों का नजरिया बदलते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी में भी सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश पहुंचाते हैं।

## एक नजर

### निष्काम कर्म ही जीवन की सफलता : जेपी पांडेय



**रांची :** भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश के नेता सह झारखंड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने निष्काम कर्म पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवत गीता मानव जीवन का स्पष्ट दर्शन है,भगवान कृष्ण जी ने अर्जुन से कहा कि सर्वाधिक प्रभावशाली शिक्षा निष्काम कार्य ही है,भगवान कृष्ण का संदेश कोई अमूर्त दर्शन नहीं है,बल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए व्यवहारिक पथ प्रदर्शक है,जो भी ईश्वर के खोज में लगा हो,बिना फल की चिंता किए लगातार अपना ध्यान कर्म पर केंद्रित रखना ही मनुष्य का मूल कार्य होना चाहिए आलसी और अकर्मण्य कभी नहीं बनना चाहिए,सफलता और असफलता के प्रति तटस्थ रहते हुए कर्म के प्रति लगे रहना ही जीवन की सफलता है,संसार से विमुख हुए बिना प्रत्येक कार्य को ईश्वर के प्रति अर्पित कर के चलते रहना ही प्रत्येक मनुष्य के सफलता की कुंजी है,सांसारिक जीवन में ईश्वर की खोज ही प्रत्येक मनुष्य की मूल खोज है,परंतु हमें इसके लिए तत्वदर्शी संत का पहचान कर ही मनुष्य के जीवन के सार तत्व और 84 लाख योनि से मुक्ति की राह खोजना प्रत्येक मनुष्य का उद्देश्य होना चाहिए,क्यों कि हमें पता है कि मनुष्य योनि दुर्लभ है,देवता भी इस योनि में आने को तरसते रहते है।

### रांची में मुक्ति संस्था ने 34 शवों का किया अंतिम संस्कार

**रांची:** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 34 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी से शवों को निकालकर पैक कर नदी तट तक लेकर पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने सभी शवों को मुखाग्नि दी, जबकि अंतिम अरदास आशीष भाटिया द्वारा की गई। प्रवीण लोहिया ने बताया कि संस्था अब तक 2098 अज्ञात शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर चुकी है। उन्होंने कहा कि संस्था मानवीय सेवा की भावना से लंबे समय से जरूरतमंदों और पहचानहीन शवों का अंतिम संस्कार करती आ रही है। कार्यक्रम में रवि अग्रवाल, हरीश नागपाल, आर.के. गांधी, संदीप कुमार, आदित्य शर्मा, आशीष भाटिया, सुदर्शन अग्रवाल, अमित किशोर, बलबीर जैन, मोती सिंह, विजय धानुका और सुनील अग्रवाल सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

### झारखंड सरकार ने आवारा कुत्तों से निपटने के लिए जारी की नई एसओपी

**रांची :** झारखंड सरकार ने राज्य में आवारा कुत्तों की समस्या से निपटने के लिए एक्शन प्लान तैयार किया है और इसके लिए नई एसओपी जारी की है। इस योजना के तहत शहरी निकायों को कम से कम 70 प्रतिशत आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण करने का लक्ष्य दिया गया है। एसओपी के अनुसार, पालतू कुत्तों के मालिकों को भी अपने कुत्तों का निबंधन शहरी निकाय या पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से कराना अनिवार्य होगा। आवारा कुत्तों की वजह से लोगों को हो रही परेशानियों का आंकड़ा भी चिंताजनक है। रांची शहर के उदाहरण पर नजर डालें तो वर्ष 2023 में सदर अस्पताल में 4,715 लोगों ने एंटी-रेबीज का इंजेक्शन लिया था, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 7,503 हो गई है।आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जाएगा।

# 'मन की बात' पुरातनता, नवीनता और सनातन विरासत से भरपूर है : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड प्रदेश भाजपा ने रविवार को राज्यभर के बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' के 128वें एपिसोड को सुना। कार्यक्रम में आम जनता के साथ भाजपा के पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दुमका में मन की बात कार्यक्रम को सुना, जबकि कार्यकारी अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने अपने पैतृक गांव कुचू में कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, तथा प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम ने भी कार्यकताओं के साथ सामूहिक रूप से कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम के बाद बाबूलाल मरांडी




ने कहा कि, "हर बार की तरह मन की बात का 128वां एपिसोड भी अद्भुत जानकारियों और प्रेरणाओं से परिपूर्ण रहा। भाजपा के करोड़ों कार्यकताओं और जनता को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। उन्होंने बताया कि आज के एपिसोड में देश के उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम तक की विशेषताओं पर प्रेरक चर्चा हुई।

भारत की सांस्कृतिक विरासत, प्रतिभावान युवाओं की उपलब्धियां, खेल जगत के प्रदर्शन, श्रीराम मंदिर पर धर्म ध्वजा आरोहण, काशी-तमिल संगम, तथा सनातन संस्कृति से जुड़े विषय प्रमुख रहे। मरांडी ने आगे कहा कि त्योहारों में 'वोकल फॉर लोकल' के प्रचार-प्रसार ने आत्मनिर्भर भारत को मजबूत बनाया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा विदेशी मेहमानों को भारत की सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े उपहार भेंट करने से विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक विरासत का गौरव बढ़ा है।

## रांची में विराट ने जड़ा शतक तो फैन ने मैदान में घुसकर छू लिए पैर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे पहले वनडे अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अचानक एक पिच इनवेडर मैदान में घुस आया और भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली के पैरों को छू लिया। सुरक्षा कर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए उस व्यक्ति को मैदान से बाहर ले जाया। घटना के कारण खेल कुछ समय के लिए रुका, हालांकि थोड़ी देर बाद मैच सामान्य रूप से जारी हो गया। बता दें ऐसा तब हुआ जब कोहली अअपना शतक पूरा करके सेलिब्रेट कर रहे थे। मैच की बात करें तो कोहली ने पहले इन्निंग्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए शतक बनाया और कुल 135 रन बनाए। भारत ने 50 ओवरों में 349 रन 8 विकटों की नुसान पर मजबूत स्कोर बनाया।

## केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम से मिला आदिवासी छात्र संघ, छात्रवृत्ति व रोजगार मुद्दों पर सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड आदिवासी छात्र संघ के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव के नेतृत्व में केंद्रीय आदिवासी मामलों के मंत्री जुएल ओराम से रांची में मुलाकात की और आदिवासी छात्रों की छात्रवृत्ति, शिक्षा, रोजगार और अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। झारखंड आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव ने कहा कि झारखंड देश के कुल खनिज भंडार का लगभग 40 प्रतिशत देता है, लेकिन राज्य की 26.3 प्रतिशत आदिवासी आबादी शिक्षा और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। उन्होंने



आरक्षित पदों की रिक्तता और प्रमोशन में आरक्षण न मिलने की समस्या भी उठाई। झारखंड के ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट सर्वे के हवाले से विवेक तिर्की ने बताया कि अधिकांश आदिवासी परिवार गरीबी, निरक्षरता, कुपोषण और भोजन संकट से जूझ रहे हैं, और केवल 16 फीसदी छात्र मैट्रिक के बाद आगे पढ़ाई कर पाते हैं। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की लंबित राशि जारी करने, पेसा एक्ट को लागू करने, ट्राइबल सब प्लान और डिस्ट्रिक मिनिरल्स फाउंडेशन ट्रस्ट फंड के पारदर्शी उपयोग तथा बाहरी विस्थापन की समस्या पर केंद्र सरकार से कार्रवाई की मांग की।

## क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में 18 एथलीट राज्य स्तरीय मुकाबले के लिए चयनित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांच :** होटवार जेल रोड में रांची जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में रविवार को रांची जिला क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के धावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयन प्रक्रिया के बाद कुल 18 एथलीटों का चयन किया गया है, जो आगामी सात दिसंबर 2025 को लातेहार में आयोजित होने वाली झारखंड राज्य क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में रांची जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। संघ के अधिकारियों ने चयनित खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। संघ के प्रभाकर वर्मा ने बताया कि चयनित एथलीटों में अमित कुमार, रोशन कुमार रविदास, रोहन पाहन,




चिराग भेंगरा, अनूप उरांव, सिरील टोप्पो, प्रकाश मुंडा, रंजीत महतो, प्रीतम उरांव, हरीश महतो, संजय महतो, रोहित पाहन, सुमन कुमारी, सीमा कुमारी, मंजू कुमारी, अंजलि कुमारी, रिया कुमारी और रितु कुमारी के नाम शामिल है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में तकनीकी पदाधिकारियों में विशेष रूप से प्रभाकर कुमार वर्मा, विनोद कुमार, राकेश सिंह, राम प्रसाद, राजू साहू, अगनू उरांव, राघवेंद्र कुमार, नरेश कुमार, प्रेम कुमार, विकास कुमार और श्याम उरांव सहित अन्य लोगों का अहम योगदान था।

## डुमरी विधायक जयराम महतो आम दर्शकों की तरह झूमें क्रिकेट के रोमांच में

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** लाल घेरे में दिख रहे यह शख्स कोई आम इंसान नहीं है बल्कि झारखंड के माननीय हैं। ये शख्स डुमरी के विधायक जमयराम महतो हैं और जयराम महतो रांची के जेएससीए स्टेडियम में हो रहे क्रिकेट मैच का का खूब आनंद उठा रहे हैं। दरअसल डुमरी विधायक जयराम महतो आज रांची के जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम पहुंचे, जहाँ भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे मुकाबला खेला जा रहा है। तीन साल बाद जेएससीए में होने वाले इस बड़े मैच को देखने के लिए झारखंड के लोगों में जबरदस्त उत्साह है, और उसी उत्साह का हिस्सा बनने विधायक जयराम महतो भी स्टेडियम पहुंचे। जयराम महतो को हमेशा से क्रिकेट का खास लगाव रहा है। अक्सर वे खुद मैदान में क्रिकेट खेलते हुए भी नजर आते हैं। आज जब वे



जेएससीए स्टेडियम पहुंचे, तो उनकी तस्वीर सामने आई जिसमें वे बिल्कुल आम दर्शकों की तरह साधारण सीट पर बैठकर मैच का लुत्फ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें श्क्ष्ठ गैलरी के बजाय आम जनता के बीच बैठकर क्रिकेट देखने में ज्यादा आनंद आता है, क्योंकि वहीं असली जोश और रोमांच महसूस होता है। उन्होंने कहा यहां शोरगुल होता है, हो-हल्ला होता है, चौकों-छक्कों पर उछाल होता है और विपक्षी टीम के गिरते विकेट पर तालियों की गड़गड़ाहट होती है। जिसका अपना ही आनंद है। मैच के दौरान जयराम महतो उत्साहित दिख रहे हैं।

# झारखंड में मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण तेज, 2003 सूची से मैपिंग जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियां तेज रफ्तार से चल रही हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर वर्तमान मतदाता सूची की 2003 की सूची से मैपिंग की जा रही है। इसके लिए बीएलओ परिवारवार फैमिली ट्री तैयार करते हुए मतदाताओं का सत्यापन और मिलान कर रहे हैं। देशभर में जारी एसआईआर का दूसरा चरण 10 फरवरी को समाप्त हो रहा है। अनुमान है कि इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग तीसरे चरण में शामिल होने वाले राज्यों की घोषणा करेगा, जिसमें झारखंड का नाम भी होने की संभावना है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य में मतदाता सूची की मैपिंग का काम निर्धारित समय में पूरा करने पर जोर



दिया जा रहा है।एसआईआर के दौरान यह जरूरी होगा कि मतदान के योग्य सभी व्यक्ति अपने दस्तावेज प्रस्तुत करें। आवेदन जमा करते समय आवेदक को स्वयं तथा माता-पिता के लिए अलग-अलग स्व-प्रमाणित दस्तावेज देने होंगे। नागरिकता, पहचान, निवास और निर्वाचन संबंधी दस्तावेजों की एक सूची आयोग ने जारी की है, हालांकि इसे केवल संदर्भ सूची बताया गया है। ग्रामीण और शहरी दोनों स्तरों पर दस्तावेज अपडेशन और सत्यापन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर मतदाता सूची की मैपिंग और लोगों को आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं माना जाएगा, लेकिन पूर्व निर्देशों के अनुसार इसे सहायक दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों को आवश्यक दस्तावेज पहले से तैयार रखने की सलाह दी गई है। राज्य में दस्तावेज सत्यापन और नागरिकता से जुड़े अगले चरणों के लिए चुनाव आयोग जल्द ही विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### बुजुर्गों की सेवा करना तीर्थ यात्रा के समान : रोहित



**रांची:** मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण जागृति महिला शाखा ने रविवार को बरियातू स्थित डीएवी नंदराज के आवासीय परिसर में वृद्धा आश्रम में भव्य भंडारा और भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच की सदस्यों ने आश्रम में रह रहे सभी वृद्धजनों के लिए श्रद्धा के साथ भोजन की व्यवस्था की। भोजन में दाल, चावल, आलू-गोभी की सब्जी, कोफ्ता, खीर, रोटी और नारंगी शामिल थी। मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष रोहित शारदा ने इस मौके पर कहा कि वृद्धजनों की सेवा तीर्थ दर्शन के समान पवित्र कार्य है। कार्यक्रम में कैलाश प्रसाद रामुका मुख्य सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे और उनके योगदान की मंच ने सराहना की। आयोजन की अध्यक्षता प्रमिला सराफ ने की, मंच संचालन निर्मल अग्रवाल ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उर्मिला मोटानी व बिना शारदा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर रांची दक्षिण शाखा के अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया एवं कोषाध्यक्ष रामचंद्र अग्रवाल भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

### कांके मदरसा आलिया में 200 कंबल वितरित, आओ हाथ मिलाएं व माही संस्था ने बढ़ाया सहयोग का हाथ



**रांची :** रविवार को कांके मदरसा आलिया में 200 कंबल मदरसा के बच्चों के बीच में आओ हाथ मिलाए सामाजिक संस्था और माही सामाजिक संस्था के द्वारा वितरण किया गया जैसा कि जानते हैं रांची कांके क्षेत्र में सबसे ज्यादा ठंड पड़ती है और सभी बच्चे ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद बच्चे हैं जिनको ठंड में पढ़ाई में किसी भी प्रकार की ठंड में दिक्कत न हो इस नियत से की गई कार्यक्रम की शुरूआत तिलावते कुरान के जरिए एक बच्चे के जरिए की गई कार्यक्रम में माही के संयोजक इबरार अहमद ने कहा कि जिस प्रकार आप बच्चों के बीच में ठंड को ध्यान रखते हुवे कंबल दिया जा रहा है वैसे ही आप बच्चे जब बड़े हो जाएंगे दूसरे बच्चों को जरूरत मंद को मदद करने की कोशिश करेंगे और सभी लोगों से मिल जुल कर काम करेंगे आओ हाथ मिलाए संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर नाजिश हसन ने कहा कि हम सभी को पड़ कर मोहल्ला समाज और देश के विकास में भागीदारी करनी है समाज में सभी लोगों को इंसानियत के कुरान के पैगाम को हर इंसान चाहे वो किसी भी धर्म का क्यों न हो उन्हें देना है कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया गया कार्यक्रम में आओ हाथ मिलाए संस्था से नाजिश जिशान , असद रूमान, अहमद हुसैन माही संस्था से हाजी नवाब, शाहिद टुकलू मदरसा आलिया से हाजी मुनव्वर, मुकरम , मुजफ्फर तथा सैकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

### श्री राधा- कृष्ण प्रणामी मंदिर में 240 वां महाप्रसाद का हुआ वितरण



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 240 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। रविार का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा ट्रस्ट के सदस्यों के सौजन्य से आयोजित किया गया। श्री राधा कृष्ण जी का दिव्य अलौकिक श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात मेवायुक्त केसरिया खीर महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तथा मंदिर परिसर में उपस्थित 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों ने मनमोहक सुमधुर भजनों श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई?। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि आज श्री राधा कृष्ण मंदिर में 4 हजार से अधिक श्रद्धालुओं में दर्शन किये। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। उन्होंने कहा कि 1 दिसंबर सोमवार को गीता जयंती के अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर में विशेष पूजा अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। जिसमें अलौकिक श्रृंगार, गीता पाठ, भजन- कीर्तन एवं प्रसाद भोग होगा। इस अवसर पर-अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, धीरज गुप्ता, ज्ञान प्रकाश गुप्ता, महेश वर्मा, परमेश्वर साहू, हरीश कुमार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

### शीतकालीन सत्र से पहले आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच की चेतावनी : नायक

**रांची :** संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है अगर इस सत्र में झारखंड के चार महत्वपूर्ण विधेयक पारित नही किए गए तो गंभीर परिणाम होगें। विजय शंकर नायक यह कड़ी चेतावनी रविवार को आदिवासी-मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने दी इन्होने स्पष्ट शब्दों में कहा, यह हमारी अंतिम शांतिपूर्ण अपील है। न्याय मिला तो ठीक, वरना झारखंडी समाज एक साथ सड़क पर उतरेंगे और इतिहास का एक नया अध्याय लिखेगा। चार प्रमुख मांगें जिन पर केंद्र की चुप्पी को नायक ने खुला विश्वासघात करार दिया कोल बेयरिंग एरियाज अमेंडमेंट बिल 2024 पर तत्काल रोक बिना झारखंड सरकार की लिखित सहमति और ग्राम सभा की मुहर के एक इंच कोयला ब्लॉक भी आगे नहीं बढ़ने देंगे। कोल इंडिया को 50-100 साल की लीज देने का खेल बंद हो। MESA बिल में जरूरी संशोधन कर तुरंत पारित करोड़ अनुसूचित क्षेत्रों में शहर बने या नहीं, फैसला ग्राम सभा का होगा। दस साल से फाइल घूम रही है ।

## एक नजर

### अज्ञात पिकअप की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत

**खूंटी** : जरियागढ़ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर रोड पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल दोनों सगे भाइयों की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल शमशुद्दीन (48) की मौत रविवार को और उसके सगे भाई शुभान खान (50) की मौत शनिवार को हो गई। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक अज्ञात पिकअप वाहन ने गुरुवार को स्कूटी सवार दोनों भाइयों को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर फरार हो गया। दुर्घटना में शमशुद्दीन और सुभान गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों भाइयों की मौत की खबर जैसे ही गोविंदपुर गांव पहुंची,पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।का माहौल छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शोक में रविवार को ग्रामीणों ने स्वेच्छा से साप्ताहिक बाजार बंद रखा। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि फरार पिकअप चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाए और कैंची मोड़ पर सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

### महिला से पर्स छीनकर बदमाश फरार, गिरकर हुई घायल

**पूर्वी सिंहभूम** : शहर में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। शनिवार देर रात गोलमुरी थाना क्षेत्र के टिनप्लेट काली मंदिर के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला को निशाना बनाया और पर्स छीनकर फरार हो गए। पर्स बचाने के प्रयास में महिला सड़क पर गिर गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। परसुडीह के नामोटोला दुगार्बाड़ी निवासी अनिता शर्मा अपने पति कैलाश शर्मा और बेटे के साथ मायके से लौट रही थीं। रात लगभग 10:50 बजे जैसे ही वे टिनप्लेट काली मंदिर के पास पहुंचे, बाइक पर सवार दो बदमाशों ने पीछे बैठी अनिता के हाथ से पर्स झपट लिया। अनिता पर्स को मजबूती से पकड़े रहीं, जिससे संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर गिर गईं और घायल हो गईं। इस बीच बदमाश मौके से फरार हो गए। अनिता को चोट लगते ही बेटे ने पीछे से चिल्लाकर पिता को जानकारी दी, जिसके बाद कैलाश ने बाइक रोकी और उन्हें तुरंत टिनप्लेट अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मामले की सूचना गोलमुरी थाना को दी गई। महिला के पर्स में करीब 8 हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन, बैंक पासबुक सहित आवश्यक दस्तावेज मौजूद थे। घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों ने अपराधियों की बाइक की तस्वीर ले ली, जिससे पता चला कि बाइक पर नंबर प्लेट नहीं था।

### बाइक चोर गिरफ्तार भेजा गया जेल

**लोहरदगा** : लोहरदगा जिले के कैरो थाना पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि कैरो के चरिमा बगीचा के पास चोरी की बाइक की खरीद बिक्री का कार्य होने वाला है। सूचना के आधार पर तत्काल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर चरिमा बगीचा के पास छापेमारी किया गया। छापेमारी के दौरान दो व्यक्ति भागने लगे,जिसे सशस्त्र बल के साथ दौडा कर पकडा गया। एक व्यक्ति अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम जसीम अंसारी बताया गया। फरार व्यक्ति का नाम पता पूछने पर गिरफ्तार आरोपित ने बताया कि वह मेरा दोस्त मेराज खान है। इसके बाद छापेमारी कर पुलिस ने बगीचा के पास दो बाइक बरामद किया । दोनों बाइक चोरी कर बेचने के लिए लाया गया था।

# नाबालिक बच्ची का अश्लील वीडियो किया वायरल, किया ब्लैकमेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र में एक नाबालिक बच्ची का अश्लील वीडियो वायरल करने का मामला उजागर हुआ है। पीड़िता की मां जब थाने पहुंची तो पुलिस अधिकारी भी भौचक्के रह गए। नाबालिक बच्ची की मां जब रामगढ़ थाने पहुंची तो उसकी कहानी सुनकर हर व्यक्ति आवाक रह गया। उसने बताया कि उसकी 12 वषीर्या बच्ची को सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज कर ब्लैकमेल किया गया है। बातचीत के दौरान बहला-फुसलाकर अश्लील न्यूड वीडियो उपलब्ध कराया गया। इसके बाद उसे ब्लैकमेल कर वायरल किया गया।




**पीड़िता की मां ने बयां की कहानी**

पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उसकी 12 वषीर्या बेटी को दिसंबर 2024 में दीपिका कुमारी 746 के आईडी से फ्रेंड रिक्वेस्ट इंस्टाग्राम पर भेजा गया था। इस आईडी से बातचीत के दौरान उनकी बेटी काफी घुल मिल गई। बाद में उस लड़के ने अपना वास्तविक नाम छुपाते हुए उनकी बेटी को ऋषि मिश्रा अपना नाम बताया। इसके बाद उस लड़के ने उनकी बेटी को ब्लैकमेल करना शुरू किया। अपने झांसे में लेकर उनकी बेटी को डरा धमका कर अश्लील वीडियो की मांग की। पीड़िता ने अपने मोबाइल नंबर से आपत्तिजनक वीडियो उस लड़के के मोबाइल नंबर पर भेजी। ऋषि मिश्रा वाले इंस्टाग्राम आईडी के लड़के ने जब बात करना बंद किया तो उनकी बेटी का आपत्तिजनक वीडियो को सरफराज खान नामक लड़के को भेजा दिया। सरफराज खान नामक लड़के ने सोशल मीडिया पर उस अश्लील वीडियो को वायरल कर दिया। जब स्थानीय लोगों से पीड़िता की मां को अश्लील वीडियो वायरल होने की बात का पता चला तो उसने भी जांच पड़ताल की। बाद में पता चला कि ऋषि मिश्रा इंस्टाग्राम आईडी वाली लड़के का वास्तविक नाम वीलेंद्र कुमार यादव, पिता राजकुमार यादव, गिद्दी हॉस्पिटल चौक, जिला हजारीबाग है।

**वायरल वीडियो से नाबालिक बच्ची की जिंदगी हुई बर्बाद**

अश्लील वीडियो के फैलने से उनकी बेटी की इज्जत, मान प्रतिष्ठा, सुरक्षा, मानसिक स्थिति तथा भविष्य पर गहरा प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि दबंग लोग तमाम तरह के छल प्रपंच रच कर उनकी बेटी की बचपन और नासमझी का लाभ उठाकर उसका जीवन बर्बाद करना चाहते हैं। पुलिस इस मामले में छानबीन कर पूरे मामले पर कार्रवाई कर रही है।

**मामला दर्ज कर की जा रही कार्रवाई**

रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि जैसे ही मामला सामने आया इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही जितने भी लड़कों का नाम सामने आया है उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## विद्यार्थियों की योग्यता का आकलन करती है परीक्षा : सकलदीप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में आगामी तीन फरवरी 2026 से होने वाली बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर रविवार को जांच परीक्षा आयोजित की गई। जैक की ओर से अपलोड किये गये मॉडल क्वेश्चन के प्रारूप के आधार पर छात्र-छात्राओं से प्रश्न पूछे गए। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने बताया कि संस्थान में सभी बोर्ड की साप्ताहिक जांच परीक्षा आगामी बोर्ड परीक्षा की तिथि तक चलती रहेगी। आयोजित जांच परीक्षा के बाद छात्र-छात्राओं को मैट्रिक में बेहतर प्रदर्शन के लिए भी कई टिप्स दिए गए । उन्होंने कहा जांच परीक्षा की आयोजन से छात्र-छात्राओं में परीक्षा के प्रति डर समाप्त होता है और उनके बौद्धिक स्तर तथा लेखन क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने कहा बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा तथा विद्यार्थियों से अपील की जांच परीक्षा में जिले के कोई भी विद्यार्थी निःशुल्क सम्मिलित हो सकते है । परीक्षा के सफल आयोजन में शिक्षिका सावित्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## चांडिल में जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाल कर किया विरोध प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** चांडिल के अर्जुन तल से स्टेशन तक जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने मशाल जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया गया। केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी तरुण महतो को ईचागढ़ थाना प्रशासन और बालू माफियाओं द्वारा दी गई अमानवीय यातना तथा उनके साथ 3 अन्य साथियों को जेल भेजे जाने के विरोध में आयोजित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने मशाल की रोशनी में प्रशासनिक दमन और बालू माफियाओं की खुली मिलीभगत के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज किया और सभी साथियों की अविलंब रिहाई की मांग की। इस कार्यक्रम में तरुण महतो की



धर्मपत्नी भानुमति महतो की गरिमामयी उपस्थिति रही। जबकि पूरे जुलूस का नेतृत्व जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन मंत्री फुलचंद महतो ने किया। जुलूस के दौरान यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि झारखंडी सिर्फ यातना और जेल जाने के लिए नहीं बनी है। झारखंडी झारखंड के हित और सम्मान के लिए बनी है और इस राज्य की मान-सम्मान की लड़ाई में हमेशा मजबूती से खड़ी रहेगी। चांडिल एवं आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में जयराम महतो समर्थक इस ऐतिहासिक मशाल जुलूस में शामिल हुए और न्याय की आवाज को और बुलंद किया।

## भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को वह किसी भी परिस्थिति में रोकने वाले नहीं : सरयू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि भ्रष्टाचार विरोधी अभियान को वह किसी भी परिस्थिति में रोकने वाले नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड उच्च न्यायालय में दायर उनकी याचिका पर आए एक आदेश को लेकर मीडिया के एक वर्ग ने भ्रामक तरीके से यह प्रचारित किया है मानो निर्णय उनके खिलाफ गया हो, जबकि वास्तविक स्थिति इससे अलग है। राय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि वह उच्च न्यायालय इसलिए गए थे क्योंकि तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने उनके विरुद्ध गिरफ्तारी सुनिश्चित कराने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया। तब न्यायालय ने उन्हें किसी तरह की दमनात्मक कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान की थी। बाद में इस मामले



में उन्हें जमानत भी प्राप्त हो गई, जिसके बाद पहले वाला संरक्षण आदेश अप्रासंगिक हो गया और न्यायालय ने उसे वापस ले लिया। इससे उनके खिलाफ अदालत की कोई प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न नहीं होती। राय ने दोहराया कि कोविड अवधि में राज्य सरकार ने जीवन जोखिम में डालकर सेवा करने वाले कोविड कर्मियों को एक माह के वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया था। लेकिन स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए बन्ना गुप्ता ने स्वयं के लिए प्रोत्साहन राशि के बिल को कोषागार भेजा और साथ ही अपने विभाग व कोषांग के कर्मचारियों सहित कुल 60 लोगों के नाम भी उसी लाभ के लिए भेज दिए। राय का कहना है कि यह कार्यवाही स्पष्ट रूप से भ्रष्टाचार का उदाहरण था, जिसे उन्होंने विभागीय दस्तावेजों के आधार पर सामने लाया। उन्होंने कहा कि उनकी इस कार्रवाई के जवाब में स्वास्थ्य विभाग ने उन पर कागजात चोरी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करा दी, और यही मुकदमा आज भी जारी है। राय ने कहा कि व्यवस्था ऐसी हो गई है कि भ्रष्टाचार करने वाले को संरक्षण मिलता है और उसका भंडाफोड़ करने वाले पर ही मुकदमे लादे जाते हैं। लेकिन इससे मैं पीछे हटने वाला नहीं हूँ। भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

## यंग हार्ट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, रघुऐ टीम बनी विजेता




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुशपुतुल सिरका रोड साइड मैदान में 'यंग हार्ट क्लब' के तत्वावधान में शनिवार और रविवार दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आसपास के क्षेत्रों की कई प्रतिभाशाली टीमों ने हिस्सा लिया और शानदार खेल प्रदर्शन से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। फाइनल मुकाबले में रघुनाथपुर टीम ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए 8500 नकद पुरस्कार और ट्रॉफी पर कब्जा किया। जबकि उपविजेता कुसपुतुल टीम को 6500 तथा तृतीय स्थान प्राप्त गोरांगी 3200 रूपए चौथा प्राइज चालीयामा 3200 रूपए पर कब्जा किया। मौके पर मुख्य संयोजक समीर कुमार महतो, सुदर्शन महतो, प्रवीण महतो, अमित महतो, राजू, पंकज, और सोमनाथ ने समर्पण और टीम भावना से पूरे आयोजन को सफल बनाया। दर्शकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और खिलाड़ियों के जोश ने पूरे माहौल को खेल भावना और उमंग से भर दिया।

# राजपूतों ने समाज को समृद्ध किया, फिर भी उपेक्षा का शिकार : प्रवीण सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** राजपूत समाज की ओर से रविवार को खूंटी डाक बंगला परिसर में क्षत्रिय गौरव सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रवीण सिंह ने कहा कि इतिहास में राजपूतों के योगदान को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आज यह समाज उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र झारखंड के निर्माण से लेकर सुरक्षा, खेतीबारी और ग्रामीण विकास में राजपूत समुदाय की अहम भूमिका रही है, फिर भी सम्मान आज तक अधूरा है। उन्होंने आगामी 22 फरवरी 2026 को रांची में क्षत्रिय



गौरव महासम्मेलन करने की घोषणा की और समाज के सभी वर्गों से मिलकर इसमें सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में राजपूत समुदाय कई समस्याओं से जूझ रहा है। गांवों के विकास में जीवन बीत गया, लेकिन शहरों में उनकी पहचान मिटती जा रही है। समाज के 16 संगठन अलग-अलग चल रहे हैं, जबकि जरूरत एक मंच पर एकजुट होने की है। उन्होंने गांव-गांव में सप्ताहिक रामायण पाठ और संस्कारों को संरक्षित रखने पर बल दिया। पूर्व सांसद सुनील सिंह ने कहा कि आर्थिक और सामाजिक मजबूती तभी संभव है जब समुदाय एकजुट होगा। मनोज सिंह ने कहा कि राजनीतिक भागीदारी के लिए एकता सबसे जरूरी है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए लाल विजय नाथ शाहदेव ने कहा कि जब तक हम एकजुट नहीं होंगे, तब तक न सरकार हमारी बात सुनेगी और न ही हमें अधिकार मिलेगा। उन्होंने समाज से कुरीतियों को समाप्त कर आपसी मतभेद भुलाने का आह्वान किया। सम्मेलन में लाल ज्योतींद्र नाथ शाहदेव, लाल सच्चिदानंद नाथ शाहदेव, एम पी सिंह, कंचन सिंह, सत्येंद्र सिंह, भुनेश्वर सिंह, रमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में राजपूत समाज के लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सिल्ली मुरी क्षेत्र में इन दिनों जाली नोटों का गिरोह सक्रिय



**सिल्ली** : सिल्ली मुरी क्षेत्र में इन दिनों जाली नोटों का गिरोह दुकानों में भीड़ देखकर जाली नोटों का कारोबार करने वाला गिरोह दुकानदार के पास जाकर कुछ सामान खरीदना है और दुकानदार को जल्दी से पैसा वापस करने को कह कर पैसा लेकर वहां से चला जाता है भीड़ के कारण दुकानदार नोट चेक कर नहीं पाते हैं और पैसा रख लेते हैं जब चेक करते हैं तो देखते हैं कि यह जाली नोट है मगर क्या करें भीड़ में उस व्यक्ति का चेहरा नहीं देख पाते हैं। वही छोटा मुरी निवासी प्रमोद कुशवाहा जिनका दुकान इलेक्ट्रॉनिक और रिचार्ज का है। प्रमोद ने बताया कि 200 सौ रुपया लेकर मेरे पास एक ग्राहक आया कुछ सामान खरीदना था हम उसे सामान दिए वह चला गया जब हम अपना पैसा मिलान कर रहे थे तो देखा कि यह जाली नोट है हम क्या करें बड़ी मुश्किल से दुकान के सहारे अपना परिवार गुजारा करते हैं जाली नोट मिलने से हम बहुत आहत हैं। दूसरी और अनेक दुकानदारों का कहना है कि 500 सौ का भी जाली नोट बाजारों में चल रहा है। दुकानदारों में अपील किया है कि जो भी व्यक्ति सामान खरीदने आपके दुकान पर जाता है उसे पहचाने एवं पैसा चेक कर सामान दे।

### नेत्र जांच शिविर का हुआ आयोजन




**सिल्ली:** सिल्ली लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 30 नवम्बर को सिल्ली में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में नेत्र रोग के 72 लोगों की जांच हुई। जांच उपरांत 31 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए जिनका ऑपरेशन 01 दिसम्बर को निरामया अस्पताल रांची में किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अग्रवाल, स्वरूप दत्ता, जगदीश गोराई, प्रकाश अग्रवाल, प्रशांत रविदास , ऋषिकेश सोनार, राहुल भद्रा, आयुष अग्रवाल, एलिजाबेथ, दिलीप दे, अमर अग्रवाल आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बी.ए. कॉलेज जमशेदपुर में 'ड्रोन टेक्नोलॉजी' पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न



**जमशेदपुर :** बी.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जमशेदपुर, जो राजेन्द्र विद्यालय समूह के अंतर्गत संचालित है, में ड्रोन टेक्नोलॉजी: स्मार्ट स्काइज, स्मार्ट सॉल्यूशंस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्थान के फ्यूचर स्किल्स सेल की पहल के तहत विश्वेश्वरय्या हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. एस. के. रॉय की उपस्थिति में स्वागत भाषण और कार्यशाला के उद्देश्यों की प्रस्तुति के साथ हुई। सिविल विभागाध्यक्ष सूरज कुमार ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया, जबकि सीएसई विभागाध्यक्ष हिमाद्रि भूषण महापात्र ने फ्यूचर स्किल्स सेल के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य संसाधन व्यक्ति संतोष भद्र, हेड-जियोस्पेशियल एवं माइन मैपिंग, टाटा स्टील, ने ड्रोन तकनीक की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ड्रोन आज खनन, अवसंरचना निरीक्षण, पर्यावरण मूल्यांकन और स्मार्ट सिटी विकास जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके सहयोगी सूर्या तेजा ने आधुनिक वअर तकनीकों द्वारा उच्च-प्रेसिजन मैपिंग, डेटा संग्रहण और सुरक्षा में सुधार का लाइव प्रदर्शन किया। कार्यशाला के दौरान छात्रों ने विशेषज्ञों से संवाद किया और ड्रोन पायलटिंग, जियोस्पेशियल मैपिंग, एआई आधारित विश्लेषण तथा ऑटोमेशन के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों के बारे में जाना। इसके बाद BACET परिसर में ड्रोन सर्वेक्षण एवं मैपिंग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी किया गया, जिसने छात्रों को वास्तविक अनुभव प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि के सम्मान तथा एएए विभागाध्यक्ष डॉ. मंतोष कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यशाला को छात्रों और शिक्षकों से उत्साहपूर्ण सराहना मिली, जिससे इअउएळ का उद्योग-समर्थित तकनीकी कौशल विकास के प्रति संकल्प और मजबूत हुआ।

### कुड़मालि छात्र संगठन द्वारा बनभोज सह संवर्द्धना सभा आयोजित



**पटमदा:** कुड़मालि भाखिवारि आखड़ा लोवाडीह पटमदा में कुड़मालि छात्र संगठन द्वारा कुड़मालि भाषा में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले स्नातकोत्तर करने वाले पद्मावती महतो को संवर्द्धना दिया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आदिवासि कुड़मि समाज के केन्द्रीय सह सचिव जयराम महतो ने कहा कि हमारे क्षेत्र में यह पहला छात्री है यह मुकाम प्राप्त किया। साथ साथ उपस्थित सभी कुड़मालि पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कहा कि पढ़ाई एक साधना है जिसमें निरंतरता अनिवार्य है। हमारे क्षेत्र में लगभग हजार विद्यार्थियों कुड़मालि लेकर पढ़ाई वर्ग 8वा से स्नातकोत्तर कर रह हैं। जिसमें सिर्फ कुड़मि ही नहीं अन्य जाति धर्म के विद्यार्थियों भी पढ़ रहे हैं।आगामी 6/07 दिसंबर 2025 को धनबाद में होनेवाले कुड़मालि नेगाचारि देशजाड़पा में भाग लेने के लिए आह्वान किया गया। पटमदा डिग्री कॉलेज जाल्ला के कुड़मालि प्रोफेसर भुवनेश्वर महतो ने कहा कि कुड़मालि एक दर्शन है भाषा के साथ साथ हमारे संस्कार संस्कृति के धारक बाहक है। अंजली महतो और सम्प्रदाय द्वारा झुमर के आंनद के साथ बनभोज किया गया। उक्त कार्यक्रम में जमिन दाता पुर्णचन्द्र महतो, पद्मावती महतो, चंदन महतो, इन्द्रजीत महतो, रेनुका महतो, शातिराम महतो, दिपक महतो, कार्तिक महतो, शीला महतो, अनुप्रिया महतो, ज्योत्सना महतो आदि सैकड़ों विद्यार्थियों उपस्थित हुए।

## एक नजर

### लड़कियों को फंसाकर ब्लैकमेल करने वाला युवक गिरफ्तार

**रामगढ़ :** प्रेम संबंध बनाकर लड़कियों को ब्लैकमेल करने का धंधा आज के दिनों में काफी बढ़ गया है। कई लड़कियां इस ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर अपना जीवन भी खत्म करने के लिए विवश हो जा रही हैं। रामगढ़ पुलिस ने ऐसे ही एक ब्लैकमेलर को गिरफ्तार किया है, जो कई लड़कियों की जिंदगी तबाह कर चुका है। गिरफ्तार युवक रंजन कुमार उर्फ रंजन श्रीवास्तव बिहार राज्य के सितामढ़ी जिला अंतर्गत बरगनिया गांव का रहने वाला है। उसने रामगढ़ थाना क्षेत्र के रांची रोड के रहने वाली एक लड़की की जिंदगी ब्लैकमेल कर तबाह कर दी थी। वर्ष 2021 में पीड़िता की ओर से ब्लैकमेलर रंजन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पिछले चार वर्षों से रंजन पुलिस को चकमा दे रहा था और दूसरे राज्य में जाकर छुप गया था। रामगढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उस शातिर व्यक्ति को गिरफ्तार किया। रंजन के खिलाफ रामगढ़ थाने में कांड संख्या 149/21 दर्ज था। पुलिस इसी मामले में उसे कई वर्षों से तलाश रही थी। रंजन कुमार उर्फ रंजन श्रीवास्तव कई राज्यों में लड़कियों को ब्लैकमेल कर चुका है। झारखंड के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली व अन्य राज्यों में भी उसके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। सबसे पहले वह कुंवारी लड़कियों को सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजता था। सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद वह लड़कियों के करीब आने की कोशिश करता था। किसी होटल या कमरे में उन्हें बुलाकर बड़े ही शातिर तरीके से वह लड़कियों का अश्लील वीडियो भी बना लेता था।

### गुजरात से लौटे यूनिटी मार्च के युवाओं का जमशेदपुर में जोरदार स्वागत

**जमशेदपुर :** देश के पहले गृहमंत्री एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात में आयोजित यूनिटी मार्च में भाग लेने के पश्चात झारखंड के युवाओं का समूह रविवार को लौहनगरी जमशेदपुर पहुंचा। जहां टाटानगर रेलवे स्टेशन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के अध्यक्ष नितीश कुशवाहा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सभी युवा सदस्यों का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने देश की एकता और अखंडता के संकल्प को दोहराते हुए सभी सदस्यों को शुभकामनाएं व्यक्त की। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नितीश कुशवाहा ने कहा कि कि यूनिटी मार्च भारत की एकता, अखंडता और समरसता के प्रति देशवासियों के अटूट संकल्प का प्रतीक है। भाजयुमो ने हमेशा ही राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाई है। इस अवसर पर भाजपा घाघीडीह मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार, भाजयुमो कार्यकर्ता चिंटू सिंह, अनमोल वर्मा, मनोज सिंह, अजय यादव, गोविंद यादव, संजय कुशवाहा, अभिषेक चौबे समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नगर निकाय चुनाव को लेकर जेएलके एम ने चलाया सदस्यता अभियान

**खूंटी :** झारखंड के खूंटी में होने वाले आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (केएलकेएम) ने जिले के सभी वार्डों में सदस्यता अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में रविवार को खूंटी के पातराटोली के अरुण प्रधान और तोरपा प्रखंड की सखी देवी ने पार्टी की सदस्यता ली। केएलकेएम के जिला अध्यक्ष कुमार ब्रजकिशोर ने कहा कि केएलकेएम हमेशा विकसित, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड की पक्षधर रही है। आने वाले चुनाव में पार्टी खूंटी के 19 वार्डों में मतदाताओं को जागरूक कर संगठन को मजबूत करेगी। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि सदस्यता अभियान आने वाले दिनों में और व्यापक स्तर पर चलेगा।

# चार लेबर कोड के विरोध में पतरातू में जोरदार प्रदर्शन, पीएम का किया पुतला दहन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रविवार को एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक पीवीयूएनएल शाखा पतरातू के द्वारा 4 लेबर कोड को लेकर पीटीपीएस यूनियन ऑफिस से कटिया चौक तक गगन भेदी नारे लगाते हुए चार लेबर कोड रद्द करो, मजदूरों को गुलाम बनाना बंद करो, पूंजीपतियों की सरकार मुदार्बाद मजदूरों के अधिकार छिन्नना बंद करो ,चार लेबर कोड वापस करो आदि नारे लगाते हुए विरोध मार्च निकाला यह मार्च कटिया चौक में जाकर सभा में तब्दील हो गई एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया साथ ही चार लेबर कोड के प्रतीया भी जलाई गई ।वही कामरेड मनोज कुमार महतो ने कहा कि 21 नवंबर 2025 को जो नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा चार लेबर कोड देशभर में लागू किए गए हैं उसको लेकर एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक आंदोलन को तेज करेंगी। यह कानून मजदूरों को गुलाम बनाने वाला कानून है इस कानून में मजदूरों को हड़ताल करने की अधिकार खत्म कर दिया गया है लेबर कोड और उनके नुकसान -

1. मजदूरी संहिता मालिकों को न्यूनतम मजदूरी देने से बचने के कई रास्ते देता है। 8 घंटे से ज्यादा काम करवाने की खुली छूट, वह भी बिना ओवरटाइम भुगतान के। मजदूरों की आय और काम की शर्तें और ज्यादा असुरक्षित हो जाती हैं। 2. व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य व कार्यस्थल स्थिति संहिता असंगठित मजदूरों की इसमें कोई जगह नहीं। यह केवल उन संस्थानों पर लागू होगा जिनमें 10 से अधिक मजदूर हों – यानी बड़ी आबादी पूरी तरह कानून से बाहर। मालिकों को अमानवीय व असुरक्षित कार्यस्थितियाँ देने का मौका मिल जाता है। 3. सामाजिक सुरक्षा व पेशागत सुरक्षा संहिता ईएसआई, पीएफ, ग्रैच्युटी, पेंशन, मातृत्व लाभ आदि अब सरकार/मालिक की बाध्यताकारी ज़िम्मेदारी नहीं रहेंगे। ये लाभ केवल केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन पर निर्भर होंगे – यानी अनिश्चितता बढ़ेगी। मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा पूरी तरह कमजोर कर दी गई है। 4. औद्योगिक सम्बन्ध संहिता रोजगार सुरक्षा लगभग समाप्त – मालिक जब चाहे भर्ती करें और जब चाहे निकाल दें। 300 तक मजदूरों वाले कारखानों को लेऑफ/छँटनी के लिए सरकार से अनुमति लेने की जरूरत नहीं (पहले सीमा 100 थी)। हड़ताल से पहले 60 दिन का नोटिस अनिवार्य – संघर्ष का अधिकार सीमित। ठेका प्रथा को पूरी तरह कानूनी बना दिया गया। मजदूरों को लगभग गुलामी जैसी परिस्थितियों में धकेल दिया जाएगा। 90% अनौपचारिक मजदूरों की स्थितियाँ और भी बदतर होंगी। पुराने श्रम कानून भले पूरी तरह लागू न होते थे, पर वे संघर्ष और अदालत में राहत का आधार थे – अब वे अधिकार ही खत्म कर दिए गए हैं। नई संहिताएँ कॉरपोरेट और बड़े पूँजीपतियों को मजदूरों के खुले शोषण की छूट देती हैं। मालिक बिना जीवनयापन योग्य मजदूरी, बिना सामाजिक सुरक्षा और बिना गरिमामय कार्यस्थितियाँ दिए मजदूरों से काम करा सकते हैं। उपस्थित साथी -मनोज पहान रमेश महतो नरेश बेदिया, किशोर कुमार महतो सतनारायण सिंह, विक्की कुमार, शिव मिंज, प्रदीप सिंह सनी लाल, सुरेंद्र महतो फुलेश्वर महतो, ओमप्रकाश साहू, आनंद साहू, रूपेश साहू विनय गुप्ता आदि।

## करमा के अंसारी मोहल्ला में गंदा पानी की समस्या, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुजू :** कुजू ओपी क्षेत्र के करमा दक्षिणी पंचायत अंसारी मुहल्ला में लगातार गंदा पानी बहाए जाने से त्रस्त ग्रामीणों का धैर्य फूट पड़ा। काफी संख्या में मुहल्ले के ग्रामीण महिला पुरुष बीच सड़क पर रविवार को घंटों प्रदर्शन करते हुए डेरा डाल दिया। इस बारे में मांडू बीडीओ व सीओ को देते हुए ग्रामीणों की परेशानी से अवगत कराया गया। साथ ही मुहल्ले में गंदे पानी के बहाव से तत्काल निजात दिलाने का आग्रह किया गया। बताया गया कि अंसारी मुहल्ला में लंबे समय से गंदा पानी बहाए जाने से लोगों को आने जाने में परेशानी हो रही है। इस समस्या का स्थायी हल नहीं निकलने पर ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। मामले को लेकर प्रखंड के अधिकारियों ने पंचायत सचिव नीलकमल द्विवेदी को तत्काल करमा में प्रदर्शन स्थल पर भेजा। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि एक दिसंबर को अधिकारियों की मौजूदगी में जमीन की मापी करा समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया। प्रदर्शन में काफी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## इनरव्हील क्लब के जिलाध्यक्ष के आधिकारिक दौरा को लेकर कार्यक्रम हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की ओर से ज़िलाध्यक्ष रश्मि गुप्ता का आधिकारिक दौरा को लेकर स्पाइस गार्डन हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद जसमीत कौर, सुमन सोनी और जसप्रीत कौर की ओर से भक्तिमय गीत प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अनुप्रिया ने सुंदर शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। क्लब की अध्यक्ष नमिता श्रॉफ ने ज़िलाध्यक्ष सहित सभी क्लब की सदस्यों और अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। क्लब की सचिव जेनेशा वडेरा ने इस वर्ष की थीम स्टेप अप एंड लीड बाय एग्जांपल के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों का संक्षिप्त एवं प्रभावी विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान पीडीसी शर्मिष्ठा दत्ता ने इनरव्हील के मूल्यों एवं सेवा भावना पर प्रकाश डालते हुए क्लब अध्यक्ष नमिता श्रॉफ और उनकी पूरी टीम द्वारा किए जा रहे कार्यों की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि क्लब का कार्य क्षेत्र में सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। क्लब का बुलेटिन रूबरू का विमोचन ज़िलाध्यक्ष रश्मि गुप्ता द्वारा किया गया। इसके बाद क्लब अध्यक्ष नमिता श्रॉफ द्वारा ऑरेंज द वर्ल्ड संयुक्त राष्ट्र अभियान पर महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन संबंधी विशेष वीडियो प्रस्तुत किया गया। जिसे सभी ने सराहा। ज़िलाध्यक्ष रश्मि गुप्ता ने क्लब की ओर से किए गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा की और सदस्यों को इनर व्हील के संविधान एवं बायलॉज के महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने क्लब को भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## जिंदल फाउंडेशनू ने हॉस्पिटल ऑन व्हील्स के साथ मनाया डायबिटीज अवेयरनेस मंथ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पतरातू :** जिंदल फाउंडेशन पतरातू के सी एस आर विभाग ने डायबिटीज अवेयरनेस मंथ के दौरान अपनी विशेष पहल हॉस्पिटल ऑन व्हील्स के माध्यम से 25 पंचायतों का दौरा किया। इस दौरान 462 लोगों का ब्लड शुगर टेस्ट किया गया, जिनमें से 157 लोग डायबिटीज से प्रभावित पाए गए। सभी निदान किए गए लोगों को तुरंत फॉलो-अप केयर से जोड़ा गया और उन्हें आवश्यक मेडिकल सलाह भी प्रदान की गई। यह मोबाइल-क्लिनिक मॉडल ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जो दूरी, संसाधनों और इंफ्रास्ट्रक्चर की चुनौतियों को पार करते हुए लोगों तक आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचा रहा है। जिंदल फाउंडेशन के प्रवक्ता ने कहा, हमारी कोशिश है कि हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी गाँव या इलाके से हो, समय पर सही स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच सके। ह्यहॉस्पिटल ऑन व्हील्स इसी दिशा में उठाया गया एक सशक्त कदम है। यह पहल न केवल ग्रामीण समुदायों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ा रही है, बल्कि लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के प्रति भी प्रेरित कर रही है। फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे और हेल्थ कैंप आयोजित करने की योजना बना रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँच सकें।

## पेसा कानून एवं आदिवासी जमीन लूट के मुद्दों पर हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**सिमडेगा :** जिला से विशेष रूप से प्रदीप टोप्पो, पंकज टोप्पो, दीपक लकड़ा, किशोर मांझी एवं दीप्ति लकड़ा उपस्थित रहे। प्रतिनिधियों ने पेसा कानून के सही क्रियान्वयन, रैयती जमीन सुरक्षा, बाहरी तत्वों द्वारा हो रही कथित जमीन लूट तथा ग्रामसभा के अधिकारों को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पेसा कानून की मूल भावना आदिवासी स्वशासन को मजबूती देना है, परंतु सरकारी लापरवाही एवं दलाल तंत्र की सक्रियता से आदिवासियों की जमीन लगातार संकट में है। उन्होंने सरकार से मांग की। ग्रामसभा की अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का भूमि हस्तांतरण पूर्णतः अवैध घोषित किया जाए, जमीन लूट में शामिल भूमाफियाओं एवं भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। आदिवासी क्षेत्रों में पारंपरिक अधिकारों की पुनर्स्थापना सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में सभी प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि पेसा कानून और आदिवासी रैयत जमीन की रक्षा हेतु जन जागरण अभियान तेज किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर व्यापक आंदोलन भी किया जाएगा।

# समाज में समरसता का संदेश: आर्थिक रूप से कमजोर 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के द्वारा आज गुरु नानक स्कूल के ऑडिटोरियम में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आर्थिक रूप से कमजोर 51 जोड़ों की विधिवत शादी भारतीय रीति रिवाज के अनुसार 18 पंडितों के द्वारा संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और कार्यक्रम के आयोजन सह संयोजक गोविंद मेवाड़ के अलावा भारत विकास परिषद के दिल्ली एवं रांची के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में रामगढ़ शहर के कई प्रबुद्ध एवं बुद्धिजीवी लोग शामिल हुए जो इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। मौके पर कार्यक्रम के आयोजक गोविंद मेवाड ने बताया कि आज भारत विकास परिषद के तरफ से 51 ऐसे जोड़ों की शादी कराई जा रही है जो विवाह करने में सक्षम नहीं थे। मौके पर पहुंचे विधायक रोशन लाल चौधरी ने बताया कि आज का यह पुण्य काम पूरे समाज को यह संदेश देगा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ के अनुसार दायित्व का निर्वाह करना चाहिए अपने से गरीब व्यक्तियों की सेवा करनी चाहिए ऐसा करने से बेटी बाप पर बोझ नहीं रहेगी।कार्यक्रम में पहुंचे हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है, समाज में एक रूप और समरसता लाने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का हम सभी को स्वागत करना चाहिए, अगर समाज के हर समृद्ध व्यक्ति अगर एक बेटी की जिम्मेवारी उठा ले तो इस देश में बेटी कभी अभिशाप नहीं बनेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### धनंजय कुमार पुटूस का 31वां जनता दरबार आयोजित राशन-जल संकट पर लोगों ने उठाई आवाज



**रामगढ़ :** रामगढ़ की जनता की आवाज और समस्याओं को सीधा सुनने के लिए भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस ने अपने कार्यालय में 31 वा जनता दरबार आयोजित किया। जनता दरबार में सुबह 11 बजे से ही लोगों की भीड़ दिखी। जनता दरबार में जिन प्रमुख मुद्दों को जनता ने उठाया, उनमें राशन कार्ड एवं पानी की समस्या अहम रही। धनंजय कुमार पुटूस ने हर शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए कहा जनता की समस्या मेरा निजी मुद्दा है। किसी भी विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता की लड़ाई जनता के बीच से ही लड़ूँगा और हर समस्या को हल कराना मेरी जिम्मेदारी है।

### श्री कृष्ण विद्या मंदिर में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**रामगढ़ :** रामगढ़ श्री कृष्ण विद्या मंदिर में विद्यालय के बच्चों द्वारा निर्मित विभिन्न आकर्षक मॉडलों से सुसज्जित विज्ञान एवं कला की अद्भुत प्रदर्शनी लगाई गयी। मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत में बाल वाटिका के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि एवं उपस्थित विद्यालय सचिव विमल किशोर जाजू, श्री कृष्ण विकास संस्थान के अध्यक्ष महेश अग्रवाल, रामप्रताप रानीलिया कृष्णा पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष महावीर बौदिया एवं रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर तथा ओंकार मिशन हाई स्कूल से आए जज के रूप में विज्ञान शिक्षक सुनील कुमार, सौरभ कुमार, सोनू कुमार, देव कुमार तथा मुकेश कुमार को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान के पश्चात एक सामूहिक नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया गया।आज के प्रदर्शनी में रामगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र से आए सैकड़ो अभिभावक मौजूद थे। मुख्य अतिथि विद्यालय अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों का यह प्रयास उनके भविष्य को प्रतिबिंबित करता है। विद्यालय के बच्चों ने जिस उत्साह, लगन एवं कुशलता के साथ विभिन्न मॉडलों का निर्माण कर प्रदर्शनी प्रस्तुत किया है वह अत्यंत ही सराहनीय है। उन्होंने संबंधित अभिभावकों को और अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह करते हुए उनके सहयोग की प्रशंसा की। विद्यालय के शिक्षक विक्रम सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा प्रस्तुत फाइटर जेट एवं अन्य जीवंत मॉडलों ने सभी को काफी प्रभावित किया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत विभिन्न मॉडलों एवं बच्चों के द्वारा ही उन मॉडलों की सुंदर एवं विस्तृत व्याख्या ने सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका रंजू कुमारी, नंदनी कुमारी, उषा सिंह, रंजन बोस, अभिषेक वर्मा, मनोरंजन कुमार, विजय तिवारी, दीपायन मुखर्जी, प्रांतिक रॉय, अर्चना कुमारी, गुरप्रीत कौर, शारीक आलम, अमित कुमार सिंह आदि के साथ-साथ गैरशिक्षण कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा। मंच का संचालन शाहीन नाज के द्वारा किया गया। आज के प्रदर्शनी में उपस्थित सभी अभिभावकों ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शनी (विज्ञान एवं कला) की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का समापन विज्ञान शिक्षिका रंजू कुमारी के द्वारा किए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुंगाधाम में 1 दिसंबर से द्वितीय सावधिक परीक्षा शुरू

**बानो :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर केतुंगाधाम में द्वितीय सावधिक परीक्षा 1 दिसम्बर 2025, दिन सोमवार से प्रारंभ होने जा रही है। यह जानकारी विद्यालय के प्राचार्य सुकरा केरकेट्टा ने दी। प्राचार्य श्री सुकरा केरकेट्टा ने बताया कि परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने छात्रों से समय पर विद्यालय पहुंचने और परीक्षा नियमों का पालन करने की अपील की और बच्चे पढ़ने के लिए स्कूल आएं और पढ़ लिख कर समाज सेवा हेतु निकले। विद्यालय परिवार को उम्मीद है कि छात्र अच्छे उत्साह और अनुशासन के साथ परीक्षा में भाग लेंगे।

### दिलीप तिर्की बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के स्टेट को कन्वेयर



**सिमडेगा :** दिलीप तिर्की को मिली बड़ी जिम्मेदारी। कांग्रेस पार्टी के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के बनाए गए स्टेट को कन्वेयर। दिलीप तिर्की ने पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रास रूट पर लोगों को राजनीति से जोड़कर पार्टी की विचारधारा को मजबूत करेंगे। उन्होंने संगठन के स्टेट चेयरपर्सन सुनीत शर्मा के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जो जिम्मेवारी सौंपी है उस जिम्मेवारी को पुरी तत्परता के साथ निभाया जाएगा।

### जगदीश साहू की बेटी के शादी समारोह में शामिल हुए विधायक भूषण बाड़ा

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा अपनी धर्मपत्नी सह जिप सदस्य जोसिमा खाखा के साथ तेली समाज के अध्यक्ष जगदीश साहू जी की द्वितीय सुपुत्री के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही उन्होंने वर-वधु को पुष्पगुच्छ देकर वैवाहिक जीवन की बधाई एवं आशीर्वाद दिया। विधायक ने दोनों के सुखद और खुशहाल जीवन के लिए प्रार्थना भी की।

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन लीग मैच में बारुद बी की टीम बनी विजेता

**सिमडेगा :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित लीग मैच में रविवार को एक मैच खेला गया। बारुद क्रिकेट क्लब बनाम बारुद क्रिकेट क्लब बी के बीच खेले गए मैच में बी टीम ने बड़ी जीत हासिल की है। पहले बल्लेबाजी करते हुए बारुद बी ने 29 ओवर में 182 रन बनाया था। जवाबी पारी खेलने उतरी बारुद क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 60 रन में ही ऑल आउट हो गई। बी टीम की ओर से फैजान खान ने सर्वाधिक 68 रन बनाए। गेंदबाजी में सागर कुमार ने 11 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। सागर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भी दिया गया।

# जिहाद, हिंसा, जमीयत उलेमा-ए-हिंद और मौलाना मदनी

भोपाल में जमीयत उलेमा-ए-हिंद के कार्यक्रम में मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिया गया वक्तव्य, "जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा" इसे वास्तव में सिर्फ एक टिप्पणी नहीं माना जा सकता है, यह एक ऐसा कथन है जिसके सामाजिक-राजनीतिक प्रभाव दूर तक जाते हैं। खासकर इसलिए क्योंकि "जिहाद" शब्द आधुनिक समय में एक विवादित और अक्सर हिंसा से जुड़ी अवधारणा बन चुका है। मदनी मानते हैं कि "जिहाद" एक पवित्र कर्तव्य है, अन्याय के विरुद्ध संघर्ष का नाम है और हिंसा अथवा आतंक से उसका कोई संबंध नहीं, किंतु सवाल यह है कि यदि "जिहाद" वास्तव में इतना ही पवित्र और नैतिक अवधारणा है तो दुनिया के अनेक इस्लामिक, मजहबी हिंसक समूह उसे हत्याओं का औजार क्यों बनाते आए हैं और अब भी बना रहे हैं? सभी समझें कि यह प्रश्न भावनात्मक नहीं है, ऐतिहासिक और भू-राजनीतिक सच्चाइयों का परिणाम है क्योंकि इससे जुड़ा पूरा इतिहास आज मौजूद है। बीते चार दशकों में जितने बड़े अंतरराष्ट्रीय आतंकी आक्रमण हुए, न्यूयॉर्क से लेकर मुंबई, दिल्ली से लेकर पेरिस तक उनमें दोषियों ने अपने कृत्य को अक्सर "जिहाद" के नाम पर उचित ठहराया है। क्या वे सभी समूह किसी "जुल्म" का उत्तर दे रहे थे? क्या उन पर दुनिया अत्याचार कर रही थी? यदि नहीं तो फिर भारत एवं दुनिया भर में सभी इस्लामी नेतृत्व को इस पर खुलकर कहना चाहिए कि हिंसा का यह रूप इस्लाम नहीं है। दुखद यह है कि ऐसा स्पष्ट और साहसी प्रतिरोध "इस्लाम समूह" के रूप में दिखाई नहीं देता है। अब तक जितने भी इस्लामिक आतंकवादी भारत में पकड़े गए हैं, उनमें अधिकांश से स्वयं से स्वीकार किया है कि वे गैर मुसलमानों के खिलाफ "जिहाद" एक पवित्र युद्ध कर रहे हैं! अब इसे कैसे नकारा जा सकता है? यह तथ्य तो तमाम जगह पुलिस और न्यायालयो के रिकार्ड में मौजूद है। वस्तुतः The Legacy of Jihad जैसी पुस्तकों में दर्ज विस्तृत शोध यह दिखाता है कि जिहाद की ऐतिहासिक अवधारणा में आध्यात्मिक संघर्ष (नफ्स के खिलाफ), सामाजिक न्याय और अन्याय के विरोध का तत्व तो था, परंतु सदियों में राजसत्ता, राजनीति और कट्टरपंथी नेतृत्व ने इसे कई बार "पवित्र युद्ध" का रूप भी दिया और इस्लाम के बने रहने और उसके विस्तारवाद के लिए अब भी दे रहे हैं। पुस्तक यह आलोचनात्मक दृष्टि प्रस्तुत करती है कि इस्लाम के मजहबी आदर्श और राजनीतिक महत्वाकांक्षा के मिश्रण ने इसे हिंसक दिशा की ओर मोड़ दिया। इसी तरह Jihad: The Trail of Political Islam आधुनिक जिहादी आंदोलनों की जड़ें समझाती है और बताती है कि कैसे राजनीतिक इस्लाम ने जिहाद को वैचारिक हथियार की तरह उपयोग किया। The Mind of Jihad और Jihad and Death जैसी पुस्तकों को भी एक बार जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी को अवश्य पढ़ लेना चाहिए, जो यह विश्लेषण करती हैं कि आज की आतंकी मानसिकता जिहाद को "नैतिक कर्तव्य" बताकर आत्मघाती हिंसा का औचित्य तैयार करती है। वहीं, Salafi-Jihadism यह स्पष्ट करती है कि कट्टरपंथी समूहों ने जिहाद को धर्म से अधिक विचारधारात्मक युद्ध का रूप दे दिया है। दुनिया भर में इस्लाम का शासन और उम्मा की सोच ही इस "जिहाद" के केंद्र में है। इन सभी अध्ययनों से यह सामान्य निष्कर्ष उभरता है कि जिहाद का आध्यात्मिक अर्थ और उसका आधुनिक राजनीतिक-हिंसक अर्थ एक-दूसरे से बहुत भिन्न हैं। यदि मदनी और उनके समर्थक "जिहाद" को शुद्ध आध्यात्मिक व नैतिक सिद्धांत के रूप में मानते हैं, तो यह स्पष्ट रूप से कहा जाना चाहिए कि आतंकवाद के नाम पर किया गया "जिहाद" इस्लाम के विरुद्ध अपराध है। लेकिन प्रश्न यह है कि भारत में यह स्पष्ट विभाजन कौन करेगा? भारत का मुसलमान समुदाय बहुसंख्यक रूप से शांतिप्रिय, लोकतांत्रिक व्यवस्था में आस्था रखने वाला और सामाजिक ताने-बाने का अभिन्न हिस्सा है, पर कट्टरपंथियों द्वारा "जिहाद" शब्द के दुरुपयोग की जिम्मेदारी भी किसी न किसी को लेनी होगी।

## दैनिक पंचांग

**01 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 07.37 बजे से |
| चंद्र | मीन में | मकर | 09.42 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.28 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 13.01 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मेष | 14.32 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | वृष | 16.12 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 18.10 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.23 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 22.39 बजे से |
| **राहुकाल** | | कन्या | 00.51 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | तुला | 03.02 बजे से |
| बजे तक | | वृश्चिक | 05.17 ब.से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 335 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** एकादशी 19.02 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 23.18 बजे को समाप्त।
**योग** व्यतीपात 00.59 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 08.21 बजे, विष्टि 19.02 बजे तदनन्तर बव 05.34 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 10.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 48'
**सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872545
**जूलियन दिन** 2461010.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 09
**विशेष** मोक्षदा एकादशी, गीता जयंती, गुरुवायूर एकादशी, विश्व एड्स दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# भारत का आर्थिक विकास : सहकारिता से समृद्धि की ओर

**प्रहलाद सबनानी**

भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है और हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक आपस में भाई-चारे के साथ मिलजुल कर रहते आए हैं। इस दृष्टि से देखा जाय तो सहकार की भावना हम भारतीयों के डीएनए में है। इसी विषय के दृष्टिगत एक बार पुनः आज भारत के प्रत्येक गांव को खुशहाल एवं समृद्ध बनाने की लिए समस्त गावों को सहकारिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। "सहकार से समृद्धि" का नारा भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर दिया गया है। भारत में आज सहकारी समितियों की स्थापना को बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकि भारत में सहकारी समतियां, स्व-सहायता, स्व-जिम्मेदारी, लोकतंत्र, समानता, न्याय एवं एकजुटता जैसे भारतीय मूल्यों के आधार पर कार्य करती हुई दिखाई देती हैं। साथ ही, जिन 7 सिद्धांतों के आधार पर इन समितियों के कार्य करने की अपेक्षा रहती है, उससे इन समितियों के सफल होने की सम्भावना बढ़ जाती है। यह 7 सिद्धांत हैं - खुली और स्वैच्छिक सदस्यता; लोकतांत्रिक तरीके से सदस्यों की भागीदारी; सदस्यों की आर्थिक भागीदारी; स्वायत्तता और स्वतंत्रता; शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचनाः कोआपरेटिव के बीच सहयोग; समुदाय के प्रति सरोकार। सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्ण मिलजुल कर समान स्तर पर आपसी आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं। समृद्धि केवल धन-संपत्ति से कहीं अधिक है, यह तब होती है जब सभी लोगों को फलने-फूलने का अवसर और स्वतंत्रता प्राप्त होती है। समृद्धि एक समावेशी समाज पर आधारित होती है, जिसमें एक मजबूत सामाजिक अनुबंध होता है जो प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करता है। सहकारिता का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाना और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसा संगठन है जो सदस्यों को सशक्त बनाता है और उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है।

भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरूआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को शीघ्र ही यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब "सहकार से समृद्धि" की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।

भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93,000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है।

उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है।

ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35,000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। संचालन और कार्यों की प्रकृति के आधार पर मुख्यतः छह प्रकार की सहकारी समितियां होती हैं। इनमें उपभोक्ता सहकारी समितियां, उत्पादक सहकारी समितियां, विपणन सहकारी समितियां, कृषक सहकारी समितियां, ऋण सहकारी समितियां और सहकारी आवास समितियां शामिल हैं।

उक्त वर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं। 29 जून, 2022 को भारत सरकार द्वारा 63,000 क्रियाशील प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए 2,516 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ परियोजना को मंजूरी दी गई थी।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिती लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं।

सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था एवं केंद्र सरकार द्वारा अब किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है। परंतु दूध के उत्पादन के मामले में भारत के कुछ भाग ही, जैसे पश्चिमी भाग, सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। देश के उत्तरी भाग, मध्य भाग, उत्तर-पूर्व भाग में दुग्ध उत्पादन का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रहा है। जबकि ग्रामीण इलाकों में तो बहुत बड़ी जनसंख्या को डेयरी उद्योग से ही सबसे अधिक आय हो रही है। अतः देश के सभी भागों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। केवल दुग्ध सहकारी समितियां स्थापित करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं होगा।

डेयरी उद्योग को अब पेशेवर बनाने का समय आ गया है। गाय एवं भैंस को चिकित्सा सुविधाएं एवं उनके लिए चारे की व्यवस्था करना, आदि समस्याओं का हल भी खोजा जाना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में किसानों की आय को दुगुना करने के लिए सहकारी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना करनी होगी। इससे खाद्य सामग्री की बबार्दी को भी बचाया जा सकेगा। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष लगभग 25 से 30 प्रतिशत फल एवं सब्जियों का उत्पादन उचित रख रखाव के अभाव में बर्बाद हो जाता है।

शहरी क्षेत्रों में गृह निर्माण सहकारी समितियों का गठन किया जाना भी अब समय की मांग बन गया है क्योंकि शहरी क्षेत्रों में मकानों के अभाव में बहुत बड़ी जनसंख्या झुग्गी झोपड़ियों में रहने को विवश है। अतः इन गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा मकानों को बनाने के काम को गति दी जा सकती है। देश में आवश्यक वस्तुओं को उचित

# विश्व मानव मन में उठते हर सवालों के जवाब 'गीता' में निहित है

**विजय केसरी**

श्रीमद्भागवतगीता जिज्ञासा और समाधान का एक मूल ग्रंथ है। इस ग्रंथ में विश्व मानव मन में उठते हर सवालों के जवाब निहित हैं। ऐसी मान्यता है कि श्रीमद्भागवतगीता हिंदुओं का एक पवित्र ग्रंथ है। लेकिन इस ग्रंथ में विश्व कल्याण का संदेश निहित है। यह ग्रंथ संपूर्ण मानव जाति के कल्याण और आवागमन के चक्र से मुक्ति और मोक्ष पर आधारित है। विश्व के कई विद्वानों ने अपने शोधों में यह सिद्ध किया है कि श्रीमद्भागवतगीता न सिर्फ हिंदुओं का एक मूल ग्रंथ है बल्कि समस्त मानव जाति के कल्याण के निमित एक अमूल्य ग्रंथ है। भगवान श्री कृष्णा रणभूमि में अर्जुन को कर्म, धर्म और आत्मा के संबंध में उपदेश देते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने जिस काल खंड में ये बातें कही थीं, हजारों वर्ष बीत जाने के बाद भी उसकी प्रासंगिकता संपूर्ण मानव जाति के लिए ज्यों की त्यों बनी हुई है। यह बात इस ग्रंथ की महत्ता और विशालता को दशार्ता है। गीता की व्याख्या के कई पहलू हैं, जिनमें इसके धार्मिक, दार्शनिक और व्यावहारिक अर्थ शामिल हैं। समय - समय पर गीता की व्याख्या विभिन्न विद्वानों ने अपने-अपने नजरिए से की। गुरु शंकराचार्य, महात्मा गांधी, बाल गंगाधर तिलक, डॉ राधाकृष्णन और ओशो रजनीश जैसे लोग शामिल हैं।

गीता में इश्वर की अवधारणा, अवतार और माया की व्याख्या की गई है। यह बताती है कि जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब ईश्वर अवतार लेते हैं। यह जीवन जीने की कला सिखाने वाला एक दार्शनिक ग्रंथ है। इसे "योग-शास्त्र" भी कहा जाता है क्योंकि यह आत्मा को परमात्मा से जोड़ने के विभिन्न मार्ग सिखाता है। यह ज्ञानयोग, भक्तियोग और कर्मयोग जैसे तीन मुख्य मार्गों का समन्वय करता है। यह जीवन के उतार-चढ़ाव के बीच स्थिर रहने और आंतरिक शांति विकसित करने के बारे में सिखाती है। यह सिखाती है कि अपने कर्तव्यों को निःस्वार्थ भाव से और परिणामों की चिंता किए बिना पूरा करना चाहिए। यह सिखाती है कि आत्मा शाश्वत है और मृत्यु केवल एक शरीर का अंत है, आत्मा का नहीं।

श्रीमद्भागवतगीता अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने की प्रेरणा प्रदान करती है। गीता सत्य से साक्षात्कार करवाती है। श्रीमद्भागवत गीता का उदय रणभूमि में हुआ था। यह कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि एक महा संग्राम था। एक ओर सत्य अपनी पहचान के लिए संघर्ष कर रहा था। वहीं दूसरी ओर असत्य स्वयं को स्थापित करने के लिए संघर्ष कर रहा था।

रणभूमि में जब अर्जुन ने सामने भीष्म पितामह, गुरु द्रोणाचार्य और अपने ही सगे संबंधियों को सामने देखा, वे पारिवारिक माया मोह में फंस गए। अर्जुन के हाथ पांव कांपने लगे थे। वे कैसे अपने ही कुटुंब को अपने ही बाणों से मार दे? भगवान कृष्ण अर्जुन के सारथी के रूप में युद्ध भूमि में पांडवों के साथ शामिल थे। वे अर्जुन के मन में उठते सवालों को समझ चुके थे। यह दृष्टांत समस्त मानव जाति को समझने की जरूरत है। आज हम सबों को गीता में भगवान कृष्ण ने जो उपदेश दिया, उसको पढ़कर, समझकर और मनन करने की जरूरत है। हमारा जन्म मां की कोख से होता है। जैसे ही हम इस धरा पर जन्म लेते हैं। हमारा अपने जीवन और अस्तित्व से संघर्ष शुरू हो जाता है। जीवन का यह संघर्ष तब तक चलता है, जब तक हमारी मृत्यु नहीं हो जाती है। हमारे जन्म और मृत्यु के बीच का जो जीवन है, एक रणभूमि के समान होता है। जीवन के इस संघर्ष में एक और सत्य है, तो दूसरी ओर असत्य है। इस रणभूमि में हम किसके साथ होकर एक योद्धा के रूप में शामिल होते हैं? यह सबसे महत्वपूर्ण सवाल और बात है। अगर हम असत्य के साथ एक योद्धा के रूप में शामिल होते हैं, तब हमारा सर्वनाश निश्चित है। वहीं दूसरी ओर के सत्य एक योद्धा के रूप में शामिल होते हैं, तब हम आवा गमन के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष को प्राप्त होते हैं। ऐसा श्री मद्भागवतगीता में उद्धृत है।

अर्जुन, युद्ध भूमि में पारिवारिक माया मोह में फंस गए थे। उनसे अब धनुष बाण भी उठाया नहीं जा रहा था। जबकि उनके अपने ही खून पांडवों ने एक सूई की नोक के बराबर जमीन नहीं देना चाहते थे। लाह गृह में पांचों पांडवों को मारने की साजिश कौरवों ने की थी। पांचों पांडवों की बड़ी मुश्किल से जान बच पाई थी। चौदह वर्षों तक पांचों पांडव निर्वासन की जिंदगी जीने के लिए विवश हो गए थे। पांचों पांडवों की ओर से बहुत कोशिश की गई थी कि यह युद्ध ना हो। भगवान कृष्णा ने भी कौरवों को बहुत समझाया था, लेकिन युद्ध टला नहीं। युद्ध हुआ ही। इन तमाम कष्टों से गुजरने बावजूद अर्जुन माया मोह के ऐसा फंस चुके थे, इससे निकले बिना युद्ध भूमि में अर्जुन अपनी वीरता स्थापित कर ही नहीं पाते। माया मोह में फंसे अर्जुन को इस अंधकार से मुक्त करने के लिए रणभूमि में ही उपदेश देना पड़ा था।

अगर अर्जुन माया मौह के बंधन से मुक्त नहीं होते, तब युद्ध पूर्ण कैसे होता? तब युद्ध भूमि पर भगवान कृष्ण ने अपने वास्तविक स्वरूप का दर्शन अर्जुन को कराया। जैसे ही अर्जुन को भगवान श्री कृष्ण के ईश्वर रूप का दर्शन हुआ, उसके मन में उठते सवालों और शंकाओं का समाधान हो गया था। अब उसे समझ में आ गया कि जन्म देने वाला ईश्वर है। पालने वाला ईश्वर है। मारने वाला भी ईश्वर है। युद्ध भूमि में तो पांचों पांडव तो एक निमित्त मात्र है। मारने वाला भी ईश्वर अंश है। मरने वाला भी ईश्वर का अंश है। जन्म भूमि में अगर कोई योद्धा है, तो वह है, देवों के देव कृष्ण देव।

भगवान श्री कृष्णा ने अर्जुन को ईश्वर रूप का दर्शन करने के बाद उन्होंने जो कुछ कहा,वही श्रीमद् भागवत गीता है। उन्होंने क्या कहा? यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। गीता कहती है, जो आज मेरा है, कल किसी और का था। और आगे भविष्य में किसी और का होगा। यह पूरी तरह प्रमाणिक है। इस तरह की बातें इससे पूर्व नहीं कही गई थी। जब व्यक्ति माया मोह के बंधन में जकड़ जाता है, तब ये उपदेश जीवन में एक नई ऊर्जा और एक नई उत्साह भर देती है।

जिस दिन भगवान कृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था, वह दिन मार्गशीर्ष मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि थी। इसे मोक्षदा एकादशी भी कहते हैं। इस दिन को गीता जयंती रूप में मनाया जाता है। श्रीमदभागवतगीता की व्याख्याओं का अंत नहीं है। इस ग्रंथ के 18 अध्याय में वैचारिक स्तर के विभिन्न योग पर सूक्ष्म दृष्टि डालने पर लगता है कि अर्जुन की जिज्ञासाओं का ही नहीं बल्कि समस्त मानव जाति के समाधान का ग्रंथ है। गीता का हर एक श्लोक भगवान श्री कृष्ण के मुख से निकला है। कलयुग में गीता का उपदेश हमे जीवन जीने का ढंग भी सीखते हैं। गीता के विषय में हमारे शोध कथाओं का कथन है कि जिसने भी जीत का समग्रता पूर्वक अध्ययन किया, उसने अपने जीवन की तमाम भ्रांतियां से मुक्त कर लिया। गीता लोगों के जीवन में एक नई उत्साह और उल्लास भर देती है। गीता जीवन के संघर्ष को सहज और सरल बना देती है। हम सबों को गीता से साक्षात्कार करने का संकल्प लेना चाहिए। सच्चे अर्थों में गीता से साक्षात्कार का अर्थ है,भगवान श्री कृष्ण का दर्शन।

# यह है देश में चल रही 'स्पेशल रेल गाड़ियों' के संचालन की सच्चाई

**तनवीर जाफरी**

गत दिनों अपने किसी निजी कार्यवश अचानक बिहार जाने का कार्यक्रम बन गया। प्रायः शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा दरभंगा आना जाना होता है परन्तु इस बार चूँकि मात्र एक सप्ताह पूर्व ही दरभंगा जाने की तिथि निर्धारित हुई इसलिये शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस में आरक्षण न मिल पाने के चलते आने जाने हेतु अन्य विकल्प तलाश करने पड़े। ऐसे ही वैकल्पिक ट्रेन थी अमृतसर - जयनगर 'स्पेशल ट्रेन' यानी 04652 । इस ट्रेन के अमृतसर से अंबाला पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट था और दरभंगा पहुंचने का निर्धारित समय अगले दिन शाम 5.30 बजे था। अर्थात पूरी यात्रा लगभग 26 घंटे 30 में तय होनी थी। परन्तु यह ट्रेन अगले दिन शाम 5.30 बजे दरभंगा पहुँचने के बजाये तीसरे दिन सुबह लगभग 8.30 बजे पहुंची। यानी यह 'स्पेशल ट्रेन' 04652 लगभग 15 घंटे की देरी से दरभंगा पहुंची। इतना ही नहीं जहाँ दूसरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स का अंबाला-दरभंगा का ए सी थ्री का किराया लगभग 1500 रुपये है वहीं इस तथाकथित 'स्पेशल ट्रेन' के नाम पर यात्रियों से किराया भी करीब 2000 रुपए वसूल किये गये।

इसी तरह वापसी के लिये भी जिस ट्रेन में ए सी थ्री श्रेणी में आरक्षण मिल सका वह भी दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 02569 थी। इसका भी दरभंगा से छूटने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 30 मिनट था परन्तु यह वहां से प्रातः 9 बजकर 40 मिनट पर यानी तीन घंटा दस मिंट के विलंब से रवाना हुई। और अपने निर्धारित समय यानी अगले दिन सुबह 4 बजे नई दिल्ली पहुँचने वाली यह स्पेशल ट्रेन लगभग 1. 30 बजे दोपहर अर्थात करीब दस घंटे की देरी से नई दिल्ली स्टेशन पहुँच सकी। इसका भी ए सी थ्री श्रेणी का किराया 1900 रुपए था जबकि अन्य सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में 1500 के आस पास होता है। इस लेट लतीफी के परिणाम स्वरूप कितने यात्रियों को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा रेल विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं। रास्ते में ट्रेन में खाने पीने व वाशरूम में जल आपूर्ति संबंधी कैसी कैसी परेशानियों का सामना यात्रियों ने किया रेल विभाग से इसका भी कोई वास्ता नहीं। रेल विभाग को तो यात्रियों की जेब से 'स्पेशल ट्रेन' के नाम पर ठगे गए फालतू किराये भर से ही मतलब है।

इस समय आपको देश के कई भाग से इसी तरह की अनेक ट्रेन स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलती दिखाई दे जाएँगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अधिकांश स्पेशल या क्लोन ट्रेन इसी तरह घंटों नहीं बल्कि दिन के हिसाब से लेट चल रही हैं। जानकारी जुटाने पर पता चला कि यह वही ट्रेन्स हैं जिन्हें पिछले दिनों त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलाया गया था। परंतु चूंकि इसका किराया अन्य ट्रेन्स की तुलना में काफी अधिक है और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते यह ट्रेन्स त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी यात्रियों की भारी भीड़ ढो रही हैं इसलिये रेल विभाग भी इसे अपनी कमाऊ योजना समझकर त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी चला रहा है। अब चूँकि इस तरह की स्पेशल या क्लोन रुपी ट्रेन्स सप्ताह में 3 या चार दिन ही चलती हैं इसलिये इनके एक या दो दिन लेट हो जाने पर भी रेल विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता। हाँ यात्रियों को जो परेशानियां उठानी पड़ती है उसका रेल विभाग या सरकार से कोई वास्ता ही नहीं। किसी यात्री की अस्पताल में डॉक्टर से महीनों पहले ली गयी अपॉइंटमेंट निरस्त हो जाती है जिससे उसकी जान व सेहत प्रभावित होती है। किसी की परीक्षा छूट जाती है किसी को नौकरी ज्वाइन करनी होती है किसी को शादी ब्याह में शामिल होना होता है। गोया लोगों की तरह तरह की व्यस्तताओं पर रेल विभसग की लेट लतीफी पानी फेर देती है। जब स्पेशल या क्लोन ट्रेन के नाम पर संचालित रेलगाड़ियों की यह स्थिति है तो सामान्य ट्रेन्स की हालत का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। खासकर बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियां तो लगभग हमेशा ही विलंब व अति विलंब से ही चलती हैं। सुबह की ट्रेन शाम व शाम को पहुँचने वाली ट्रेन का अगले दिन सुबह अपने गंतव्य तक पहुंचना तो गोया आम बात हो चुकी है।

सच तो यह है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पहले से चल रही सामान्य /एक्सप्रेस व मेल ट्रेन्स को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित करना नहीं बल्कि वंदे भारत ट्रेन्स की संख्या बढ़ाना है। वंदे भारत ट्रेन्स संचालित करने के पीछे भी यही कहानी है कि इसमें अन्य ट्रेन्स की तुलना में किराया काफी अधिक है जिसे साधारण व्यक्ति खासकर 5 किलो मुफ़्त राशन पर जीने को मजबूर व 10 हजार रुपए लेकर वोट डालने वाली महिलायें तो कम से कम सहन नहीं कर सकतीं। सरकार की दूसरी प्राथमिकता देश के चुनिंदा रेल स्टेशन को चमकाने व उनका रंग रोगन करने की है। भले ही इन स्टेशन पर भिखारी कुत्ते गाय सांड आदि क्यों न डेरा जमाये हों। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन दशकों से नशेड़ियों व अपराधियों की शरण स्थली बने हुये हैं। आज भी देश के अनेक स्टेशन पर लूट चोरी ,जेब कतरी,जहर खुरानी,अवैध यात्री,रिश्वत खोरी आदि अपराध धड़ल्ले से अंजाम दिए जाते हैं। शर्मनाक तो यह है कि देश के तमाम रेल स्टेशन पर बाकायदा रेल विभाग की ओर से लाउडस्पीकर से जेब कतरों से सावधान रहने,जहर खुरानी से बचने व अपने सामन की सुरक्षा करने जैसी घोषणायें बार बार की जाती हैं। परन्तु सरकार के पास यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा मुहैया कराने की न तो कोई योजना है और शायद न ही यह उसकी भावी योजनाओं का हिस्सा प्रतीत होती है। बल्कि सरकार तो बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। शायद बिहार जैसे राज्यों से आने वाले ताजातरीन चुनाव परिणामों के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर भी पहुँच चुकी है कि यू पी व बिहार जैसे घनी आबादी वाले राज्यों की जनता जब मुफ़्त राशन व नकद पैसों के बदले वोट दे ही देती है तो उसे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संचालन जैसे विषय से क्या लेना देना और जिस जागरूक व शिक्षित वर्ग के रेल यात्री ट्रेन्स की लेटलतीफी या ट्रेन संचालन की अन्य त्रुटियों से प्रभावित होते भी हैं या इसे महसूस करते हैं उनकी संख्या 'लाभार्थी मतदाताओं ' से तो आखिर कम ही है?

## दैनिक पंचांग

**01 दिसम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



ग्रह स्थिति: सूर्य वृश्चिक में, चंद्र मीन में, मंगल वृश्चिक में, बुध तुला में, गुरु कर्क में, शुक्र वृश्चिक में, शनि मीन में, राहु कुंभ में, केतु सिंह में। राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक
लग्नारंभ समय: धनु 07.37 बजे से, मकर 09.42 बजे से, कुंभ 11.28 बजे से, मीन 13.01 बजे से, मेष 14.32 बजे से, वृष 16.12 बजे से, मिथुन 18.10 बजे से, कर्क 20.23 बजे से, सिंह 22.39 बजे से, कन्या 00.51 बजे से, तुला 03.02 बजे से, वृश्चिक 05.17 ब.से

**सोमवार** 2025 वर्ष का 335 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल **तिथि** एकादशी 19.02 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 23.18 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 00.59 बजे रात्र को समाप्त। **करण** वणिज 08.21 बजे, विष्टि 19.02 बजे तदनन्तर बव 05.34 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.7 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 21° 48' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872545 **जूलियन दिन** 2461010.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 09 **विशेष** मोक्षदा एकादशी, गीता जयंती, गुरुवायूर एकादशी, विश्व एड्स दिवस।

दिन का चौघड़िया: अमृत 05.53 से 07.22 बजे तक, काल 07.22 से 08.50 बजे तक, शुभ 08.50 से 10.19 बजे तक, रोग 10.19 से 11.48 बजे तक, उद्वेग 11.48 से 01.17 बजे तक, चर 01.17 से 02.45 बजे तक, लाभ 02.45 से 04.14 बजे तक, अमृत 04.14 से 05.43 बजे तक
रात का चौघड़िया: चर 05.43 से 07.14 बजे तक, रोग 07.14 से 08.45 बजे तक, काल 08.45 से 10.17 बजे तक, लाभ 10.17 से 11.48 बजे तक, उद्वेग 11.48 से 01.19 बजे तक, शुभ 01.19 से 02.51 बजे तक, अमृत 02.51 से 04.2 बजे तक, चर 04.22 से 05.53 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ– शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# टाटा स्टील ने आयोजित किया हाफ मैराथन का 10वां संस्करण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** टाटा स्टील की ओर से रविवार को पूर्वी सिंहभूम हाफ मैराथन का 10 वां संस्करण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह आयोजन शहर को क्षेत्र के प्रमुख रनिंग हब के रूप में मजबूत पहचान देता है। लगातार दूसरे वर्ष शामिल किए गए हाफ मैराथन कैटेगरी के साथ 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 2 किलोमीटर की लोकप्रिय रनों का भी आयोजन किया गया। इस बार कुल 3,834 प्रतिभागियों ने दौड़ में हिस्सा लिया, जिसमें 932 महिलाएं और 2,902 पुरुष शामिल रहे। कार्यक्रम की शुरूआत टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टी.वी. नरेंद्रन, रुचि नरेंद्रन, डी. बी. सुंदर रामम, उपाध्यक्ष - कॉरपोरेट सर्विसेज, शैलजा रामम, डॉ. विनीता सिंह, महाप्रबंधक - मेडिकल सर्विसेज, ऋतुराज सिन्हा, प्रबंध निदेशक टाटा स्टील यूआईएसएल तथा उज्ज्वल चक्रवर्ती, कार्यकारी-इन-चार्ज झ टिनप्लेट सहित टाटा समूह के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। सभी अतिथियों ने 10वें संस्करण को मिली उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की और खेल को स्वास्थ्य, समावेशन और शहर के गौरव से जोड़ते हुए इसकी महत्ता बताई। प्रतियोगिता के दौरान सभी श्रेणियों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। हाफ मैराथन पुरुष वर्ग में मोहित यादव 1:04:05 समय के साथ विजेता बने। वहीं महिलाओं में भारती नयन ने 1:16:38 समय के साथ पहला स्थान हासिल किया। 10 किलोमीटर की दौड़ में पुरुष वर्ग में बलराम और महिला वर्ग में ज्योति ने बाजी मारी। 5 किलोमीटर में उभरते धावकों ने अपनी प्रतिभा दिखाई, जहां पुरुषों में अभिषेक और महिलाओं में मनाली सिंहा ने क्रमशः प्रथम स्थान हासिल किया। इस बार विभिन्न श्रेणियों में 1,398 धावक 10 किलोमीटर, 957 धावक 5 किलोमीटर, 1,047 धावक 2 किलोमीटर फन रन तथा 432 धावक हाफ मैराथन में शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि स्वस्थ जीवनशैली की ओर समाज में सकारात्मक बदलाव जारी है। इस संस्करण में टाटा कॉपर हाइड्रेशन पार्टनर, टाटा ग्लूको+ एनर्जी पार्टनर, जिंजर होटल्स हॉस्पिटैलिटी पार्टनर एवं कोरू फाउंडेशन सस्टेनेबिलिटी पार्टनर रहे। पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए आयोजकों ने लगभग शून्य-अपशिष्ट वाले आयोजन का संकल्प लिया। इसके तहत एकल-उपयोग सामग्री को कम किया गया, पुनः उपयोग को बढ़ावा दिया गया और अपशिष्ट पृथक्करण एवं रीसाइक्लिंग पर विशेष ध्यान दिया गया। पिछले दस वर्षों में टाटा स्टील जमशेदपुर रन शहर की पहचान बन चुका है। यह सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि सामुदायिक फिटनेस और सामाजिक एकता का उत्सव है, जिसमें कर्मचारी, परिवार, नागरिक और खिलाड़ी एक साथ आते हैं। हाफ मैराथन श्रेणी के विस्तार के साथ टाटा स्टील निरंतर स्वस्थ, सक्रिय, हरित और समावेशी जमशेदपुर के निर्माण की दिशा में संकल्पित है।




## एक नजर

### जहरीले सांप के काटने से मजदूर की हालत गंभीर

**साहिबगंज:** बरहरवा प्रखंड के कोटालपोखर क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर गांव के निकट बहियार में लगे बांग्ला ईट भट्ठा से ईट निकाल रहे गांगू टोला निवासी शकल टुडू को रविवार को किसी जहरीले सांप ने उंगली में काट लिया। सांप काटने के बाद भी आधे घंटे तक शकल टुडू ने ईट निकालने का कार्य करता रहा। जब युवक मूर्छित होने लगा तो ईट भट्ठा में ईट ले जाने आए ट्रैक्टर चालक देखा कि युवक भट्ठा के पास सोया हुआ है। तो ट्रैक्टर चालक ने युवक को चिकित्सक के पास ले गया। चिकित्सक ने जांच करने के उपरांत सांप काटने की बात कह कर हिरणपुर अस्पताल इलाज हेतु रेफर कर दिया गया। परिजनों ने आनन-फानन में युवक को इलाज के लिए हायर सेंटर लेकर चला गया।

### सिदो कान्हू स्टेडियम में कई दिनों से हाई मास्ट लाइट बंद, खिलाड़ी परेशान



**साहिबगंज:** जिला मुख्यालय स्थित सिदो कान्हू स्टेडियम में लगे हाई मास्ट लाइट पिछले कई दिनों से बंद पड़े होने के कारण खिलाड़ियों के साथ-साथ सुबह-शाम एक्सरसाइज करने आने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेडियम में अंधेरा रहने से जहां खिलाड़ियों की प्रैक्टिस प्रभावित हो रही है, वहीं आमजन भी असहज महसूस कर रहे हैं। खिलाड़ियों ने बताया कि लाइट संचालन कक्ष में बिजली ही नहीं आ रही है, जिसके कारण हाई मास्ट लाइट चालू नहीं हो पा रहा है। अंधेरा होने से दौड़ने और अभ्यास के दौरान दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही, लोगों का कहना है कि स्टेडियम में फैले अंधेरे का फायदा असामाजिक तत्व भी उठा सकते हैं, जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं। स्थानीय लोगों और खिलाड़ियों ने संबंधित विभाग से जल्द से जल्द लाइट की समस्या को ठीक करने की मांग की है ताकि स्टेडियम की गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो सकें। लोगों को सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस संबंध में नगर परिषद के सिटी मैनेजर वीरेश कुमार ने बताया कि लाइट की मरम्मत के लिए तकनीकी इंजीनियर को निर्देशित किया गया है। बहुत जल्द ठीक हो जाएगा।

### तालझारी थाना में हत्याकांड में पांच अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज

**साहिबगंज:** जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के बोहा के पास जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के बड़ा तौफीक मदनशाही निवासी बच्चन मुंडा हत्याकांड मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लेने की बात कर रही है। पुलिस हत्या के कारण अब तक पता नहीं लगा पायी है। हालांकि पुलिस दो एंगल पर छानबीन कर रही है। हत्याकांड मामले में मृतक की मां के बयान पर पांच अज्ञात व्यक्ति पर मामला दर्ज करवाया गया है। वहीं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम लोकेशन के आधार पर छापेमारी कर रही है। पुलिस हत्यारों को पकड़ कर मामले को शीघ्र सुलझाने की हरसंभव कोशिश में जुटी है। छापेमारी के दौरान टेक्निकल सेल की मदद ली जा रही है। आरोपी के नजदीकियों के यहां भी पुलिस छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार हत्या को लेकर पुलिस दो लोगों को पकड़ कर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी नितेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि हत्या मामले में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर गठित टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है।

## शौर्य चक्र से सम्मानित जवान की याद में लगाई गई, शहिद पट्टिका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय पुलिस लाइन परिसर में शौर्य चक्र से सम्मानित सीआरपीएफ के 118 बटालियन के शहीद हवलदार कुलदीप उरांव की याद में एक शहीद पट्टिका लगाई गई। शहिद पट्टिका धनबाद स्थित सीआरपीएफ कमान कार्यालय ने निर्माण कराया है। इसे लगवाने के मौके पर धनबाद सीआरपीएफ के कई पदाधिकारी उपस्थित थे। शहिद पट्टिका लगाकर शहिद कुलदीप उरांव को सच्ची श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक कुमार पासवान, शिक्षक अमित कुमार सिंह, सुहासिनी कुमारी, तारकेश्वर राय, परदेसी मुंडयारी, आदि ने पट्टिका पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर शहीद हवलदार के पिता घनश्याम उरांव, प्रदीप उरांव, दिव्यांशु उरांव, यश उरांव, येसी उरांव, पार्वती उरांव आदि उपस्थित थे।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा थाना अंतर्गत शुक्रवासनी गांव के पूर्व में स्थित जमीन विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों के बीच मारपीट होने का समाचार प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार एक विवादित जमीन पर शुक्रवासनी तथा साहेबडांगा गांव के लोग अपना-अपना दावा ठोक रहा है इसी बात को लेकर रविवार को दिन के करीब 10:00 बजे के आसपास जमीन कब्जा करने के क्रम में दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई। इस बात की सूचना किसी ने बरहरवा थाना पुलिस को दिया सूचना पाकर बरहरवा थाना के अवरनिरीक्षक राजनाथ शाह पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं कालू शेख नाम के एक व्यक्ति को पकड़कर थाना ले गई है। विवादित जमीन पर दोनों पक्ष अपना-अपना दावा ठोक रहा है। इस घटना को लेकर दोनों पक्षों के द्वारा बरहरवा थाना में आवेदन दिए जाने की बात कही जा रही है। बरहरवा थाना पुलिस से संपर्क नहीं हो पाने के कारण यहां पर उसका पक्ष नहीं रखा जा सका। बता दे कि इससे पहले भी उक्त भूमि को लेकर कई बार भू स्वामियों के बीच स्वयं विवाद हो चुका है। रविवार को घटित घटना को उसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### गैलेक्सी द ग्लोबल संस्थान अनाथ बच्चों को बांटे शिक्षा कीट और गरीबों को बांटे कंबल

**पाकुड़ :** साथी योजना और मिशन आलोक कार्यक्रम के तहत रविवार को शहर के मद्यपाड़ा में गैलेक्सी द ग्लोबल कंप्यूटर संस्थान की ओर से नि:शुल्क नामांकन प्राप्त अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा कीट, गरीबों के बीच कंबल और प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी अम्लान कुसुम सिंहा (बुल्टी) उपस्थित रहे। संस्थान के संस्थापक आलम अली ने पुष्पगुच्छ और शॉल देकर अतिथि का भव्य स्वागत एवं सम्मान किया। अम्लान कुसुम सिंहा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में पाकुड़ जिला लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने बताया कि आज के डिजिटल युग में कंप्यूटर शिक्षा बहुत आवश्यक है और संस्थान द्वारा यह पहल अत्यंत सराहनीय है।

## फॉसिल पार्क में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की गहन समझ और उसके फील्ड स्तर पर प्रभावी उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से साहिबगंज वन प्रमंडल के द्वारा 29 एवं 30 नवम्बर 2025 को मंडरो फॉसिल पार्क में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संथाल परगना के विभिन्न जिलों से आए वनरक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संथाल परगना के क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक डी. वेंकटेस्वरलु, आईएफएस रहे। उन्होंने उद्घाटन सत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा को वन विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी बताते हुए फील्ड स्टाफ को अद्यतन कानूनी जानकारी और व्यावहारिक दक्षता विकसित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण का संचालन लद्दाख वन्यजीव बोर्ड के सदस्य एवं विषय विशेषज्ञ डॉ. आर. के. सिंह ने किया। दो दिनों की कार्यशाला में उन्होंने अधिनियम की धाराओं, अनुसूचियों, दंड प्रावधानों, अपराधों की श्रेणीकरण व्यवस्था तथा फील्ड में लागू होने वाली प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि अवैध शिकार एवं वन्यजीव तस्करी की रोकथाम, मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन तथा वन अपराधों की जांच में अधिनियम का सही उपयोग किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके साथ ही दस्तावेजीकरण, सूचना संकलन, पंचनामा, जब्ती सूची, साक्ष्यों के संरक्षण तथा केस डायरी तैयार करने जैसी प्रक्रियाओं पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य फील्ड स्टाफ को कानून आधारित कार्रवाई में सक्षम बनाना, वन्यजीव सुरक्षा की समझ बढ़ाना तथा अपराधियों को प्रभावी ढंग से कानून के दायरे में लाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है।

## अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग संत जेवियर स्कूल ने 1 विकेट से दर्ज की जीत




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूनार्मेंट के तहत रविवार को संत जोसेफ एकेडमी बनाम संत जेवियर स्कूल ए के बीच मैच खेला गया। संत जोसेफ एकेडमी टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.2 ओवर में 133 रन बना कर ऑल आउट हो गयी। मो ताबिश अनवर ने 45 व आदित्य ने 16 रन की पारी खेली। संत जेवियर के गेंदबाज सूरज राज ने 5, हृतिक मोदी ने 2 व पार्थ सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जेवियर स्कूल की टीम ने 9 विकेट के नुकसान पर 19 ओवर में 137 रन बना कर 1 विकेट से मैच जीत लिया। विराट ने 16, शांतनु ने 17 व अभिषेक ने 17 रन की पारी खेली। संत जोसेफ एकेडमी के गेंदबाज देवांशु ने 3, वारिस अली व आदित्य कुमार ने 2-2 विकेट लिए। संत जेवियर के खिलाड़ी सूरज राज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रेम नाथ तिवारी ने सूरज को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व चंदन यादव एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

# सामुहिक दुष्कर्म के सभी पांच अभियुक्तों को पाकुड़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़/लिट्टीपाड़ा :** जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र में विगत दिनांक-28.11.2025 के रात्री में ग्राम हाथीगढ़ में आयोजित मेला से वापस अपने गांव रघुनाथपुर जाने के क्रम में ग्राम-बिझा के पुलिया के पास कुछ अपराधकर्मी द्वारा पीड़िता एवं उसके पति को जबरन रोक कर गाली-गलौज एवं मारपीट करने की धमकी देने तथा पीड़िता को जबरन धान के खेत में ले जाकर सामुहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में लिट्टीपाड़ा थाना कांड संख्या-61/2025, दिनांक-29.11.2025, धारा-126 (2)/115 (2)/70 (1)/3(5) बी०एन०एस० अंकित कर कांड के त्वरित अनुसंधान / उद्भेदन हेतु पुलिस अधीक्षक, पाकुड द्वारा विशेष अनुसंधान दल का गठन किया गया। उक्त गठित विशेष अनुसंधान दल द्वारा त्वरित कार्रवाई / छापेमारी करते हुए सामुहिक दुष्कर्म की घटना में संलिप्त सभी 05 (पाँच) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान में उक्त सभी अभियुक्तों द्वारा उक्त घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया गया। गिरफ्तार उक्त पाँचों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का संख्या**

डोमना उर्फ डोमा उर्फ बमड़ा पहाडिया, पिता स्व० राई पहाड़िया, ग्राम डोहरी पहाड़, थाना-लिट्टीपाड़ा, जिला-पाकुड़। जोमे पहाडिया उर्फ मनोज पहाडिया, पिता मेसा पहाडिया, ग्राम डोहरी पहाड, थाना-लिट्टीपाडा, जिला-पाकुड़। चैता पहाड़िया, पिता-मेसा पहाडिया, ग्राम-डोहरी पहाड, थाना-लिट्टीपाडा, जिला-पाकुड। लुखी पहाड़िया, पिता-जामा पहाड़िया, ग्राम छोटा खामी, थाना-लिट्टीपाड़ा, जिला-पाकुड़ । भिमा पहाडिया, पिता-मेसा पहाडिया, ग्राम-बडा बीचकनी, थाना-रांगा, जिला-साहेबगंज ।

**जब्त सामानों की विवरणी:-**

पीड़िता का पैंट एवं चप्पल। छापामारी टीम / रक्ळ में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मी का पदनाम एवं नामः- पु०नि० बाबु राम भगत, लिट्टीपाड़ा प्रभाग । पु०अ०नि० विनय कुमार, थाना प्रभारी, लिट्टीपाड़ा थाना। पु०अ०नि० अनिल कुमार पंडित, लिट्टीपाड़ा थाना। पु०अ०नि० गौतम कुमार दास, लिट्टीपाड़ा थाना। स०अ०नि० अवधेश कुमार यादव, यादव, लिट्टीपाड़ा थाना। स०अ०नि० नरेश मरांडी, लिट्टीपाड़ा थाना। म०स०अ०नि० सविता कुमारी, लिट्टीपाड़ा थाना। तकनीकी शाखा, पु०अ०कार्या०, पाकुड के पदाधिकारी/कर्मी। लिट्टीपाड़ा थाना सशस्त्र बल ।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो जिला अध्यक्ष के आवास के बाहर ग्रामीणों ने दिया धरना, रोजगार सृजन की मांग



**पाकुड/ हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखण्ड अंतर्गत मंझलाडीह पंचायत के कई गांवों से आए सैकड़ों ग्रामीणों ने झामुमो जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन कर सहयोग की अपील की। मौके पर मौजूद ग्रामीणों का कहना था कि क्रशर और खदानों की बंदी से उनकी आजीविका पर संकट गहराया है। हम सभी लोगों को परिवार चलाने के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गांव के कुछ लोग काम की तलाश में पलायन को विवश है। उन्होंने जिला प्रशासन और कंपनी से तुरंत वार्ता कर रोजगार सृजन की मांग की। सभी ने एक स्वर में जल्द काम शुरू नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

### जिरूल टोला गांव में बिजली ट्रांसफार्मर जला, 45 दिनों से गांव में अंधेरा



**साहिबगंज:** जिला के बोरियो प्रखंड क्षेत्र के संथाली पंचायत के जिरूर खेतोरी टोला में बीते 45 दिनों से बिजली ट्रांसफार्मर जलने के बावजूद विद्युत बोर्ड द्वारा अनदेखी करने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बिजली ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है। जिरुल गांव के श्याम मंडल ने बताया कि गांव के बिजली ट्रांसफार्मर जलने के कारण गांव के 40 घरों में अंधेरा छाया हुआ है। गांव के लोगों को दूसरे गांव में जाकर मोबाइल चार्ज करना पड़ रहा है। सुरेश सिंह ने कहा कि बीते दिनों ट्रांसफार्मर जलने की शिकायत जनता दरबार में भी की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मौके पर अशोक कुंवर, विजेंद्र कुंवर, रामा मसोमात, शशीकांत साह सहित अन्य लोगों ने बिजली विभाग से जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

### झारखंड मजदूर संघ ने जिला अधिवेशन को लेकर की हुई बैठक




**साहिबगंज:** जिला के राजमहल प्रस्तावित 21 दिसंबर को प्रखंड क्षेत्र के छाता दंगल मैदान में जिला अधिवेशन को लेकर रविवार को पथ निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में झारखंड मजदूर संघ के जिला उपाध्यक्ष निखिल प्रसाद यादव की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में संघ के केंद्रीय महामंत्री, केंद्रीय उपाध्यक्ष एवं सेक्टर प्रभारी भी मौजूद थे। बैठक में राजमहल, तालझारी और उधवा के प्रखंड अध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकताओं ने भाग लिया। केंद्रीय महामंत्री ने जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी 10 दिसंबर तक सदस्यता शुल्क या सहयोग राशि जिला कार्यालय में जमा करे। जिला अधिवेशन में हजारों की संख्या में लोग शामिल हों इसके लिए अभियान चलाए और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर मजदूरों को उसका हक व अधिकार के बारे में बताए। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन साह, प्रखंड महामंत्री सुरेन्द्र कुमार, गौतम कुमार साह, हामिद शेख, बीरेंद्र कुमार साह, सुबोध मंडल, विकास मंडल, शेख इकरामुल अली, नजीर अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

### कोहरे को लेकर कई ट्रेनों का परिचालन रद




**साहिबगंज:** सर्दी के मौसम के दौरान होने वाले घने कोहरे को लेकर मालदा रेल मंडल ने यात्रियों की सुरक्षा एवं सुचारु रेल परिचालन को लेकर कई मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन में एहतियाती बदलाव किया है। सर्दियों में घने कोहरे से दृश्यता प्रभावित होती है, परिणामस्वरूप ट्रेन संचालन में विलंब एवं सुरक्षा जोखिम बढ़ जाता हैं। सुरक्षित, व्यवस्थित एवं निर्बाध रेल यातायात को लेकर कई मेल व एक्सप्रेस ट्रेनें अस्थायी रूप से रद्द की गई हैं। मिली जानकारी अनुसार ट्रेन संख्या 15620 कामाख्या गया साप्ताहिक एक्सप्रेस की 01 दिसंबर से 23 फरवरी तक कुल 13 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं। ट्रेन संख्या 15619 गया कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस की 02 दिसंबर से 24 फरवरी तक कुल 13 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं। ट्रेन संख्या 14004 न्यू दिल्ली मालदा टाउन एक्सप्रेस की 04 दिसंबर से 26 फरवरी तक कुल 25 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं। ट्रेन संख्या 14003 मालदा टाउन न्यू दिल्ली एक्सप्रेस की 06 दिसंबर से 28 फरवरी तक कुल 25 ट्रिप यात्राएँ रद्द की गई हैं। ट्रेन संख्या 22406 आनंद विहार भागलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस की 03, 10, 17, 24 और 31 दिसंबर सहित जनवरी 2026 में 07, 14, 21, 28 फरवरी में 04, 11, 18 और 25 तारीख की ट्रेनें रद्द की गई है।

### आगमन रविवार पर चर्च में ईसाइयों में कई विशेष प्रार्थना



**साहिबगंज:** शहर के घाट रोड स्थित कैथोलिक चर्च में रविवार को ईसाई धर्मावलंबियों ने आगमन रविवार मनाते हुए विशेष प्रार्थना की। इस दौरान फादर प्रमोद कैथल, फादर मितेश हेम्ब्रम, फादर लॉरेंस किस्कू ने यीशु मसीह के जन्म व पुनरुत्थान की जानकारी देते हुए पवित्र दिसंबर माह के आगमन की तैयारी में जुट जाने का संदेश दिया। वहीं धान सहित मौसमी सभी फूलों को समर्पित करते हुए विशेष प्रार्थना की। फादर ने लोगों से कहा कि दिसंबर का महीना पापों से मुक्ति का महीना है। सभी अपने पापों का प्रायश्चित करें। इस अवसर पर सिस्टर मैरीन, सिस्टर लारिया, सिस्टर बेली, सिस्टर नाइस सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

## एक नजर

### 8 से खरमास शुरू के साथ मांगलिक कार्य बंद, 15 जनवरी को खरमास खत्म



**कोडरमा :** 2025 में दिसंबर माह का आगमन हो चुका है । विवाह आदि का समय चल रहा लेकिन इन शुभ कार्य अब 8 दिसंबर के बाद शादी-विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्यक्रम स्थगित हो जाएंगे। पं कुंतलेश पाण्डेय ने बताया की सूर्य के धनु राशि में प्रवेश के साथ खरमास 16 दिसंबर मंगलवार को दोपहर 1:27 बजे से प्रारंभ हो जाएगा जो 14 जनवरी 2026 बुधवार को रात 9:19 बजे सूर्य देव के उत्तरायण होने तक चलेगी वंही मकर संक्रांति का पर्व 2026 में बुधवार 14 जनवरी को मनाया जाएगा। इस दिन पुण्यकाल मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 49 मिनट से शाम 05 बजकर 45 मिनट तक रहेगा। महापुण्य काल मुहूर्त दोपहर 02 बजकर 49 मिनट से 03 बजकर 42 मिनट तक रहेगा। इस दिन स्नान-दान के लिए पुण्यकाल और महापुण्यकाल मुहूर्त बहुत ही अच्छा माना जाता है। वहीं, 14 जनवरी यानी मकर संक्रांति के दिन से शुभ कार्यों की शुरूआत भी होगी। उत्तरायण के साथ ही खरमास समाप्त होगा और मांगलिक कार्य दोबारा शुरू हो जाएंगे । पौराणिक मान्यता के अनुसार इस महीने सूर्य देव के रथ में खर अर्थात गधे जुड़ जाते हैं, जिससे उनकी गति धीमी हो जाती है। इसे ही खरमास कहा जाता है । इस अवधि को अशुभ फलकारी माना गया है, इसलिए विवाह, सगाई, गृह प्रवेश, मुंडन, उपनयन सहित कोई नया व्यापार या महत्वपूर्ण कार्य प्रारंभ नहीं करना चाहिए । खरमास में भगवान सूर्य की आराधना को अत्यंत शुभ माना गया है।

# बच्चों का स्वच्छता नाट्य मंचन, मारवाड़ी युवा मंच ने बढ़ाया जागरूकता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** सड़कों पर रविवार की सुबह कुछ अलग ही दृश्य था–नन्हे-मुन्ने कलाकारों की आवाजें, गीत-संगीत की धुन, और स्वच्छ शहर बनाने का बुलंद संकल्प। जैसे ही बच्चों ने सुनो सुनो भाई नाटक आयाङ्ग का उदघोष किया, राहगीरों के कदम खुद-ब-खुद थम गए और पूरा माहौल जागरूकता की रोशनी से भर उठा। नाटक का संदेश सरल था, पर असर गहरा–प्लास्टिक छोड़े, स्वच्छता जोड़े। रविवार को आरवीएस के बच्चों ने संडे का फंडा कार्यक्रम के तहत ग्रीन तिलैया, क्लीन तिलैया अभियान में हिस्सा लेते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाली हानियों पर आधारित एक बेहतरीन नाटक का मंचन किया। ना जान से न जाने कहां से आई, न जाने कहां को जाएगी यह प्लास्टिक...जैसे गीतों से बच्चों ने राह चलने वाले लोगों को रुकने पर मजबूर कर दिया और संदेश सीधे दिल तक पहुंचा दिया। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि झुमरी तिलैया को इंदौर की तर्ज पर स्वच्छ और आकर्षक शहर बनाने का संकल्प मंच ने लिया है। यह पूरा अभियान उपायुक्त ऋतुराज, एसडीओ रिआ सिंह, नगर प्रशासक अंकित गुप्ता, सीटी मैनेजर लिमांशु कुमार और पर्यावरण प्रहरी रणधीर वर्मा के सहयोग से जमीन पर उतारा जा रहा है।




**स्टेशन रोड पर हिला देने वाला प्लास्टिक विरोधी नाटक**

स्टेशन रोड पर बच्चों ने नाटक के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों को बेहद सरल और मनोरंजक तरीके से दशार्या। कहते हैं मुझको प्लास्टिक की माईङ्ग न जाने कहां से आई, न जाने कहां को जाएगी। जैसे संवाद और गीतों ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया कि प्लास्टिक कैसे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है।अनीक राज, मनीष कुमार, मयंक गुप्ता, दीपिका कुमारी, स्नेहा शेख, रिदिका और प्रिया ने मंच से ही लोगों को संकल्प दिलाया–आज से सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करेंगे और ग्रीन तिलैया, क्लीन तिलैया बनाने में अपना योगदान देंगे।मंच के पदाधिकारियों ने झंडा चौक, स्टेशन रोड और रांचीझपटना मार्ग के दुकानदारों एवं फुटपाथ पर फलझसब्जी बेचने वालों से अपील की कि वे अपने दुकानों के आसझपास कूड़ा नगर परिषद द्वारा एवं kmswm द्वारा डोर टू डोर कलेक्शन व्हीकल को ही कचरा दे, ताकि शहर में गंदगी न फैले। इस दौरान दुकानदारों ने अपनी राय भी साझा की और अभियान में साथ देने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव अंकित केडिया, अरविन्द चौधरी, संजय ठोल्या, आयुष पोद्दार, रौनक काशलीवाल, ईशान सेठी, ऋषभ पहाड़िया, हर्षित सिंघानिया, नमन जैन सेठी, विकास जैन, चैतन्य जैन, आकाश जैन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। आरवीएस की ओर से निर्देशक प्रवीण कुमार मोदी, प्राचार्या रश्मि प्रवीण बर्नवाल, KMSWM के सुपरवाइजर अमित कुमार सिंह, श्याम गुप्ता और अजय घोष मुख्य रूप से मौजूद थे।

## डगरनवां पंचायत में मुखिया समेत दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** प्रखंड के अंतर्गत डगरनवां पंचायत में कांग्रेस नेता रविशंकर सिंह के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस नेता रविशंकर सिंह ने की तथा संचालन प्रदीप राम द्वारा किया गया। बैठक के दौरान डगरनवां पंचायत की मुखिया शोभा देवी ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की और पार्टी की नीतियों पर भरोसा जताते हुए कहा कि कांग्रेस ही आम जनता की आवाज को मजबूती से उठाती है। मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनहित और विकास के मुद्दों पर कार्य करती आई है। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर जिला स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना ही हमारा लक्ष्य है, और नए कार्यकताओं के जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझना और समाधान के लिए संघर्ष करना ही कांग्रेस की पहचान है। इस मौके पर कांग्रेस नेता रविशंकर सिंह ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी हर तबके की आवाज बनकर खड़ी है और आने वाले समय में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती प्रदान की जाएगी।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को बीएलओ कार्य से मुक्त किया जाए : संजय पासवान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन की जिला कमिटी की बैठक रविवार को साहु धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद व संचालन जिला सचिव वर्षा रानी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि समेकित बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी की स्थापना का 50 वर्ष पूरा हो गया है। इस अवसर पर जब आंगनबाड़ी को और मजबूत करने की जरूरत है, ऐसे में केन्द्र सरकार आईसीडीएस को समाप्त करने की साजिश कर रही हैं। आम जनता के साथ मंहगाई की मार झेल रही सेविका सहायिकाओं को पिछले 9



सालों में उनके मानदेय में मोदी सरकार ने एक रुपए की बढ़ोतरी नहीं की है, उल्टा बजट में समाज कल्याण के आवंटन में लगातार कटौती की जा रही है. दूसरी तरफ डिजिटलीकरण के नाम पर लाभुकों का ई-केवाईसी और फेश रिकॉग्निशन सिस्टम के तहत काम करने के लिए मजबूर करने के चलते सेविका को आत्महत्या करने और नौकरी छोड़ने को विवश किया जा रहा हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा हैं। उनका वेतन रोका जा रहा है, अन्यायपूर्ण धमकी एवं उत्पीड़न से सेविकाएं मानसिक रूप से बीमार हो रही हैं। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग का आदेश के आलोक में समाज कल्याण विभाग, झारखंड के सचिव और निदेशक के द्वारा अलग अलग पत्र के माध्यम से सभी उपायुक्त को आंगनबाड़ी सेविका को चुनाव कार्य से हटाने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मरकच्चो थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार को भावभीनी विदाई, नए थाना प्रभारी सुमन कुमार ने संभाला पदभार



**मरकच्चो :** नवलशाही थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार का तबादला होने पर रविवार को थाना परिसर में बिदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित की गई और उन्हें फुल माला के साथ भावभीनी विदाई दी गई ।वही कई पुलिसकर्मियों ने फूल–मालाओं से उनका स्वागत कर शुभकामनायें दीं। समारोह में वातावरण भावुक हो गया। शशिभूषण कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए पुलिसकर्मियों ने कहा कि उनके नेतृत्व में थाना क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाया गया था ' और जनता से बेहतर तालमेल बना था ' उनके आम पब्लिक से अच्छे लगाव रहने के कारण लोग लंबे समय तक याद करेंगे। वही नये थाना प्रभारी सुमन कुमार ने पदभार संभालने के बाद कहा कि कानून व्यवस्था को और मजबूत करना एवं जनता से आत्मीय संबंध बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर एसआई निताय चंद्र शाहा, एसआई मदन मिश्रा, एसआई दसमत किस्कू, एएसआई राजीव सिंह, एएसआई सूर्यप्रकाश पुरी, मुंशी अक्षय कुमार, मुंशी मुर्शिद आलम, हवलदार प्रकाश राय, ज्योति प्रसाद यादव, कमख्या सिंह, मनोज पासवान, मुन्द्रिका सिंह, विकास पाण्डेय, रामविलास पासवान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### जे0जे0 कॉलेज में स्वागत सह-विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**झुमरी तिलैया :** बी०एड० संभाग के नए सत्र का स्वागत एवं पुराने सत्र का विदाई समारोह आयोजन इ.एं विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार के अध्यक्षता में किया गया। वही कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य मिथिलेश उपाध्याय उपस्थित रहें। उक्त कार्यक्रम में बी०एड० प्रशिक्षुओ द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। साथ ही कई प्रतियोगिताएं का आयोजन हुआ जिसमें नए सत्र के प्रशिक्षु मिस्टर फ्रेशर नीरज कुमार राय एवं मिस फ्रेशर प्रिया कुमारी विजेता हुए वहीं दूसरी ओर पुराने सत्र के प्रशिक्षु में मिस्टर फेयरवेल विशाल कुमार सोनी तथा मिस फेयरवेल कोमल कुमारी विजेता रहें। सत्र 2023–25 के अन्तिम परिणाम के टॉप 10 बी०एड० प्रशिक्षुओ को मेडल एवम् सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया । प्रथम स्थान सेजल कुमारी 83.71% द्वितीय स्थान जितेंद्र रजक 82.5 % तृतीय स्थान मनीषा कुमारी 81 % साथ ही कोमल कुमारी , नुरैन अंसारी, तराना प्रवीण, अलीशा बेंग, उमेराह हुसैन , शाहीन परवीन ,कुमारी अंकिता , निधि कुमारी आदि को प्रमाण पत्र देकर प्राचार्य , विभाग अध्यक्ष एवं सभी शिक्षकगण ने सम्मानित किए। कार्यक्रम में अंकित रंजन एवं मिथुन सिंह ने मंच संचालन किया। साथ ही इसके सहयोगी प्रशिक्षु अभिषेक सिंह, सुबोध, अवधेश एवं अन्य प्रशिक्षु उपस्थित रहें।

## उत्तर प्रदेश

# जज की भतीजी हत्याकाण्ड में डॉक्टर पति–सास अरेस्ट

### बरेली में घरवाले बोले: ऑटोमेटिक कार मांग रहे थे, गला दबाकर मार डाला

**बरेली।** महजबीन हत्याकांड में पुलिस ने सास और पति को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। ससुर, देवर और ननद अब भी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। महजबीन के चाचा बरेली कोर्ट में अञ्ख हैं। घरवालों का आरोप है कि ससुराल में दहेज के लिए बेटी को ताने मारे जाते थे। शादी में कार दी गई थी, लेकिन वे बाद में ऑटोमैटिक कार की डिमांड कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने गला दबाकर बेटी की हत्या कर दी। उसके बाद मौत की बात काफी देर तक छिपाए रखी। उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। महजबीन की मां नसीमा ने बताया- प्रेमनगर के शाहाबाद में रहने वाले डॉक्टर तलहा से 27 फरवरी, 2025 को बेटी की शादी हुई थी। तलहा रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज में टइइर के फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रहा है। हम लोगों ने दहेज में कार भी दी। शादी के कुछ दिनों तक तो शब कुछ ठीक रहा, लेकिन बाद में बेटी को ताने मारने लगे। ससुराल वालों को ऑटोमैटिक कार चाहिए थी। हमने जो कार दी, वो मैन्युअल थी। बेटी फोन पर बताती थी कि घर में इस बात को लेकर रोज झगड़ा होता है। वह टेंशन में है। हम लोग रोज उसे समझाते थे कि परेशान न हो। जल्द सब ठीक हो जाएगा। शादी के समय महजबीन छछट फर्स्ट ईयर पूरा कर चुकी थी। लेकिन शादी के बाद उसके शौहर ने पढ़ाई भी छुड़वा दी गई। कहने लगे कि डॉक्टर बना देंगे, जबकि वो जज बनना चाहती थी। जब हमने इस बारे में परिवार से बात की। तब उन्होंने कहा- उसके चाचा जज है, इसलिए वो भी जज बनना चाहती थी। इसमें क्या खास बात है। पोस्टमॉर्टम हाउस में महजबीन की लाश की जांच करने वाले डॉक्टर ने बताया- महजबीन के गले पर निशान बने हुए थे। ये फंदे पर लटकने की वजह से हुए होंगे। उसके गले की हड्डी टूटी नहीं थी। हैंगिंग की वजह से मौत हुई थी। शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। क्या उसको कोई नशीला पदार्थ दिया गया होगा, ये जानने के लिए विसरा को सुरक्षित किया गया है। परिजन की तहरीर पर प्रेमनगर थाने में ससुराल वालों पर दहेज हत्या, महिला के साथ क्रूरता का केस दर्ज किया है। इस मामले में पति डॉ. मोहम्मद तलहा, और सास आसमा को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि देवर डॉ. मोहम्मद हमजा, मोहम्मद जैद, ससुर डॉ. मेंहदी हसन, ननद उजमा, ननद चमन



महजबीन, मृतक



और ननदोई फैजान अभी फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। डॉ. तलहा ने पुलिस को बताया कि रात में पूरे परिवार ने खाना खाया। सब कुछ सामान्य था, रात में करीब 12.30 से 1 बजे के बीच महजबीन की तबीयत बिगड़ी। मैं अपने वालिद के पास गया, उन्हें बताया कि महजबीन को हॉस्पिटल लेकर जाना पड़ेगा। उसके मुंह से झाग निकल रहा है। हम लोगों ने उसको कार में डाला और मेडिनोवा हॉस्पिटल पहुंचे। यहां जिस स्टाफ ने उन्हें देखा, उसने बताया कि सांस थम चुकी हैं। तब हमें महजबीन की मौत की जानकारी हुई। ये सब होते-होते सुबह के 2.45 बज गए। मेडिनोवा हॉस्पिटल के डॉ. मोहम्मद अली अंसारी महजबीन को पहचानते थे। उन्होंने उसके चाचा अच्छन अंसारी को फोन किया। परिवार के लोग 3.45 बजे अस्पताल पहुंचे। अच्छन बताते हैं कि जब मैंने डॉ. तहला से पूछा कि बेटी को क्या हुआ? उन्होंने मुझसे कहा था- मेरे मां-बाप ने कुछ नहीं किया, मैंने मारा है। डॉक्टर ने भी कहा कि ये नार्मल डेथ नहीं है। सुबह 5 बजे पुलिस आने के बाद डॉ. तलहा और उनकी मां और पिता को हिरासत में लिया गया। सुबह 9 बजे थाने में परिचितों की भीड़ लग गई। लोग गुस्से में थे, उन्होंने आरोपियों को पीट दिया। इस दौरान महजबीन का ससुर मौके से भाग गया, जबकि सास और पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। महजबीन के पिता डॉ. हाशिम अंसारी कहती हैं- बेटी को शादी के बाद से ही लगातार दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। महजबीन कई बार फोन करके कहती थी कि ससुराल वाले ऑटोमैटिक कार के लिए परेशान कर रहे हैं। कई बार ससुराल गया, लेकिन हालात नहीं बदले। महजबीन की जांच करने वाले डॉक्टर मोहम्मद अली अंसारी ने स्पष्ट कहा कि जिस हालत में उसे लाया गया था, उससे साफ हो गया था कि उसकी मौत सामान्य नहीं है। महजबीन की मौत कार में ही हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने से पहले ससुराल वालों में घबराहट और जल्दबाजी थी और पुलिस पूछताछ में उन्होंने कई बार अपने बयान भी बदले, जिससे शक और गहरा गया। अस्पताल स्टाफ और परिजनों के मुताबिक, महजबीन के गले पर दबाव के निशान, मुंह से निकला झाग और खुली आंखें इस बात के संकेत थे कि उसकी मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है।

## संक्षिप्त डायरी

### मासूम को अगवा कर दुष्कर्म के बाद कत्ल करने के गुनाहगार को उम्रकैद की सजा के साथ ही हुआ 66 हजार का जुमार्ना

संवाददात

**हमीरपुर ।** मौदहा के रागौल में 26 जून 2020 को सोते वख्त आठ साल की मासूम को अगवा कर दुष्कर्म करने के साथ ही कत्ल की दिल दहलाने वाली वारदात को अंजाम देने वाले दरिंदे को पाक्सो अदालत ने उम्रकैद की सजा के साथ ही सुनाया गया 66 हजार रुपये का जुमार्ना। इस दिल दहलाने वाली वारदात के बाद आठ साल की



मृतक मासूम की माँ की तहरीर पर मौदहा पुलिस ने दरिंदगी करने वाले मौदहा के रागौल निवासी अभियुक्त संतोष कोरी पुत्र राजाराम कोरी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या-266/20धारा-363,342,376एबी, 302,201 आईपीसी सहित 6 पाक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया था। जबकि आपरेशन कन्विक्शन के तहत पाक्सो अदालत की स्कालर जज कीर्ती माला सिंह ने अभियुक्त सन्तोष कोरी को इस दिल दहला देने वाली वारदात को अंजाम देने के जुर्म में उम्रकैद के साथ ही जिंदगी की आखिरी सांस तक की सख्त सजा देने के साथ ही किया 66 हजार रुपये का जुमार्ना। जबकि मामले की जांच तत्कालीन इंस्पैक्टर मनोज कुमार शुक्ला ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी। वही अभियोजन की तरफ से अदालत में मामले की जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी रुद्रप्रताप सिंह ने अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की थी।

### विधायक पी.एन पाठक ने किया एसआईआर अभियान का निरीक्षण, दिए कड़े निर्देश



संवाददात

**कसया, कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पी. पाठक ने विधानसभा क्षेत्र के गांव सिरसिया खोहिया व बेलवा रामजस स्थित प्राथमिक विद्यालय परिसर में बूथ संख्या 223, 224, 263, 264, 265, 266 रविवार को मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण का निरीक्षण किया और बीएलओ को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची के अद्यतन, सत्यापन और विभिन्न प्रपत्रों की प्रविष्टि की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बूथों पर उन्होंने मतदाताओं से मुलाकात की और पूछा कि उन्हें फार्म मिला या नहीं। जिनको फार्म नहीं मिला था, उन्हें मौके पर दिलाया और साथ ही भरवाया भी। उन्होंने बीएलओ से रोजाना की प्रगति पूछी और तेजी लाने का निर्देश दिए। विद्यालय में तैनात बीएलओ को ग्रामीणों एवं लोगों के एसआईआर फॉर्म भरने में सहयोग सहयोग करने के लिए कहा और कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए। विधायक पी.एन पाठक ने बीएलओ की कार्यप्रणाली, दस्तावेजों के सत्यापन, मतदाता सूची में संशोधन और नाम जोड़ने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन पात्र नागरिकों का नाम सूची में दर्ज नहीं है या जिनकी प्रविष्टियों में त्रुटियां हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ शामिल किया जाए। विधायक ने कहा कि एसआइआर फार्म न भरने पर मतदाताओं का नाम सूची से हट सकता है, इसलिए हर पात्र व्यक्ति को फॉर्म भरना जरूरी है। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत लोगों से फार्म भरवाया जाए और किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए विधायक श्री पाठक ने कहा कि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। समय रहते फॉर्म भरें और दूसरों को भी प्रेरित करें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आद्या पांडेय, रुद्र प्रकाश सिंह,अमरजीत, राज, सभासद सूर्यनाथ यादव, कवींद्र पांडेय, अंकुर समेत बीएलओ मौजूद रहे।

## सोनपुर मेला फुटबॉल प्रतियोगिता में सारण बना चैंपियन

**(एजेंसी) सारण :** विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला के आउटडोर कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित अंडर-19 अंतर प्रमंडलीय फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार खेला गया जिसमें सारण की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुंगेर को 2-1 के अंतर से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। प्रतियोगिता के संयोजक रूपनारायण ने बताया कि इस वर्ष टूनामेंट में कुल 9 प्रमंडल की टीमों ने भाग लिया था और सभी टीमों ने अत्यंत शानदार एवं उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला सारण और मुंगेर के बीच हुआ जो बेहद रोचक और रोमांचक रहा। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान पर अपनी पूरी ऊर्जा झोंक दी। दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में, सारण के खिलाड़ियों ने अपने कलात्मक खेल से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी बेहतरीन रणनीति और दमदार खेल की बदौलत सारण ने मुंगेर पर 2-1 की निर्णायक बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज की। मैच के समापन पर जिला खेल पदाधिकारी शमीम अंसारी ने विजेता टीम सारण और उपविजेता टीम मुंगेर के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

## पड़रौना में एनसीसी दिवस पर मनाया गया भव्य समारोह

संवाददात

**कुशीनगर।** उदित नारायण स्नातकोत्तर महा विद्यालय पडरौना में यूपी एनसीसी बटालियन द्वारा एनसीसी दिवस के अवसर पर आज एनसीसी कैडेट्स द्वारा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत परेड के साथ हुई, जिसमें कैडेट्स ने अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कैडेट्स द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, देशभक्ति गीत, विचार-विमर्श का आयोजन किया गया, जिसमें एनसीसी के महत्व और युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करने की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। कर्नल हरिश चंद, कमांडिंग ऑफिसर 50 यूपी एनसीसी बटालियन, पडरौना ने कैडेट्स के उत्साह और लगन की सराहना की। कहा कि एनसीसी न सिर्फ युवाओं में अनुशासन और आत्मविश्वास का निर्माण करता है, बल्कि उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए हमेशा तैयार रहने की प्रेरणा भी देता है। अंत में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को कर्नल चंद और रिशालदार मेजर हरजीत सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस परेड में कर्नल हरिश चंद, रिशालदार मेजर हरिजीत सिंह, एएनओ लेफ्टिनेंट नरेंद्र त्रिपाठी, सूबेदार संतोष, सूबेदार त्रिलोक, हवलदार सर्वजीत,रमेश लामा, गोविंद सिंह, मन बहादुर थापा, गिरिजा विसट, वासुदेव, निर्मल सारु अन्य मौजूद रहे '



# 20 साल बाद सोनपुर मेला पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार



## 81.53 करोड़ की लागत से जल्द तैयार होगा गुडबाल बांध, जारी हुआ टेंडर

**हाजीपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा प्रबंधन, ग्राम श्री मंडप आदि प्रदर्शनियों का सूक्ष्म अवलोकन किया और उसके बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मेला यात्रियों के लिए रौनक बना बिहार पर्यटन एवं सारण जिला प्रशासन द्वारा निर्मित आर्ट एंड क्राफ्ट ग्राम में अवस्थित स्टालों, का व्यापक निरीक्षण किया। इससे पूर्व पुलिस विभाग के श्वान दस्ता ने स्टालों का जांच किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ बिहार के भवन निर्माण मंत्री मंत्री अशोक चौधरी, सारण आयुक्त राजीव, डीएम अमन समीर, एसपी डॉ कुमार आशीष, पटना के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा, पटना नगर आयुक्त डॉ चंद्रशेखर सिंह मौजूद थे।मुख्यमंत्री ने आर्ट एंड क्राफ्ट में लगे स्टॉल का निरीक्षण करने के बाद महिला बाल विकास निगम एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रदर्शनियों का निरीक्षण किया। इसके बाद वे वापस पटना वापस हो गए । मुख्यमंत्री को आर्ट एंड क्राफ्ट में सर्वप्रथम एनडीए के कार्यकताओं ने अंग - वस्त्र से सम्मानित किया।




मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आर्ट एंड क्राफ्ट में बांस कला केंद्र स्टॉल पर बांस से बनी वस्तुओं के बारे में विस्तृत से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महिला बाल विकास एवं ग्राम श्री प्रदर्शनी में लगे स्टॉल का निरीक्षण कर जीविका दीदी के द्वारा संचालित स्टॉल पर बिहारी व्यंजन को देखा। मेला क्षेत्र में मुख्यमंत्री के आने से पूर्व सुरक्षा बलों ने कार्यक्रम स्थानों को श्वान -दस्ता एवं मेटल डिटेक्टर से जांच की। वहीं ,आपदा प्रबंधन विभाग के प्रदर्शनी में बाढ़ से सुरक्षा, घरेलू गैस से आग लगने की बचाव सहित अन्य जानकारी प्राप्त की। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार 2005 में सोनपुर मेला का उद्घाटन किए थे। इसके बाद सोनपुर कबीर मठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे।

## तीसी के लड्डू ने सोनपुर मेले में मचाई धूम

विश्व प्रसिद्ध हरिहरक्षेत्र सोनपुर मेला में इस बार तीसी का लड्डू लोगों का आकर्षण का केंद्र बन गया है। मेला में महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार सरकार द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में एक ऐसा स्टॉल सजाया गया है, जहां तीसी से बने पौष्टिक लड्डू की खुशबू और स्वाद लोगों को अपनी ओर खींच रहे हैं। स्टॉल पर मेला में घूमने आने वाले लोग तीसी के लड्डू का स्वाद लेने के साथ-साथ इसे घर भी ले जा रहे हैं। स्टॉल पर मौजूद हाजीपुर मीनापुर निवासी अनिता कुमारी ने बताया कि वह कई वर्षो से विभाग की प्रदर्शनी में अपना स्टॉल लगाती आ रही हैं। स्टॉल पर मोटा अनाज जैसे जौ, बाजरा, मरुआ, मक्का सहित अन्य खाद्य सामग्री पैकेट में बिक्री के लिए उपलब्ध है। अनिता ने बताया कि आमतौर पर बाजार में बेसन से बने लड्डू मिलते हैं, लेकिन इस स्टॉल पर तीसी से लड्डू बनाया गया है, जिसमें बेदाम, काजू, किशमिश, तिल, नारियल और देशी घी, इलायची मिलाकर तैयार किया गया है। यह लड्डू स्वादिष्ट होने के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है।



अनिता के अनुसार तीसी में 108 गुण पाए जाते हैं और प्रति माह लगभग 25 किलो तीसी के लड्डू की बिक्री होती है। एक किलो तीसी से लड्डू बनाने में तीसी का पाउडर, गुड़, काजू, किशमिश, तिल और नारियल चूर्ण मिलाकर तैयार किया जाता है। एक किलो लड्डू बनाने का खर्च लगभग 400 रुपये आता है, जबकि इससे 150 रुपये की आमदनी होती है। तीसी का उपयोग रोटी, हलवा, चावल, दही, चटनी और पाउडर के रूप में भी किया जाता है। खाली पेट तीसी का सेवन स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है। अनिता ने बताया कि स्टॉल पर मक्का, गेहूं, बाजरा का दलिया, चना का सत्तू और मक्का का आटा भी 50 रुपये के पैकेट में उपलब्ध है, जबकि तीसी का लड्डू 100 रुपये के डब्बे में बिक्री के लिए रखा गया है।

# गंडक नदी में कटाव से दहशत



## करोड़ों खर्च के बावजूद नहीं मिला समाधान, विभाग की ने किया निरीक्षण

**सारण/मुजफ्फरपुर।** बिहार के सारण और मुजफ्फरपुर जिले की सीमावर्ती गंडक नदी में हो रहे लगातार कटाव ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बाद भी कटाव रोकने में कोई ठोस सफलता नहीं मिली है। खेत, बगीचे और आवासीय जमीन कटने से नदी किनारे बसे लोगों के बीच विस्थापन का खतरा बढ़ता जा रहा है। हैजलपुर गांव में गंडक नदी का कटाव पिछले एक वर्ष से लगातार बढ़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि ग्रामीण हर दिन दहशत में जी रहे हैं। इसी समस्या को देखते हुए सारण के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूड़ी ने जल संसाधन विभाग को आवेदन देकर स्थायी समाधान की मांग की थी। शुक्रवार को जल संसाधन विभाग की एक उच्च स्तरीय टीम ने स्थानीय पंचायत के मुखिया अनिल सिंह की मौजूदगी में हैजलपुर पहुंचकर कटाव वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया। टीम ने कटाव की वर्तमान स्थिति, ग्रामीणों को हो रही परेशानी और जोखिम का विस्तृत मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता अब्दुल हमीद ने बताया कि कटाव की रफ्तार कम करने के लिए फिलहाल मिट्टी का ओवर बॉडी कम किया जा रहा है और नदी किनारे बालू भरी बोरियां डाली जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि ह्लगांव को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए स्थायी समाधान का ब्लूप्रिंट तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द विभाग को भेजा जाएगा।ह्व टीम ने कटाव स्थल के विभिन्न बिंदुओं का तकनीकी सर्वे किया और आश्वासन दिया कि स्थायी निरोधात्मक कार्य को लेकर जल्द अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

## नालंदा: 39 पैक्स डिफॉल्टर घोषित

**नालंदा।** जिले में 39 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) को सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक ने डिफॉल्टर घोषित कर दिया है। जिसके चलते इस साल किसानों से धान खरीद नहीं कर पाएंगे। 15 नवंबर से जिले में धान खरीद की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, लेकिन इन 39 पैक्स के क्षेत्र में आने वाले हजारों किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था तलाशनी होगी। डिफॉल्टर पैक्सों पर को-ऑपरेटिव बैंक का 12 करोड़ रुपए से अधिक का बकाया है। पिछले वर्ष धान खरीद के लिए दी गई कैश-क्रेडिट की राशि को वापस नहीं किया गया है। कुछ पैक्सों की ओर से समय पर ऑडिट रिपोर्ट नहीं देने के कारण भी उन्हें डिफॉल्टर की श्रेणी में डाल दिया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### चलते ट्रक में दौड़ा 11000 वोल्ट का करंट, ड्राइवर की मौत



**समस्तीपुर।** एक ट्रक 11000 वोल्ट के हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया। बिजली के चपेट में आते ही ट्रक बीच सड़क धू-धू कर जलने लगा। देखते ही देखते आग ने पूरे ट्रक को अपने चपेट में ले लिया। ट्रक में करंट लगते ही ड्राइवर झटका खाकर नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान पप्पू कुमार(35) के रूप में हुई है। पप्पू ही इस ट्रक के मालिक थे। वही 4 लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में खलासी गोलू कुमार झुलस गया है। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। ट्रक पर खाद लोड था। घटना सिंघिया थाना क्षेत्र के भरहर चौक के पास हुई। जानकारी के मुताबिक, पप्पू कुमार समस्तीपुर से ट्रक में खाद भरकर निमि जा रहे थे। जैसे ही ट्रक भरहर चौक के पास पहुंचे ऊपर से गुजर रहे 11,000 वोल्ट के हाई वोल्टेज तार के संपर्क में आ गया और इससे आग लग गई। ट्रक ड्राइवर की करंट लगने से मौत हो गई। देखते ही देखते आग ने ट्रक को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग मदद के लिए भागे, लेकिन करंट से जुड़ा मामला होने की वजह से स्थानीय लोग बहुत मदद नहीं कर पाए। तुरंत इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड लेकिन, उनके पहुंचने से पहले ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया था। मृतक के परिजन चंदन कुमार ने कहा, 'मैं अपने शॉप पर था। फोन आया कि करंट लगने से पप्पू की मौत हो गई। जिसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचा। गाड़ी में 4-5 लोग सवार थे। 3 लोग कूदकर जान बचाई है।'

### छपरा में फिर चली गोलियां, कपड़ा व्यवसायी के कर्मी से डेढ़ लाख की लूट

**छपरा।** बिहार के छपरा में एक बार फिर अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक बड़े लूटकांड को अंजाम दिया है। अपराधियों ने न केवल एक कर्मचारी को गोली मारी, बल्कि सारण पुलिस को खुली चुनौती देते हुए वसूली की करीब डेढ़ लाख रुपये की रकम भी लूट ली। यह घटना शनिवार की देर शाम छपराझ्रसिवान मुख्य मार्ग पर हुई। जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार तीन अपराधियों ने कपड़ा व्यवसायी के कर्मी अरशद अंसारी को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसके पास मौजूद वसूली की रकम लूटकर फरार हो गए। घायल अरशद अंसारी नगर थाना क्षेत्र के छोटका तेलपा निवासी साकिर अंसारी का पुत्र है। दाउदपुर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार के अनुसार, अपराधियों की गिरफ्तारी और लूटी गई रकम की बरामदगी को लेकर लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि बड़ी रकम लेकर यात्रा करने से पहले स्थानीय पुलिस को जरूर सूचित करें, जिससे ऐसे मामलों को रोका जा सके। घटना के संबंध में बताया गया कि अरशद अंसारी साहेबगंज पुरानी गुरहट्टी स्थित थोक कपड़ा व्यवसायी रविशंकर गुप्ता की दुकान पर काम करता है। शनिवार देर शाम वह सिवान जिले के चैनपुर और सारण जिले के रसूलपुर बाजार से उधारी की लगभग डेढ़ लाख की राशि वसूल कर अकेले बाइक से छपरा लौट रहा था। रास्ते में दाउदपुर थाना क्षेत्र के रेलवे ढाला के पास पीछे से एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधियों ने उसका पीछा किया और उसे जबरन रोकने का प्रयास किया।

# शिवहर में 8.750 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शिवहर।** पिपराही पुलिस ने 8 किलो 750 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा के निर्देश पर गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस ने आरोपी के पास से एक स्कूटी और एक स्मार्टफोन भी जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार सिन्हा ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि 29 नवंबर को पिपराही थाना अध्यक्ष को सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, एक व्यक्ति स्कूटी से सीतामढ़ी-धनकौल-शिवहर मार्ग से गांजा लेकर आ रहा था। इसके बाद धनकौल चेक पोस्ट के पास वाहनों की जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, एक संदिग्ध व्यक्ति ने अपनी स्कूटी घुमाकर भागने का प्रयास किया। हालांकि, सशस्त्र बल ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से गांजा जैसा पदार्थ बरामद हुआ, जिसे विधिवत जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर की पहचान हेमचंद गिरी के रूप में हुई है, जो राम पुकार गिरी देकुली धरमपुर का पुत्र है। उसके पास से कुल 8 किलो 750 ग्राम गांजा, एक स्मार्टफोन और एक स्कूटी जब्त की गई है। इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में पिपराही थाना अध्यक्ष उमाकांत सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राजेश्वर झा, सिपाही अरविंद कुमार, सिपाही अमित कुमार और सिपाही विवेक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# डिलीवरी के बाद महिला और नवजात की मौत

## परिजनों का हंगामा, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप, प्राइवेट अस्पताल का संचालक फरार

**औरंगाबाद।** डिलीवरी के बाद महिला और नवजात की मौत हो गई। परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर जमकर हंगामा। घटना रफीगंज सामुदायिक अस्पताल से 20 मीटर की दूरी पर स्थित एक निजी क्लीनिक का है। मृतका शोभा देवी(20) कासमा थाना क्षेत्र के महुआइन गांव की रहने वाली थी। पति अखिलेश चौधरी ने बताया कि 27 नवंबर को दोपहर दो बजे प्रसव पीड़ा के बाद शोभा को रफीगंज सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉ. लालजी यादव और एक एएनएम ने जांच कर बताया कि सब कुछ सामान्य है। थोड़े समय में प्रसव हो जाएगा। इसके बाद रातभर किसी डॉक्टर या नर्स ने उनकी पत्नी पर ध्यान नहीं दिया। इस दौरान सीएचसी में पदस्थापित आशा कार्यकर्ता ललिता देवी ने परिजनों को यह कहते हुए गुमराह किया कि सरकारी अस्पताल में ठीक से प्रसव नहीं होगा। पास में ही महादेव अस्पताल है, वहां ले चलिए। अखिलेश चौधरी ने आगे कहा कि आशा कार्यकर्ता का सुझाव मानकर अगले दिन 28 नवंबर की दोपहर 1:00 बजे महादेव अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉ. महादेव यादव और रिटायर्ड एएनएम राधा देवी ने हालत गंभीर बताते हुए तत्काल ऑपरेशन की बात कही। पहले 30 हजार रुपए जमा कर लिया। ऑपरेशन के बाद डॉक्टर ने बताया कि महिला और नवजात दोनों की हालत गंभीर है। डॉक्टर नवजात को अपने साथ कासमा रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां 20 हजार रुपए फिर जमा करने को कहा गया। कुछ देर बाद अस्पताल के स्टाफ ने बताया कि बच्चे को रेफर करना होगा। परिजन जब बच्चे तक पहुंचे तो वह मृत पाया गया। इधर शोभा देवी की भी हालत लगातार बिगड़ते जा रही थी। डॉक्टर ने एंबुलेंस से गया के एक निजी अस्पताल भेज दिया। जहां से उसे पटना रेफर कर दिया गया। शनिवार सुबह करीब 10:00 बजे पटना के डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि शोभा की भी मौत हो चुकी है। अस्पताल ने शव सौंपने के लिए 82 हजार रुपए जमा कराने को कहा। महिला और नवजात की मौत की खबर फैलते ही परिजन आक्रोशित हो गए। रफीगंज में महादेव अस्पताल के बाहर हंगामा शुरू कर दिया। आरोप है कि डॉक्टर और स्टाफ पूरे मामले में लापरवाह थे और इलाज के नाम पर पैसे ऐंठते रहे। हंगामे के दौरान स्टाफ अस्पताल बंद कर फरार हो गया। गलत इलाज के कारण ही दोनों की मौत हुई है। हंगामे की सूचना पर नवनिर्वाचित विधायक प्रमोद कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि रफीगंज प्रखंड में अवैध क्लिनिकों का जाल फैला है। सीएचसी के कर्मचारियों की मिलीभगत से यह अवैध खेल चल रहा है। डीएम से फोन पर बात कर मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। मृतका के पति अखिलेश चौधरी ने रफीगंज थाने में डॉक्टर, नर्स और आशा कार्यकर्ता के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है।





# भोजपुर में बीजेपी का अभिनंदन समारोह

## भाजपा कार्यालय में विधायकों का मालाओं से सम्मान

**भोजपुर।** रविवार को बामपाली स्थित भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से भोजपुर की सभी सातों विधानसभा सीटों पर जीत के उपलक्ष्य में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रम संसाधन मंत्री सह आरा विधायक संजय सिंह टाइगर, बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, जगदीशपुर विधायक श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, शाहपुर विधायक राकेश ओझा, अगिआंव विधायक महेश पासवान, संदेश विधायक राधा चरण साह उर्फ सेठ जी, और तरारी विधायक विशाल प्रशांत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह की शुरूआत पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों को शॉल ओढ़ाकर और बड़े मालाओं से स्वागत-सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में एनडीए के कई वरिष्ठ नेता, जिला पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने जीत को जनसमर्थन और सरकार की नीतियों में विश्वास का प्रतीक बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विकास काम को तेज करने और क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प दोहराया। साथ ही, कार्यकताओं के योगदान और जनता के समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। पूरा कार्यक्रम उत्साह और उमंग के माहौल में संपन्न हुआ। श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर ने कहा कि यह अभिनंदन एनडीए के कार्यकताओं का है। इनलोगों के प्रयास से अभिनंदन आम आवाम का है। इसलिए की आम आवाम NDA सरकार पर भरोसा किया। अभिनंदन के हकदार भोजपुर समेत प्रदेश की जनता है। आज हमलोग आभार व्यक्त करने आए थे। सरकार का प्रयास है कि विकास के कार्यों को और भी गति दिया जाए।इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो, समस्याओं का समाधान हो और जो जन कल्याणकारी योजना सरकार की चल रही है। वो सभी वर्गों तक पहुंचे इसका प्रयास और तेज होगी। संजय टाइगर ने कहा कि तेजस्वी यादव को जनता ने उनकी उस लायक नहीं छोड़ा है कि मुंह छुपाए घूम रहे है।



# 'भोजपुरी देश-विदेश की भाषा' : सम्राट चौधरी

## कार्यक्रम बोले: आठवीं अनुसूची में होगी शामिल

**अमनौर।** बिहार के अमनौर में आयोजित 28वें अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भोजपुरी विश्व की समृद्ध और व्यापक रूप से बोली जाने वाली भाषाओं में शामिल है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सामूहिक प्रयास से भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराया जाएगा। सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार सरकार भोजपुरी के सम्मान, विस्तार और विकास के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए सरकार पर लोगों के विश्वास का परिणाम है कि 2030 से पहले बिहार में ही बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, ह्लबिहार की धरती पर कोई माफिया नहीं रहेगा। अगर रहेगा तो उसकी जगह सिर्फ जेल होगी।ह्व महिला सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि स्कूल और कॉलेजों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी, ताकि छात्राएँ सुरक्षित माहौल में पढ़ाई कर सकें। स्थानीय विधायक कृष्ण कुमार मंटू द्वारा अमनौर को अनुमंडल बनाने की मांग पर डिप्टी सीएम ने कहा कि वह इस मांग को याद रखेंगे और भविष्य में नए अनुमंडल बनने की प्रक्रिया में इसे शामिल करने पर विचार किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के बाद बंद चीनी मिलों के मुद्दे पर सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार पूरी तरह गंभीर है और बिहार की सभी बंद चीनी मिलों को चालू कराने की दिशा में काम चल रहा है। मढ़ौरा की चीनी मिल के बारे में उन्होंने कहा कि अगले एक साल में प्रक्रिया पूरी कर इसे फिर से शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने कहा कि भोजपुरी भाषा और समाज देश-विदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में विकास की गति जिस प्रकार बढ़ रही है, उसी प्रकार भोजपुरी भाषा को भी आगे बढ़ाया जाएगा। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बिहार सरकार की पहल पर भोजपुरी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के प्रयास तेज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि कई देशों में बोली जाती है, इसलिए इसके उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है। कार्यक्रम में मॉरीशस के पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी सरीता बुद्धु, दिल्ली के भाजपा सांसद और गायक-एक्टर मनोज तिवारी, तरैया विधायक जनक सिंह, बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू, छपरा विधायक छोटी कुमारी, विधान पार्षद प्रो. डॉ. वीरेन्द्र नारायण यादव और भोजपुरी गायिकाएँ कल्पना पटवारी और अक्षरा सिंह ने भी संबोधित किया। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. ब्रज भूषण मिश्र, महामंत्री जय जयकांत सिंह जय, स्वागत सचिव मनोज सिंह और आयोजन समिति के सचिव शिवानुग्रह नारायण सिंह ने मंच पर डिप्टी सीएम समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उद्घाटन समारोह का संचालन जयकांत सिंह जय और एमएलसी संजय मयूख ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद नए सत्र के लिए प्रमुख शिक्षाविद महामाया प्रसाद विनोद को सम्मेलन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उन्होंने कहा कि भोजपुरी भाषा का सम्मान बढ़ाने, इसके उत्थान और आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की दिशा में वह पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे।



# अद्भुत है भगवान जगन्नाथ मंदिर की महिमा



पुरी का भगवान जगन्नाथ मंदिर अपनी भव्यता और आस्था के लिए विश्व प्रसिद्ध है, लेकिन इससे जुड़े कई रहस्य और परंपराएं भी हैं, जो आपको हैरान कर देंगी। इन्हीं में से एक है इस मंदिर का झंडा जो हवा की दिशा के विपरीत लहराता है। आम तौर पर झंडा हवा के साथ उड़ता है, लेकिन यहां ऐसा नहीं होता। यही बात इस मंदिर को रहस्यमयी और अद्भुत बनाती है.

आज तक कोई पता नहीं लगा पाया है कि मंदिर का झंडा हवा के विपरीत दिशा में क्यों लहराता है। स्थानीय लोग इसे भगवान जगन्नाथ की दैवीय शक्ति का संकेत मानते हैं। कहा जाता है कि मंदिर के ऊपर लहराता झंडा नकारात्मक ऊर्जाओं को खत्म करता है और पूरे वातावरण में सकारात्मकता फैलाता है। इस झंडे को हर दिन बदला जाता है, लेकिन यह काम कोई साधारण नहीं है, बल्कि भगवान के प्रति भक्ति और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। हर शाम लगभग सूर्यास्त के समय पुराना झंडा उतारकर नया त्रिकोणीय झंडा लगाया जाता है.

ऐसा भी मान्यता है कि अगर किसी दिन झंडा नहीं बदला गया, तो मंदिर 18 सालों तक बंद हो सकता है। इसलिए चाहे बारिश हो या तूफान, यह परंपरा एक दिन के लिए भी नहीं रुकती। झंडा बदलने का यह कार्य एक विशेष परिवार, जिसे चुनरा सेवक या चोला परिवार कहा जाता है, के हाथों से ही होता है। इस परिवार के लोग लगभग पिछले 800 सालों से यह पवित्र जिम्मेदारी निभा रहे हैं.

सबसे हैरानी की बात यह है कि वे बिना किसी सुरक्षा उपकरण के 214 फुट ऊंचे मंदिर के शिखर पर चढ़ते हैं और वहां झंडा बदलते हैं। कहा जाता है कि आज तक इस परिवार के किसी भी सदस्य को इस काम के दौरान कोई चोट नहीं लगी। यह झंडा केवल एक कपड़ा नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और सुरक्षा का प्रतीक है।

# मनी प्लांट में डालें ये 2 खास चीजें, घर में बरसेगी धन की वर्षा

मनी प्लांट को केवल सजावट का पौधा नहीं, बल्कि सौभाग्य और बरकत का प्रतीक माना जाता है। ज्योतिष और वास्तु शास्त्र में यह मान्यता है कि इस पौधे की सही देखभाल और इसके साथ किए गए कुछ विशेष उपाय आपके रुके हुए धन को वापस ला सकते हैं। रसोई में रखी दो ऐसी सामान्य चीज़ें हैं, जिन्हें मनी प्लांट की मिट्टी में मिलाने से न केवल पौधे की ग्रोथ तेज़ी से होती है, बल्कि यह आपके घर में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित कर बरकत लाने का काम भी करता है। तो आइए जानते हैं, इन दो शक्तिशाली उपायों के बारे में जो आपके भाग्य को बदल सकते हैं।



## दूध

कुछ ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, मनी प्लांट की मिट्टी में दूध मिलाना बहुत शुभ होता है। माना जाता है कि यह उपाय करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में आर्थिक समृद्धि आती है। यह कर्ज से मुक्ति दिलाने में भी सहायक हो सकता है। दूध में कैल्शियम, प्रोटीन और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो पौधे को स्वस्थ और हरा-भरा बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, हालांकि इसे बहुत सीमित मात्रा में और पतला करके ही इस्तेमाल करना चाहिए।

## चीनी

मनी प्लांट की मिट्टी में चीनी डालने को भी धन और सौभाग्य से जोड़ा जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से धन की देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलता है और वित्तीय नुकसान दूर होते हैं। कुछ लोग इसे राहु दोष से मुक्ति पाने के लिए भी उपयोगी मानते हैं। चीनी पौधे के लिए एक तरह से कार्बोहाइड्रेट का स्रोत बन सकती है, जो मिट्टी में सूक्ष्मजीवों की गतिविधि को बढ़ावा दे सकती है।

## मनी प्लांट पर लाल धागा बांधें

घर में स्थायी सुख और समृद्धि बनाए रखने के लिए मनी प्लांट की डालियों पर लाल धागा बांधना चाहिए। इससे पौधे की सकारात्मक ऊर्जा और बढ़ जाती है और घर में धन का स्थिर प्रवाह बना रहता है।

**वास्तु शास्त्र के अनुसार, सूर्य यंत्र (जिसे सूर्य के देवता का प्रतीक माना जाता है) घर में लगाने के लिए विशेष दिशा और स्थान का चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है, ताकि इसके प्रभाव से सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो और घर के सदस्य स्वस्थ, खुशहाल और समृद्ध रहें। सूर्य यंत्र को पूर्व दिशा (या उत्तर-पूर्व दिशा) में स्थापित करना सबसे अच्छा होता है। यह दिशा सूर्य के ऊर्जा के अनुरूप होती है और इससे घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ता है।**



# वास्तु के अनुसार घर में लगाएं सूर्य यंत्र

### सूर्य यंत्र को किस दिशा में लगाना चाहिए:

### पूर्व दिशा:

सूर्य यंत्र को घर में पूर्व दिशा में लगाना सबसे उत्तम माना जाता है। सूर्योदय की दिशा पूर्व होती है और सूर्य यंत्र को इस दिशा में लगाने से घर में उजाला, सकारात्मक ऊर्जा और स्वास्थ्य संबंधी लाभ होते हैं। यदि सूर्य यंत्र को पूर्व दीवार पर स्थापित किया जाए तो इसका प्रभाव अधिक लाभकारी होता है। इससे घर में शांति, समृद्धि और उन्नति का वातावरण बनता है।

### उत्तर-पूर्व दिशा:

उत्तर-पूर्व को ईशान कोण भी कहा जाता है, जो घर में ऊर्जा का प्रमुख केंद्र होता है। सूर्य यंत्र को इस दिशा में लगाने से घर में सकारात्मकता बढ़ती है और जीवन में खुशियां आती हैं। यह दिशा धार्मिक और आध्यात्मिक उन्नति के लिए भी अनुकूल मानी जाती है।

### दक्षिण दिशा से बचें:

सूर्य यंत्र को दक्षिण दिशा में लगाने से बचना चाहिए। दक्षिण दिशा में सूर्य का प्रभाव अत्यधिक हो सकता है और यह घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार कर सकता है, जिससे परिवार में संघर्ष और तनाव बढ़ सकता है।

### पश्चिम दिशा:

पश्चिम दिशा में सूर्य यंत्र लगाना भी ठीक नहीं माना जाता क्योंकि यह दिशा सूर्य के प्रभाव का उल्टा असर कर सकती है, जिससे घर में समस्या और उलझनें बढ़ सकती हैं।

### सूर्य यंत्र की स्थापना के दौरान कुछ खास बातें:

**सूर्य यंत्र को स्वच्छ स्थान पर रखें :** यंत्र को किसी स्वच्छ और धूल-मिट्टी से मुक्त स्थान पर लगाना चाहिए, ताकि यह पूर्ण रूप से अपनी ऊर्जा दे सके।

**सूर्य यंत्र का नियमित पूजन करें :** सूर्य यंत्र को स्थापित करने के बाद नियमित रूप से पूजा करें। इससे सूर्य की कृपा घर पर बनी रहती है।

**सूर्य यंत्र के पास दीपक रखें :** सूर्य यंत्र के पास घी का दीपक रखना अच्छा होता है क्योंकि यह सूर्य के प्रभाव को और अधिक मजबूत करता है और घर में शांति और समृद्धि लाता है।

**सूर्य यंत्र का आकार और रूप :** यंत्र का आकार और रूप सही होना चाहिए। उचित और प्रमाणिक सूर्य यंत्र का प्रयोग ही असरदार होता है।



**वास्तु दोष से मुक्त सुन्दर व अच्छा घर बनाना या उसमें रहना हर व्यक्ति की इच्छा होती है पर थोड़ा सा भी वास्तु दोष आपको काफी कष्ट दे सकता है लेकिन वास्तु दोष निवारण के महंगे उपायों को अपनाने से पहले विघ्नहर्ता गजानन के आगे मस्तक जरूर टेक लें क्योंकि आपके कई वास्तु दोषों का ईलाज गणपति पूजा से ही हो जाता है।**

# वास्तुदोष दूर करने करें गणपति पूजा

वास्तु पुरुष की प्रार्थना पर ब्रह्मजी ने वास्तुशास्त्र के नियमों की रचना की थी। यह मानव कल्याण के लिए बनाया गया था, इसलिए इनकी अनदेखी करने पर घर के सदस्यों को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक हानि भी उठानी पड़ती है।

अत : वास्तु देवता की संतुष्टि के लिए भगवान गणेश जी को पूजना बेहतर लाभ देगा। इनकी आराधना के बिना वास्तुदेवता को संतुष्ट नहीं किया जा सकता। बिना तोड़-फोड़ अगर वास्तु दोष को दूर करना चाहते हैं तो इन्हें आजमाएं।

गणपति जी का वंदन कर वास्तुदोषों को शांत किए जाने में किसी प्रकार का संदेह नहीं होता है। मान्यता यह है कि नियमित गणेश जी की आराधना से वास्तु दोष उत्पन्न होने की संभावना बहुत कम होती है। इससे घर में खुशहाली आती है और तरक्की होती है।

### मुख्य द्वार पर लगाये प्रतिमा

यदि घर के मुख्य द्वार पर एकदंत की प्रतिमा या चित्र लगाया गया हो तो उसके दूसरी तरफ ठीक उसी जगह पर गणेश जी की प्रतिमा इस प्रकार लगाए कि दोनों गणेशजी की पीठ मिली रहे। इस प्रकार से दूसरी प्रतिमा या चित्र लगाने से वास्तु दोषों का शमन होता है। भवन के जिस भाग में वास्तु दोष हो उस स्थान पर घी मिश्रित सिंदूर से स्वास्तिक दीवार पर बनाने से वास्तु दोष का प्रभाव कम होता है।

घर या कार्यस्थल के किसी भी भाग में वक्रतुण्ड की प्रतिमा अथवा चित्र लगाए जा सकते हैं। किंतु प्रतिमा लगाते समय यह ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि किसी भी स्थिति में इनका मुंह दक्षिण दिशा या नैर्ऋत्य कोण में नहीं हो। इसका विपरीत प्रभाव होता है।

घर में बैठे हुए गणेश जी तथा कार्यस्थल पर खड़े गणपति जी का चित्र लगाना चाहिए, किंतु यह ध्यान रखें कि खड़े गणेश जी के दोनों पैर जमीन का स्पर्श करते हुए हों। इससे कार्य में स्थिरता आने की संभावना रहती है।

भवन के ब्रह्म स्थान अर्थात् केंद्र में, ईशान कोण एवं पूर्व दिशा में सुखकर्ता की मूर्ति अथवा चित्र लगाना शुभ रहता है। किंतु टॉयलेट अथवा ऐसे स्थान पर गणेशजी का चित्र नहीं लगाना चाहिए जहां लोगों को थूकने आदि से रोकना हो। यह गणेशजी के चित्र का अपमान होगा। सुख, शांति, समृद्धि की चाह रखने वालों के लिए घर में सफेद रंग के विनायक की मूर्ति, चित्र लगाना चाहिए।

### सिंदूरी रंग के गणपति की आराधना अनुकूल नहीं

सर्व मंगल की कामना करने वालों के लिए सिंदूरी रंग के गणपति की आराधना अनुकूल रहती है। इससे शीघ्र फल की प्राप्ति होती है। विघ्नहर्ता की मूर्ति अथवा चित्र में उनके बाएं हाथ की ओर सूंड घुमी हुई हो इस बात का ध्यान रखना चाहिए। दाएं हाथ की ओर घुमी हुई सूंड वाले गणेश जी हठी होते हैं तथा उनकी साधना-आराधना कठिन होती है। शास्त्रों में कहा गाया है कि दाएं सूंड वाले गणपति देर से भक्तों पर प्रसन्न होते हैं।मंगल मूर्ति भगवान को मोदक एवं उनका वाहन मूषक अतिप्रिय है। अत : घर में चित्र लगाते समय ध्यान रखें कि चित्र में मोदक या लड्डू और चूहा अवश्य होना चाहिए। इससे घर में बरकत होती है। इस तरह आप भी बिना तोड़-फोड़ के गणपति पूजन के द्वारा से घर के वास्तुदोष को दूर कर सकते हैं।



# पूजा के दौरान धूपबत्ती जलाना शुभ

सनातन धर्म और वास्तु शास्त्र में पूजा के दौरान धूपबत्ती जलाना शुभ माना जाता है जबकि अगरबत्ती नहीं । अगरबत्ती में बांस जलता है जो अशुभ है और स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है। धूपबत्ती ग्रह शांति और सकारात्मक ऊर्जा देती है। आइए जानें हर नियम ताकि पूजा का पूरा फल मिले।

हिंदू शास्त्रों में अगरबत्ती का कोई उल्लेख नहीं है और इसमें बांस जलता है, जो अंतिम संस्कार से जुड़ा है। बांस जलाने से पितृ दोष, वंश वृद्धि में रुकावट और दुर्भाग्य आता है। वैज्ञानिक रूप से बांस का धुआं सांस की बीमारी पैदा करता है। ऐसे में पूजा में अगरबत्ती ना जलाएं।

ज्योतिष में बांस जलाने से पितृ दोष उत्पन्न होता है और पूर्वजों की आत्मा अशांत रहती है। शव यात्रा व कपाल क्रिया में बांस का उपयोग होता है, इसलिए पूजा में इसे जलाना वर्जित है। इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और संतान सुख प्रभावित होता है।

धूपबत्ती चंदन, लकड़ी छाल और जड़ी-बूटियों से बनती है, जो ग्रहों को शांत करती है। रोज धूप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा, वास्तु दोष दूर होता है और देव कृपा मिलती है। धूप की सुगंध मन शांत करती है और पूजा का फल कई गुना बढ़ जाता है।

धूपबत्ती में उपयोगी सामग्री अलग-अलग ग्रहों से जुड़ी होती है। चंदन शुक्र ग्रह को, गूगल राहु ग्रह को और लोबान सूर्य को शांत करता है। धूप जलाने से कुंडली के दोष कम होते हैं और जीवन में स्थिरता आती है। शाम को धूप जरूर जलाएं।

धूपबत्ती का धुआं कीटाणुनाशक है और घर की हवा शुद्ध करता है, जबकि अगरबत्ती का धुआं हानिकारक है।



# विराट कोहली ने रचा इतिहास: एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने



**रांची (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एक बार फिर दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को रांची में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले ODI में अपना 52वां एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ दिया। यह शतक पुरुषों के क्रिकेट में 7000वां अंतर्राष्ट्रीय शतक भी है।

भारत ने सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (51 गेंदों पर 57 रन) को एक शानदार अर्धशतक के बाद खो दिया था। रोहित-कोहली की जोड़ी ने 109 गेंदों पर 136 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिसने भारत के लिए मजबूत आधार तैयार किया। रोहित ने अपनी पारी में तीन छक्के भी लगाए।

रोहित के आउट होने के बाद, भारत की पारी थोड़ी लड़खड़ाई, जब रुतुराज गायकवाड़ और वाशिंगटन सुंदर सस्ते में आउट हो गए। रन रेट धीमा हुआ और साउथ अफ्रीका ने वापसी की कोशिश की।

हालांकि, कोहली अडिग रहे। उन्होंने चुपचाप शुरुआत की, लेकिन फिर जरूरत पड़ने पर गियर बदला और एक-एक ईंट से अपनी पारी को बनाया। यह शतक 38वें ओवर में आया, जब उन्होंने ऑलराउंडर मार्को जेनसन की गेंद को बेहतरीन तरीके से थर्ड मैन के ऊपर से गाइड किया।

गेंद बाउंड्री के पार चली गई और कोहली ने हवा में मुक्का मारते हुए ज़ोरदार जश्न मनाया। दूसरे छोर पर, केएल राहुल ने शांत रहकर स्ट्राइक रोटेट की और कोहली को चार्ज लेने दिया। ओवर बाकी रहने और बैटिंग लाइनअप में गहराई होने के साथ, भारत 300 से अधिक रन बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा है।

## रोहित और विराट सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारतीय जोड़ी बनी, तेंदुलकर और द्रविड़ को पीछे छोड़ा



रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में उतरने ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। अब विराट और रोहित की जोड़ी भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक मैच खेलने वाली जोड़ी बन गयी है। इससे पहले ये रिकार्ड सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी के नाम था। अब रोहित और विराट ने एक साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 392 मैच खेले हैं। यह संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा खेले गए मैच हैं। वहीं सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी ने 391 मैच खेले हैं। वहीं सबसे अधिक मैच खेलने वाली तीसरी जोड़ी राहुल द्रविड़ और गांगुली की है। इस जोड़ी ने 369 मैच खेले हैं। इस मैच से भारतीय प्रशंसकों को रोहित और विराट की जोड़ी को लंबे समय बाद एक साथ घरेलू मैदान पर खेलते हुए देखने का अवसर मिला है। रोहित और विराटने भारत के लिए एक साथ अपना पहला मैच 18 अगस्त 2008 को खेला था। तब से लेकर इन दोनों ने जमकर रन बनाते हुए एक साथ मिलकर टीम इंडिया को कई मैच जिताए। येसीरीज इन दोनो का ही भविष्य तय करेगी।, टेस्ट और टी20 से रोहित–कोहली के संन्यास लेने से टीम प्रबंधन उन्हें अगले विश्व कप के लिए दावेदार नहीं मान रहा था, मगर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इन दोनो ने ही जमकर रन बनाकर अपनी दांवेदारी पेश की थी। अब देखना है कि दक्षिण अफीका के खिलाफ ये कितने सफल रहते हैं।

# रोहित शर्मा वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले क्रिकेटर बने, दिग्गज पाकिस्तानी खिलाड़ी को पीछे छोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क -टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। रोहित अब वनडे क्रिकेट में 352 छक्कों के साथ इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। रोहित को इस मैच से पहले ये रिकॉर्ड बनाने के लिए 3 छक्कों की जरूरत थी। रोहित ने इस मामले में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी (351) को पीछे छोड़ दिया है जो इससे पहले वनडे इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के (351) मारने वाले खिलाड़ी थे।

रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। रोहित ने अपनी पारी के दौरान 51 गेंदों में 57 रन बनाए जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

**ODI में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप 5 खिलाड़ी**

रोहित शर्मा - 352
शाहिद अफरीदी - 351
क्रिस गेल - 331
सनथ जयसूर्या - 270
महेंद्र सिंह धोनी - 229

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : अभिषेक ने 12 गेंदों मे ही लगाया अर्धशतक



**–सबसे तेज पचास रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पंजाब की ओर से खेलते हुए बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 12 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। अधिषेक ने 425.00 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। इस युवा बल्लेबाज ने हैदराबाद में बंगाल के खिलाफ एलीट ग्रुप सी के मुकाबले में 12 गेंद में 5 चौके और 5 छक्के लगाकर सबको हैरान कर दिया।

पंजाब कप्तानी करते हुए अभिषेक ने बंगाल के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। पहले दो मैचों में वह रन नहीं बना पाये थे पर इस मैच में उन्होंने कोई गलती नहीं की। इस मैच में उन्होंने मोहम्मद शमी की गेंदों पर भी जमकर शॉट लगाये। अभिषेक का 12 गेंदों में लगाया अर्धशतक पुरुष टी20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से तीसरा व किसी भारतीय द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक ने शमी और आकाश दीप की गेंदों को जमकर पीटा। उन्होंने साक्षम चौधरी और वृत्तिक चटर्जी के खिलाफ भी तेजी से रन बनाये।

टी20 में सबसे तेज अर्धशतक नेपाल के दिपेंद्र सिंह ऐरी ने सितंबर 2023 में हांगझो एशियन गेम्स के दौरान मंगोलिया के खिलाफ 10 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। वहीं भारत के अशुतोष शर्मा दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 2023-24 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रेलवे की ओर से खेलते हुए 11 गेंदों में ही पचास रन बना दिये। अब अभिषेक तीसरे नंबर पर आ गये हैं।

# चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर 26 नवंबर से घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से घरेलू टेस्ट हार से अभी भी जूझ रहा है। सेलेक्टर्स के चेयरमैन, जिनकी अक्सर घरेलू सकिर्ट से ज़्यादा इंटरनेशनल गेम को प्राथमिकता देने के लिए आलोचना की जाती है, नेशनल टी20 चैंपियनशिप के ग्रुप डी मैचों की देखरेख कर रहे हैं जो अभी कई शहरों में फैले हुए हैं।

अगरकर की अगुवाई वाला पैनल घरेलू क्रिकेट से दूर रहने, खासकर व्हाइट-बॉल रिटर्न के आधार पर टेस्ट खिलाड़ियों को चुनने और स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों के बजाय ऑलराउंडरों को तरजीह देने के लिए जांच के दायरे में है। साई सुदर्शन और नीतीश रेड्डी के चयन ने ध्यान खींचा है, जबकि सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर को बाहर रखने पर बहस जारी है। हालांकि चयन पांच सदस्यों वाली कमेटी का सामूहिक फैसला है, लेकिन अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों और इंटरनेशनल मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है।

यह साफ नहीं है कि टेस्ट हार के बाद उनका मौजूदा घरेलू कार्यकाल बीसीसीआई के किसी निर्देश से जुड़ा है या नहीं, लेकिन अगरकर को पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में देखा गया है। दूसरे चयनकर्ताओं में, प्रज्ञान ओझा रविवार (30 नवंबर) से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले हैं, जबकि एसएस दास (कोलकाता), आरपी सिंह (लखनऊ) और अजय रात्रा (हैदराबाद) सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी ड्यूटी पर हैं।

टेस्ट सीरीज में हार के बाद रेड-बॉल क्रिकेट को लेकर भी बड़ी चर्चाएं शुरू हो गई हैं जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इस फॉर्मेट से हटने वाले सीनियर खिलाड़ियों से दोबारा सोचने के लिए कहा जा सकता है। इस बात का कोई संकेत नहीं है कि विराट कोहली से संपर्क किया गया है, लेकिन यह विचार फैलने लगा है। किसी भी औपचारिक कदम की कोई निश्चितता नहीं है, हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि हाल ही में रिटायर हुए कम से कम एक खिलाड़ी दोबारा सोचने के लिए तैयार हो सकता है।

कई फ्रेंचाइजी स्काउट्स भी सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी वेन्यू पर पहुंच गए हैं, जिसमें जॉन राइट - भारत के पूर्व कोच और लंबे समय से मुंबई इंडियंस के स्काउट, अहमदाबाद के प्रमुख नामों में से हैं। वरुण एरॉन, पार्थिव पटेल, किरण मोरे और विजय भारद्वाज भी मौजूद हैं। राइट, जो सालों से मुंबई इंडियंस के लिए स्काउट रहे हैं और जिन्हें जसप्रीत बुमराह को खोजने का श्रेय दिया जाता है, 16 दिसंबर को आईपीएल ऑक्शन से पहले एक्शन पर नजर रख रहे हैं। अहमदाबाद ने दूसरे सेंटर्स की तुलना में ज़्यादा ध्यान खींचा है, जहां झारखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, सौराष्ट्र, उत्तराखंड, दिल्ली और त्रिपुरा की टीमें अभी नरेंद्र मोदी स्टेडियम के मैदान में खेल रही हैं।

# भारत अंडर–19 और अफगानिस्तान अंडर–19 के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल रद्द



बेंगलुरु। भारत अंडर–19 और अफगानिस्तान अंडर–19 के बीच एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल मैच खराब मौसम की वजह से रविवार को यहां रद्द हो गया। भारत अंडर–19 टीम 19 ओवर में पांच विकेट पर 79 रन बनाकर जूझ रही थी जब बारिश और खराब रोशनी की वजह से खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। तेज गेंदबाज अब्दुल अजीज ने कप्तान विहान मल्होत्रा ??और वंश आचार्य के विकेट लेकर अफगानिस्तान को शुरुआती सफलताएं दिलाईं जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया। निष्क चौहान (नाबाद 28) और अभिज्ञान कुंडू (27) ने पांचवें विकेट के लिए 51 रन जोड़कर विकेटों के पतझड़ पर विराम लगाया लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और अंतत- मैच रद्द हो गया।

# हरमनप्रीत और युवराज सिंह के नाम के स्टैंड बनाएगी पीसीए



चंडीगढ़। अब पूर्व ऑलरांउडर युवराज सिंह और भारतीय महिला किकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम के स्टैंड मोहाली में मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में बनेंगे। ये घोषणा पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने की है। इसके अलावा, हरमनप्रीत के साथ ही अमनजोर कौर को इनामी राशि भी दी जाएगी। पीसीए के कार्यवाहक सचिव सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, इन खिलाड़ियों को विश्वकप जीतने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही कहा कि हमने उनके नाम पर एक स्टैंड की घोषणा की है। 11 दिसंबर को भारत–दक्षिण अफीका मैच में युवराज और हरमनप्रीत के नाम के स्टैंड का उद्घाटन होगा। यह स्टैंड न्यू मुल्लापुर में नए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बनेगा। यह उनकी उपलब्धि के लिए हमारी ओर से एक छोटी सी भेंट है। सिद्धार्थ के अनुसार इन महिला खिलाड़ियों को देखकर ही युवा लड़कियां भी इस खेल से जुड़ेंगी। उन्होंने कहा, महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिगेज जैसी खिलाड़ियों को देखकर ही युवा सामने आएंगी। साथ ही कहा कि जब युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी, तभी महिला क्रिकेट आगे बढ़ेगा। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम ने महिला विश्व कप 2025 के फाइनल मैच में दक्षिण अफीका को 52 रन से हराकर खिताब जीता था। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफीकी टीम 45.3 ओवरों में महज 246 रन ही बना पायी। वहीं युवराज सिंह ने भारत को टी20 विश्व कप 2007 और एकदिवसीय विश्व कप 2011 का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई।

# हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप : भारत की ओमान पर 17-0 से शानदार जीत, क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के करीब




**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4', 33', 40'), मनमीत सिंह (17', 26', 36') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45') और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43', 50') ने दो-दो गोल किए।अ नमोल एक्का (29') और शारदा नंद तिवारी (55') ने मैच के बाकी दो गोल किए।

अर्शदीप ने चौथे मिनट में गोल किया, लेकिन यह पहले क्वार्टर का एकमात्र गोल साबित हुआ, क्योंकि ओमान ने अपनी किस्मत और आखिरी समय में कुछ अच्छे डिफेंस के दम पर स्कोर 1-0 पर बनाए रखा। लेकिन, दूसरे पीरियड में मनमीत सिंह के दो गोल से भारत ने बढ़त बना ली, जिसके बाद दिलराज सिंह और अनमोल एक्का ने हाफ-टाइम तक भारत को 5-0 से आगे कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में जोरदार वापसी की, जिसमें मेज़बान टीम ने मेहमान टीम पर आठ गोल किए, जिसमें मनमीत और अर्शदीप ने अपनी-अपनी हैट्रिक पूरी कीं।

भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी चार और गोल करके अच्छा प्रदर्शन किया, जब दिलराज सिंह ने 58वें मिनट में अपने हैट्रिक गोल से शानदार स्कोरलाइन को खत्म किया। भारत के पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जबकि शारदा नंद तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। बाकी 11 गोल ओपन प्ले से आए।

इस जीत की वजह से, भारत अभी चल रहे जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के ग्रुप बी में बेहतर गोल डिफरेंस के आधार पर टॉप पर है। इस नतीजे का यह भी मतलब है कि अगर भारत मंगलवार को अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में स्विट्जरलैंड से हार से बचता है, तो वह पूल विनर के तौर पर सीधे मेन्स हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के क्वार्टर-फाइनल में पहुंच जाएगा। अगर भारत स्विट्जरलैंड से हार जाता है जिसने भी दो मैचों में दो जीत हासिल की हैं, तो उसे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए छह रनर-अप टीमों में टॉप दो टीमों में शामिल होना होगा।

# इमोशनल कोच होना हमेशा फायदेमंद नहीं, गौतम गंभीर पर डिविलियर्स का बड़ा बयान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 की शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम और मुख्य कोच गौतम गंभीर लगातार आलोचना के केंद्र में हैं। सोशल मीडिया से लेकर क्रिकेट विश्लेषकों तक, गंभीर पर भारत के टेस्ट क्रिकेट को गलत दिशा में ले जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। उन पर लगातार प्रयोग करने, बैटिंग ऑर्डर में अनिश्चित बदलाव, स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों को नज़रअंदाज़ करने और ऑलराउंडरों को लेकर अतिशय लगाव दिखाने की बातें तेजी से सामने आ रही हैं। हालांकि गंभीर साफ कह चुके हैं कि टीम ट्रांजिशन के दौर में है और बदलाव का ये ही सही समय होता है, चाहे उसे लेकर कितनी भी आलोचना क्यों न झेलनी पड़े। इसी बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने एक दिलचस्प और महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल से बातचीत में डिविलियर्स ने कहा कि टीम का कोच बहुत ज्यादा इमोशनल हो, तो यह हमेशा सकारात्मक साबित नहीं होता। उन्होंने कहा, 'मैं गौतम गंभीर को एक बेहद भावुक खिलाड़ी के रूप में जानता आया हूं। अगर ड्रेसिंग रूम में भी वही भावुकता हावी रहती है, तो आमतौर पर इमोशनल कोच का होना अच्छी बात नहीं माना जाता।'

डिविलियर्स और गंभीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साथ लंबा वक्त बिताया है और कई बार एक-दूसरे के खिलाफ बड़े मुकाबले खेले हैं। आईपीएल में भी दोनों कई साल प्रतिद्वंद्वी रहे। इन्हीं अनुभवों की वजह से डिविलियर्स गंभीर की कोचिंग स्टाइल को समझने की कोशिश करते दिखाई दिए। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भावुक खिलाड़ी होना जरूरी नहीं कि वही शख्स भावुक कोच भी हो। डिविलियर्स ने कहा, 'हर खिलाड़ी की जरूरत अलग होती है। कुछ लोग ऐसे कोच के साथ ज्यादा सहज महसूस करते हैं जो खुद महान खिलाड़ी रहा हो, जबकि कुछ ऐसे कोच के साथ बेहतर खेलते हैं जिनके पास वर्षों का कोचिंग अनुभव हो, भले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न खेला हो।' उन्होंने बताया कि उन्हें गैरी कर्स्टन जैसे शांत और संतुलित कोच के तहत खेलना बेहद पसंद था, और यह उनके प्रदर्शन के लिए फायदेमंद साबित हुआ। भारत में टेस्ट सीरीज की हार के बाद अगले साल गंभीर के लिए बड़ा इम्तिहान होगा और टीम के प्रदर्शन से ही तय होगा कि उनका प्रयोगात्मक दृष्टिकोण सही दिशा में है या नहीं। आलोचनाओं के बावजूद डिविलियर्स ने संकेत दिया कि नए बदलावों को समय दिया जाना चाहिए, क्योंकि हर टीम कभी न कभी बदलाव के दौर से गुजरती है।

# MLS CUP: मेस्सी की इंटर मियामी टीम ने न्यूयॉर्क सिटी FC को 5–1 से हराकर फाइनल में एंट्री की



फोर्ट लाउडरडेल। लियोनेल मेस्सी की टीम इंटर मियामी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क सिटी क्लब को 5–1 से हराकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस खिताब जीत लिया और इसके साथ ही एमएलएस कप फाइनल में जगह पक्की कर ली। इस जीत के बाद मेस्सी का एक और बड़े खिताब के लिए खेलना लगभग तय हो गया है। इंटर मियामी की जीत के हीरो रहे मेस्सी के अर्जेंटीनी साथी तादेओ अलेंदे, जिन्होंने बेहतरीन हैट्रिक जमाई। वहीं, जॉर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स ने भी एक–एक गोल दागा। मेस्सी के लिए यह मैच व्यक्तिगत रूप से खास नहीं रहा, लेकिन उन्होंने शुरुआती दो गोल में महत्वपूर्ण असिस्ट दिए। यह क्लब और देश के लिए मिलाकर मेस्सी के करियर का 405वां असिस्ट था, जो फुटबॉल इतिहास में सर्वाधिक माने जाते हैं। इंटर मियामी अब एमएलएस कप फाइनल में वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस के विजेता—सैन डिएगो या वैंकूवर की मेजबानी आगामी शनिवार को करेगी।

# डब्ल्यूबीबीएल 2025 : पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंची मेलबर्न स्टार्स

मेलबर्न। विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 के 28वें मुकाबले में शनिवार को मेलबर्न स्टार्स ने जंक्शन ओवल में खेले गए मैच में मेलबर्न रेनेगेड्स पर 45 रन की शानदार जीत दर्ज की। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ मेलबर्न स्टार्स ने प्वाइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया है। स्टार्स ने अब तक खेले गए 7 मुकाबलों में से 5 में जीत दर्ज की है, जबकि एक मैच में हार का सामना करना पड़ा और एक मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। दूसरी ओर मेलबर्न रेनेगेड्स ने अब तक 8 मैच खेले हैं, जिसमें से टीम ने 4 में जीत हासिल की है और 4 में उसे हार झेलनी पड़ी है। अंक तालिका में रेनेगेड्स वर्तमान में तीसरे स्थान पर है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेलबर्न स्टार्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने महज 14 रन पर रिस मैककेना का विकेट गंवा दिया, जो सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हुईं। शुरुआती झटके के बाद मेग लैनिंग और एमी जोन्स ने मिलकर टीम को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 51 गेंदों में 62 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। एमी जोन्स ने 33 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 43 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके बाद कप्तान एनाबेल सदरलैंड ने लैनिंग का साथ देते हुए तीसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 70 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सदरलैंड ने 16 गेंदों में 27 रन का योगदान दिया, जबकि मेग लैनिंग अंत तक नाबाद रहीं और 58 गेंदों में 1 छक्का और 7 चौकों की मदद से शानदार 73 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में मेलबर्न स्टार्स ने 5 विकेट पर 160 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। रेनेगेड्स की ओर से मिली इलिंगवर्थ ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए, जबकि जॉर्जिया वेयरहैम ने 2 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेलबर्न रेनेगेड्स की टीम कभी भी लय में दिखाई नहीं दी और 16.3 ओवरों में 115 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए डिएंड्रा डॉटिन और निकोल फाल्टम ने सर्वाधिक 23–23 रन बनाए, जबकि इसी वोंग ने 20 रन का योगदान दिया। मेलबर्न स्टार्स के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें मैसी गिब्सन ने 3 विकेट चटकाए और किम गार्थ ने 2 सफलताएं हासिल कीं।

# रसेल अब आईपीएल में नहीं खेलेंगे, सहयोगी स्टाफ के तौर पर उतरेंगे



**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अब आईपीएल में खेलते हुए नहीं दिखेंगे। इसका कारण है कि रसेल ने आईपीएल से संन्यास ले लिय है।

रसेल के इस फैसल से उनकी टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के प्रशंसक हैरान हैं। रसेल अचानक ही संन्यास ले लेंगे। इसका अंदेशा उन्हें नहीं था। वह अभी विश्वभर की टी20 लीग्स में अपने प्रदर्शन से छाये हुए हैं। इस कारण आईपीएल में भी उनकी अच्छी मांग हैं। रसेल ने यह फैसला केकेआर द्वारा उन्हें आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले ही रिलीज करने के बाद लिया। रसेल ने आईपीएल को अलविदा कह दिया है पर कहा है कि वह सहयोगी स्टाफ के तौर पर उतरेंगे।

रसेल ने कहा कि वह केकेआर के साथ बने रहेंगे। वह आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के सहयोगी स्टाफ के रूप में टीम के साथ बने रहेंगे।

रसेल ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, 'ढ्ढक्कसे संन्यास ले रहा हूं। साथ ही कहा कि इसमें शानदार सफर रहा है। सीज़न की यादें, और केकेआर परिवार से काफी प्यार मिला। मैं दुनिया भर की हर दूसरी लीग में छक्के मारता रहूंगा और विकेट लेता रहूंगा। और सबसे अच्छी बात? मैं घर नहीं छोड़ रहा हूं। इस बार मैं नई भूमिका में नजर आउंगा।।'

रसेल ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत केकेआर नहीं बल्कि दिल्ली कैपिटल्स के साथ 2012 में की थी। दो सत्र दिल्ली से खेलने के बाद वह 2014 में केकेआर के साथ जुड़े और अपने पहले ही सीजन में उन्होंने टीम को विजेता बनाया। साल 2014 के बाद 2025 तक वह लगातार 12 साल कोलकाता की टीम का हिस्सा रहे। रसेल ने आईपीएल में कुल 140 मैच खेले जिसमें उन्होंने 2651 रन बनाने के साथ-साथ 123 विकेट लिए। ऐसे में एक खिलाड़ी के तौर पर लीग में उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है।

## अंधी रफ्तार से दौड़ रही बीएमडब्ल्यू ने फुटपाथ पर सो रहे 3 लोगों को कुचल डाला

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमीरों के लिए गरीब आदमी कीड़े मकोड़े की तरह होता है साहबज्जब मर्जी कोई रहीस आदमी अपनी करोड़ों की कार से आता है और फुटपाथ पर सो रहे गरीबों कों रौंदता चला जाता है। ये शब्द उन चश्मदीदों के हैं जिन्होंने बीती रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में बीती रात तेज रफ्तार का कहर देखा है। एंबियंस मॉल के सामने एक बीएमडब्ल्यू कार ने फुटपाथ पर सो रहे तीन लोगों को कुचल दिया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार चालक को मौके से ही हिरासत में ले लिया है। जानकारी के अनुसार यह हादसा देर रात करीब 2 बजे वसंत कुंज इलाके में हुआ। घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने बताया कि कार बेहद तेज रफ्तार से आ रही थी। कार चला रहे शख्स ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सीधे फुटपाथ पर चढ़ा दी। कार की चपेट में आने से फुटपाथ पर सो रहे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बीएमडब्ल्यू कार के चालक को तुरंत मौके पर ही हिरासत में ले लिया। उससे आगे की पूछताछ जारी है। पुलिस के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार हिमाचल प्रदेश नंबर पर पंजीकृत है। सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस अब मामले की गहनता से जांच कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसा किस गति से हुआ और क्या चालक शराब या किसी अन्य नशे के प्रभाव में था।

## अचानक दो हिस्सों में बंट गई ट्रेन, झटका लगते ही यात्रियों में मची हलचल

### -बिहार में कारीसाथ स्टेशन के पास कपलिंग टूटी, बड़ा हादसा होने से बचा

आरा (एजेंसी)। पटना-आरा-डीडीयू रेल खंड पर शनिवार शाम रेल दुर्घटना होने से बाल-बाल बची, जब दानापुर से बेंगलुरु जा रही बेंगलुरु सिटी स्पेशल ट्रेन अचानक दो हिस्सों में बंट गई। घटना कारीसाथ रेलवे स्टेशन के पास हुई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। तेज रफ्तार दौड़ रही ट्रेन के दो हिस्सों में बंटते ही यात्री दहशत में आ गए। इंजन और आगे के कुछ डिब्बे काफी दूर निकल गए, जबकि पीछे का बड़ा हिस्सा ट्रैक पर ही रुक गया। मीडिया रिपोर्ट में रेल सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ट्रेन आरा स्टेशन से खुलकर बक्सर की ओर तेज रफ्तार में बढ़ रही थी। इसी दौरान कारीसाथ स्टेशन के पास ट्रेन की कपलिंग अचानक टूट गई। कपलिंग टूटने के साथ ही एक झटके में ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इंजन का हिस्सा आगे की और करीब 500 मीटर तक चला गया। हालांकि झटका लगने से तुरंत लोको पायलट को कुछ असहज लगा और उन्होंने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। घटना के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और तकनीकी टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। अपलाइन पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी गई, जिसके कारण पटना—डीडीयू रूट पर कई ट्रेनें प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने कपलिंग टूटने की वजह की जांच शुरू कर दी और बचाव एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया गया। काफी प्रयास के बाद इंजन को पीछे लाकर दूसरे हिस्से से जोड़ा गया। रेलवे सूत्रों का कहना है कि समय रहते ट्रेन रुक जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। यदि ट्रेन और तेज गति में होती तो घटना गंभीर रूप ले सकती थी। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अप लाइन पर परिचालन बहाल कर दिया गया। इस घटना ने रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था और तकनीकी जांचों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## सीआईएसएफ जवान ने नाबालिग की गोली मारकर की हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली(एजेंसी)। दिल्ली में एक सीआईएसएफ के हेड कांस्टेबल ने नाबालिग लड़के की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसके पास से पिस्टल भी बरामद की है। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया कि 29 नवंबर को एक शख्स से जानकारी मिली कि कम्युनिटी सेंटर डीडीए मार्केट, एमएस पार्क के पास एक बच्चे को गोली मार दी गई है। जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। क्राइम टीम को बुलाया गया। जांच में पता चला कि मृतक 17 साल का नाबालिग है, जो न्यू मॉडर्न शाहदरा का रहने वाला था। नाबालिग लड़के को कम्युनिटी सेंटर के सामने हो रही शादी के दौरान गोली लगी थी। इस मामले में आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है, जो सीआईएसएफ में हेड कांस्टेबल है और अभी कानपुर में तैनात है। उसके पास से एक पिस्टल भी बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा लगता है कि लड़के और आरोपी के बीच कहासुनी हुई थी, जिसके बाद आरोपी ने उसे गोली मार दी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## कट्टरपंथियों की खतरनाक साजिश को बेनकाब करेंगी 12 पीड़ित युवतियां

### -दिल्ली में लव जिहाद की शिकार लड़कियां डिटेल में बयां करेंगी अपनी कहानियां

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत समेत कई देश कट्टरपंथ की साजिश का शिकार हैं। डेमोग्राफिक्स को बदलने की साजिशें रची जा रही है। चिंता की बात यह है कि इस मामले में डॉक्टर और इंजीनियर जैसे बहुत पढ़े-लिखे लोग भी इस साजिश में शामिल हैं। इसका उदाहरण लाल किले के पास हुआ आतंकवादी हमला है। इन सबको देखते हुए देश में पहली बार ऐसा इवेंट हो रहा है जैसा पहले कभी नहीं हुआ। आज कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में लव जिहाद की शिकार लड़कियां अपनी कहानियां डिटेल में बताएंगी और इसके तरीकों का खुलासा करेंगी। इस खास इवेंट में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता और विश्व हिंदू परिषद के स्टेट प्रेसिडेंट कपिल खन्ना खास तौर पर शामिल होंगे। उनके साथ लव जिहाद की शिकार लड़कियों को बचाने वाले लोग भी होंगे। विहिप दिल्ली के मंत्री सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि 12 लड़कियां, खासकर केरल की, जो लव जिहाद की शिकार हुई हैं, अपनी कहानियां बताएंगी, ताकि हर कोई इस साजिश के बारे में जान सके और समय रहते अपनी बेटियों को बचा सके। दिल्ली एनसीआर की चार और पीड़ित भी इस इवेंट में मौजूद रहेंगी। केरल भारत में लव जिहाद का सेंटर है, जहां हजारों लड़कियों को बहला-फुसलाकर इस्लाम कबूल करवाया गया है और फिर उन्हें इस्लामिक देशों में ट्रैफिकिंग के लिए भेज दिया गया।

# चारपाई की तरह कड़ा और लचीला, यही संतुलन लोकतंत्र और न्यायपालिका की असली शक्ति

### -सीजेआई सूर्यकांत ने की न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक ढांचे की स्वदेशी व्याख्या

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई सूर्यकांत ने न्यायिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक ढांचे की स्वदेशी व्याख्या की है। उन्होंने लोकतंत्र की तुलना एक पारंपरिक चारपाई से की, जहां मजबूत लकड़ी का फ्रेम, टिकाऊ पायों और लचीली लेकिन मजबूत रस्सियों के सहारे एक ऐसा ढांचा तैयार करता है जो कड़ा भी है और लचीला भी। सीजेआई के मुताबिक यही संतुलन भारतीय लोकतंत्र और न्यायपालिका की असली शक्ति है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीजेआई सूर्यकांत हरियाणा में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में एक अनोखा सत्र आयोजित किया गया था, जिसमें सीजेआई सूर्यकांत की अगुवाई में सुप्रीम कोर्ट के 13 जज केशवानंद भारती केस की ऐतिहासिक बहस का री-एनैक्टमेंट करने के लिए एक साथ मंच पर आए थे। इस सत्र में उस बहस को पुनर्जीवित किया गया जिसने भारतीय संविधान में 'बेसिक स्ट्रक्चर' का सिद्धांत स्थापित किया था।



सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि केशवानंद केस में भारत संवैधानिक जीवन के सिर्फ 23वें वर्ष में था। एक ऐसा राष्ट्र जो अपने संस्थानों को परिभाषित कर रहा था, आदर्शवाद और शक्ति के बीच संतुलन साधना सीख रहा था। उन्होंने कहा कि असल सवाल एक सभ्यतागत प्रश्न था- क्या संसद का बड़ा बहुमत संविधान के नैतिक डीएनए को फिर से लिख सकता है?

सीजेआई ने अमेरिका और ब्रिटेन में भी समय-समय पर एक्जीक्यूटिव द्वारा न्यायिक स्वतंत्रता की सीमाएं परखने की बहस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि केशवानंद केस की 13 जजों की बेंच ने संवैधानिक परिपक्वता और नैतिकता दोनों का रास्ता चुना। उन्होंने संविधान को सुविधा के हिसाब से मोड़ने से इनकार कर दिया। इसी एक संयम ने दिखाया कि लोकतंत्र को बुद्धिमान बनने के लिए बूढ़ा होने की जरूरत नहीं होती।

सुप्रीम कोर्ट की एकमात्र महिला जस्टिस बी वी नागरत्ना ने कहा कि केशवानंद फैसला न्यायपालिका की स्वतंत्रता के दो केंद्रीय पहलुओं को उजागर करता है। पहला- निर्णय लेने में स्वतंत्रता और दूसरा- संस्थागत स्वतंत्रता। जस्टिस नागरत्ना ने यह भी कहा कि न्यायाधीशों का आचरण बेंच पर भी और बेंच से बाहर भी न्यायपालिका की छवि को तय करता है। उनका कहना था कि जज का आचरण सिर्फ कानूनसम्मत नहीं, बल्कि उससे ऊपर होना चाहिए। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि देश की आर्थिक मजबूती तभी सुनिश्चित होती है जब सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक न्याय तीनों मिलकर एक त्रिमूर्ति की तरह संतुलित हों।

## महिला विधायक पल्लवी पटेल ने कहा- एसआईआर फॉर्म मैं नहीं भरुंगी, बताई वजह

गोंडा (एजेंसी)। बिहार के बाद अब उत्तर प्रदेश समेत देश के 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य जारी है। इसी बीच अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और सिराथू विधानसभा सीट से विधायक पल्लवी पटेल ने एसआईआर का विरोध किया है।



विधायक पल्लवी ने स्पष्ट कहा, कि एसआईआर फॉर्म मैं नहीं भरुंगी। ऐसा नहीं करने की उन्होंने वजह भी बताई। महिला विधायक पल्लवी ने गोंडा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए, कि एसआईआर फार्म नहीं भरूंगी और मैं इस प्रक्रिया का विरोध करती हूं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा, मुझे एसआईआर फार्म क्यों भरना चाहिये? मेरे पास वो सारे दस्तावेज मौजूद हैं, जो बतलाते हैं कि मैं भारत की नागरिक हूं। ऐसे में एसआईआर फार्म मुझे क्यों भरना चाहिए? अभी तक सभी चुनव प्रक्रिया में मैं वोट डालती चली आ रही हूं, तो अब एसआईआर का फार्म क्यों भरुं? इसी के साथ ही सिराथू विधायक पल्लवी ने मतदाताओं से अपील की, यदि आपको एसआईआर समझ आए तो भरिये, नहीं आए तो मत भरिये। उन्होंने दावा किया, कि जिस तरह से महिला आरक्षण कागजों में रह गया है, वैसे ही एसआईआर भी जमीन पर नहीं उतरने वाला है। इसी के साथ उन्होंने एसआईआर को सरकार का जुमला बताया और कहा कि इसके जरिए सत्तारुढ़ पार्टी लोकतंत्र पर हमला कर रही है। पल्लवी ने कहा कि विपक्ष इसका विरोध इसलिए कर रही है क्योंकि सरकार की नीयत पर शक है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में उन्हें ज्यादा सीट चाहिए वहां एसआईआर कराया जा रहा है। एसआईआर कार्य में लगे बीएलओ पर अनावश्यक प्रेशर बनाया जा रहा, जो अमानवीय कृत्य है।

## एसआईआर प्रक्रिया को लेकर आयोग के रवैये से लोग चिंतित, कुछ तो गड़बड़ है

### -पहले भी हुआ है एसआईआर, सचिन पायलट ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को लेकर आयोग के रवैये से लोगों के मन में चिंता है। पायलट ने आरोप लगाया कि फील्ड स्टाफ पर अनावश्यक दबाव और जल्दबाजी में समयसीमा तय करने से पता चलता है कि प्रक्रिया में कुछ तो गड़बड़ है।

राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर देश में पहले भी कई बार हुआ है। लेकिन कोई चर्चा नहीं होती थी, लोगों के मन में कोई आशंका नहीं रहती थी। पहली बार निर्वाचन आयोग का जो रवैया रहा है। उससे लोगों के मन में चिंता है। पायलट ने आरोप लगाते हुए कहा कि बिहार में लोगों के नाम काटे गए। कई राज्यों में लोग तनाव में हैं, और कुछ तो इस दबाव के कारण आत्महत्या भी कर रहे हैं। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कुछ गड़बड़ हो रही है।

सचिन पायलट ने कहा कि निर्वाचन आयोग को निष्पक्ष संस्था के रूप में काम करना चाहिए क्योंकि मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम निर्वाचन आयोग का है, किसी राजनीतिक दल का नहीं। पायलट ने कहा कि कांग्रेस देश भर में अभियान चला रही है ताकि यह तय किया जा सके कि कोई भी नागरिक अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हो। उन्होंने कहा कि हम यह तय करना चाहते हैं कि गरीब लोग, दलित, आदिवासी और बुजुर्ग जागरुकता की कमी के कारण या किसी के द्वारा उनका नाम हटाने की मंशा के कारण मतदान के अपने संवैधानिक अधिकार से वंचित न हों।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग को निष्पक्षता से काम करना चाहिए और यदि विचारधारा, सरकार और नेता के दबाव में काम करोगे तो यह जनता और कांग्रेस पार्टी को स्वीकार नहीं होगा।

# राहत सामग्री लेकर कोलंबो पहुंचे भारतीय विमान, फंसे हुए भारतीयों को वापस भी लाएंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रीलंका में चक्रवात दित्वाह ने जमकर तबाही मचाई। इसमें करीब 150 लोगों की जान चली गई। कुछ भारतीय भी यहां फंस हुए है। केंद्र की मोदी सरकार ने तत्काल ऑपरेशन सागर बंधु की शुरुआत की और मदद की लिए हाथ बढ़ाया। वायुसेना के मुताबिक दिल्ली के निकट हिंडन एयर बेस से सी-130 और आईएल-76 विमान राहत सामग्री लेकर श्रीलंका के लिए रवाना हुए हैं। इन विमानों में 21 टन राहत सामग्री, 80 से अधिक एनडीआरएफ कर्मी और 8 टन उपकरण हैं। रविवार सुबह को दी गई जानकारी में वायुसेना ने बताया कि राहत सामग्री लेकर निकले इन विमानों ने कोलंबो में लैंड किया है। भारतीय वायुसेना के विमानों के जरिए न केवल राहत सामग्री पहुंचाई जा रही है, बल्कि एनडीआरएफ की रेस्क्यू टीम श्रीलंका में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने की कोशिशों में लगी हुई है। इसके अलावा तमिलनाडु में भी राहत और बचाव की कार्रवाई तेज कर दी गई है।

वायुसेना के अनुसार श्रीलंका में मदद के लिए भेजी गई सामग्री में आवश्यक राशन, दवाइयां, मेडिकल किट, भिष्म क्यूब्स और अन्य आपदा राहत उपकरण शामिल हैं। वहीं, 17 ग्लोबमास्टर ने पुणे से चेन्नई तक एक और एनडीआरएफ टीम तथा भारी उपकरण




पहुंचाए हैं। यह अभियान इसलिए शुरू किया गया है ताकि दक्षिण भारत के तटीय क्षेत्रों में भी राहत प्रयासों को तेज किया जा सके।

30 नवंबर की सुबह हिंडन एयरबेस से एक सी-130 विमान राहत सामग्री लेकर रवाना हुआ। वहीं आईएल-76 विमान पहले ही कोलंबो पहुंच चुका था। यह दल विमान से राहत सामग्री उतारने के साथ-साथ फंसे हुए भारतीय नागरिकों को वापस लाने का काम भी करेगा। अतिरिक्त सहायता के तौर पर एक और सी-17 विमान वडोदरा में एनडीआरएफ टीम और उनके उपकरणों के साथ लोड किया जा रहा है, जिसे चेन्नई भेजा जाएगा। सभी एयरलिफ्ट मिशन लगातार संचालित हैं ताकि श्रीलंका एवं तमिलनाडु दोनों स्थानों पर समयबद्ध सहायता सुनिश्चित की जा सके। यह मानवीय सहायता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारतीय वायुसेना ने स्पष्ट किया है कि वह जीवन बचाने और संकटग्रस्त पड़ोसी देशों को हर संभव समय पर सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऑपरेशन सागर बंधु, भारत व श्रीलंका की मैत्री और क्षेत्रीय सहयोग का संवेदनशील और मानवीय उदाहरण बनकर सामने आया है।

भारतीय वायुसेना के विमान यहां आवश्यक उपकरण एवं राहतकर्मियों को लेकर पहुंचे हैं। भारत ने 'पड़ोसी प्रथम' की भावना को दोहराते हुए आपदा में लोगों को राहत पहुंचाने की पहल की है। भारतीय वायुसेना के विमान व हेलीकॉप्टर बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता पहुंचाने और आपदा राहत अभियान में जुटे हुए हैं। इस पूरे अभियान को ऑपरेशन सागर बंधु नाम दिया गया है। ऑपरेशन सागर बंधु के तहत तत्काल बचाव अभियान को अंजाम देने वाले दल की तैनाती और राहत सामग्री की आपूर्ति की जा रही है। भारतीय वायुसेना ने राहत कार्यों की गति तेज करने के लिए कोलंबो में एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टर तैनात किए हैं। इससे तेजी से प्रभावित क्षेत्रों में सहायता पहुंचाई जा सकेगी। इसी के साथ, बड़े पैमाने पर भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए वायुसेना के सी-17, सी-130 और आईएल-76 परिवहन विमान तैयार रखे गए हैं। वायुसेना की ओर से साझा जानकारी के अनुसार 29 नवंबर की रात सी-130 और आईएल-76 विमान हिंडन एयर बेस से रवाना हुए। इन विमानों में 21 टन राहत सामग्री व 80 से अधिक एनडीआरएफ के कर्मी मौजूद थे। इसके अलावा, बाढ़ व तूफान आदि के कारण जटिल इलाकों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए विशिष्ट उपकरण भेजे गए हैं।

## राजनीति से संन्यास लेकर बोले अवध ओझा: अब जो मन में आएगा, वही बोलूंगा...

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मशहूर मोटिवेशनल स्पीकर और शिक्षक अवध ओझा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मात्र एक पारी खेली और उसके तुरंत बाद राजनीति से संन्यास ले लिया। अब वे फिर से अपनी पुरानी आज़ादी में लौट आए हैं और इसे लेकर बेहद खुश नज़र आ रहे हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में उन्होंने खुलकर बताया कि राजनीतिक दल में रहते हुए उन्हें जो 'बोलने की बंदिश' लगी थी, उससे मुक्ति मिलने का अहसास है कि अब वे बिना किसी दबाव के जो मन में आएगा, वही बोलेंगे।

अवध ओझा ने साफ कहा, भैया मैं राजनीति ही नहीं करूंगा। बहुत दूर रहूंगा, बहुत खुश हूं। पहली बात तो बोलना बंद हो गया था। पार्टी लाइन के बाहर कुछ नहीं बोल सकते। ये नहीं बोल सकते, वो नहीं बोल सकतेज हम बोलेंगे नहीं तो मर जाएंगे। अब मैं इतना अच्छा महसूस कर रहा हूं। अब कोई फोन करके नहीं कहेगा कि ये बोलो, वो मत बोलो। अब तो बस वही बोलेंगे जो दिल कहेगा।

उन्होंने उस वायरल इंटरव्यू का भी ज़िक्रि



किया जिसमें आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बीच में दखल देकर इंटरव्यू रुकवा दिया था। मजबूरन ओझा को कैमरे पर कहना पड़ा था कि पार्टी लाइन वही लोग तय करेंगे, मैं उसी के मुताबिक बोल सकता हूं। उस घटना को याद करते हुए ओझा ने हंसते हुए कहा, अच्छा बताओ वो इंटरव्यू कितना अच्छा चल रहा था। बीच में रोक दिया। भगवान बचाए राजनीति से दादा!

भाजपा में जाने की अटकलों पर भी उन्होंने पूरी तरह विराम लगा दिया। स्पष्ट शब्दों में बोले, 'न' मैं कहीं टिकट नहीं मांगूंगा। राजनीति से पूरी तरह दूर रहूंगा। चुनावी खर्च के सवाल पर मुस्कुराते हुए जवाब दिया, मेरा खुद का एक रुपया नहीं लगा। सारे दोस्तों, मित्रों और शुभचिंतकों ने दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अवध ओझा ने आम आदमी पार्टी जॉइन की थी। पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की खाली हुई पटपड़गंज सीट से उन्होंने चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए। हार के बाद से ही वे पार्टी के किसी कार्यक्रम में नज़र नहीं आए और धीरे-धीरे कोचिंग क्लासेस में वापस लौट गए। पिछले दिनों उन्होंने औपचारिक रूप से राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि महज़ चुनाव लड़ने की उत्कंठा और जिज्ञासा की वजह से वे राजनीति में आए थे, लेकिन एक बार मैदान में उतरने के बाद अहसास हुआ कि यह उनका क्षेत्र नहीं है।अब अवध ओझा फिर से अपनी कोचिंग और मोटिवेशनल स्पीच में पूरी तरह व्यस्त हो चुके हैं। उनके प्रशंसक भी उनकी इस वापसी से खुश हैं, क्योंकि एक बार फिर वही बेबाक, बिंदास और बिना किसी लाइन के बोलने वाला अवध ओझा लौट आया है।

## आज के भारतीय तो अपनी मातृभाषा के शब्द भी नहीं जानते: मोहन भागवत

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने मातृभाषाओं के उपयोग को लेकर गंभीर चिंता जताई है। नागपुर में एक पुस्तक विमोचन के अवसर पर बोलते हुए भागवत ने कहा, कि आज बहुत से भारतीय अपनी मातृभाषा के शब्द भी नहीं जानते हैं और अंग्रेजी के मिश्रण से संवाद करते हैं। उनका कहना है कि इस प्रकार हमारी भाषायी विरासत का क्षय हो रहा है।

यहां भागवत ने कहा, एक समय था जब रोजमर्रा की भाषा में संस्कृत का प्रयोग आम था। अब हाल यह है कि अमेरिका के प्रोफेसर हमें संस्कृत पढ़ाते हैं। उन्होंने मातृभाषा के अभ्यास और ज्ञान पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को अपनी भाषा की समझ होनी चाहिए। भागवत ने उदाहरण देते हुए कहा कि संत ज्ञानेश्वर ने भगवद्गीता को मराठी में प्रचारित किया, जिससे भाषा और



संस्कृति की गहराई समझ में आती है। आरएसएस प्रमुख ने अंग्रेजी शब्दों की सीमा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी भावनाओं और सांस्कृतिक अर्थों की गहराई को पकड़ नहीं पाती। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कल्पवृक्ष के लिए अंग्रेजी में कई शब्द हैं, लेकिन कोई भी इसका वास्तविक अर्थ नहीं बता सकता। उनका कहना है कि विदेशी भाषाएं हमारी संस्कृति की पूर्ण गहराई तक नहीं पहुंच सकतीं। इसी के साथ भागवत ने मातृभाषाओं को सीखने और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन विविधता में एकता की भावना को महत्व देता है, और इसी आधार पर भाषायी चेतना को बढ़ावा देना जरूरी है।

## चुनाव आयोग और टीएमसी में टकराव: पश्चिम बंगाल में सियासी जंग का जरिया बना एसआईआर

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान अब पूरी तरह राजनीतिक जंग का मैदान बन चुका है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर खुलेआम हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि एसआईआर के नाम पर राज्य में लाखों वैध मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं, खासकर सीमावर्ती इलाकों में बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने की आड़ में अल्पसंख्यक और गरीब वोटरों को निशाना बनाया जा रहा है।

टीएमसी का सबसे गंभीर आरोप यह है कि एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक राज्य में 40 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें कई बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भी शामिल हैं। पार्टी ने शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश




कुमार से मुलाकात कर पांच सवाल पूछे, लेकिन एक का भी जवाब नहीं मिलने का दावा किया। राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने कहा, हम एसआईआर का विरोध नहीं कर रहे, बल्कि इसके अमानवीय और अव्यवस्थित तरीके का विरोध कर रहे हैं। चुनाव आयोग के हाथ खून से रंगे हैं।

वहीं, चुनाव आयोग ने टीएमसी के सभी आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ कहा कि बीएलओ पर दबाव काम का नहीं, बल्कि स्थानीय टीएमसी कार्यकर्ताओं की धमकियों और दबाव का नतीजा है। आयोग का दावा है कि तृणमूल नहीं चाहती कि मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट या अवैध (खासकर बांग्लादेशी) मतदाताओं के नाम हटाए जाएं, क्योंकि ये उनके वोट बैंक का हिस्सा हैं। आयोग ने पश्चिम बंगाल के डीजीपी और कोलकाता पुलिस कमिश्नर को तुरंत पत्र लिखकर सभी बीएलओ की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया है। हाल ही में सीईओ कार्यालय में सुरक्षा चूक की घटना के बाद आयोग ने कार्यालय को अधिक सुरक्षित जगह पर शिफ्ट करने और मौजूदा भवन की सुरक्षा बढ़ाने को कहा है।

टकराव को और गहरा करने के लिए चुनाव आयोग ने बड़ा कदम उठाया है। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुब्रत गुप्ता (1990 बैच, पश्चिम बंगाल कैडर) को 'स्पेशल रोल ऑब्ज़र्वर' नियुक्त किया गया है। इसके अलावा 12 अन्य आईएएस अधिकारियों को 'इलेक्टोरल रोल ऑब्ज़र्वर' बनाया गया है। ये अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रहे और कोई अपात्र (विदेशी) व्यक्ति सूची में शामिल न हो।

चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि स्लम, ऊंची इमारतों और कॉलोनियों में भी मतदान केंद्र बनाए जाएं, जैसा पूरे देश में होता है। टीएमसी की आपत्तियों को दरकिनार करते हुए आयोग ने चेतावनी दी है कि निर्देशों का पालन न करने पर कठोर कार्रवाई होगी। सीमावर्ती जिलों से लगातार वीडियो और तसवीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें लोग कथित तौर पर भारत-बांग्लादेश सीमा पार करते दिख रहे हैं। टीएमसी इसे ÷वोट काटने की साजिश÷ बता रही है, जबकि ईसी का कहना है कि यह घुसपैठिए वापस अपने देश जा रहे हैं, क्योंकि अब उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं रहेगा। फिलहाल दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह अड़े हुए हैं। एक तरफ ममता बनर्जी और टीएमसी सड़क से संसद तक आंदोलन की धमकी दे रहे हैं, तो दूसरी तरफ चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 326 का हवाला देकर साफ कर रहा है - वोट का अधिकार सिर्फ भारतीय नागरिक को है, किसी विदेशी को नहीं। आने वाले दिनों में यह टकराव और भयंकर रूप ले सकता है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902